
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 78
लखनऊ, मंगलवार 18 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- र 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



देश के चहुंमुखी विकास की यात्रा आगे भी रहेगी जारी : योगी 03

मरौली खंड-5 : खनिज का मिला साथ, गुप्त ने महकमे की लगाई वाट 12

# हादसे में 42 भारतीय तीर्थयात्रियों की मौत

## सऊदी में मदीना के पास बस के डीजल टैंकर से टकराने पर हुई दुर्घटना, भारतीय दूतावास ने की पुष्टि, हेल्पलाइन नंबर जारी

यह हैं हेल्पलाइन नंबर
002440003 (टोल फ्री), 0122614093, 0126614276, 0556122301 (व्हाट्सएप)

एजेंसी

**जेद्दाह।** सऊदी अरब में मदीना के पास सोमवार तड़के एक बस के डीजल के टैंकर से टकरा जाने से कम से कम 42 तीर्थयात्रियों के मारे जाने की आशंका है। हादसे के समय बस मक्का से मदीना जा रही थी। सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास ने दुर्घटना की पुष्टि की है और हेल्पलाइन नंबर जारी किया है।

दूतावास ने कहा, सऊदी अरब के मदीना के पास भारतीय तीर्थयात्रियों की बस दुर्घटना के मद्देनजर जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह कक्ष सातों दिन 24 घंटे काम करेगा। हेल्पलाइन का संपर्क विवरण इस प्रकार है- 8002440003 (टोल फ्री), 0122614093, 0126614276, 0556122301 (व्हाट्सएप)।




जमात-ए- इस्लामी हिन्द के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने मदीना के पास बस दुर्घटना में 42 भारतीय उमराह तीर्थयात्रियों की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है। उमराह के लिए गए इन तीर्थयात्रियों में अधिकतर हैदराबाद के थे। इस कठिन समय में मेरी हार्दिक संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। यह तीर्थयात्री एक पवित्र यात्रा पर थे और इबादत का एक महान कार्य पूरा कर रहे थे। उन्होंने मीडिया को जारी एक बयान में कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का कथन है कि हज और उमराह करने वाले अल्लाह के मेहमान हैं। हमें उम्मीद है कि उमराह करते हुए जिन लोगों की मृत्यु हुई, अल्लाह उन्हें शहादत का दर्जा देगा और हम दुआ करते हैं कि अल्लाह उन्हें जन्नत में सर्वोच्च स्थान प्रदान करेग। उन्होंने भारत सरकार से अनुरोध किया कि वह मृतकों को शीघ्र स्वदेश लाने का प्रबंध करे, घायलों को व्यापक चिकित्सा सुविधा प्रदान करे तथा प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता दी जाए।

### मरने वालों में हैदराबाद के एक ही परिवार के 18 लोग

मृतकों के परिजनों को पांच पांच लाख देगी राज्य सरकार

हैदराबाद। सऊदी अरब में बस दुर्घटना में मारे गए लोगों में से हैदराबाद के एक ही परिवार के 18 लोग शामिल हैं। तेलंगाना सरकार ने मृतकों के परिजनों को पांच-लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है। सरकार मारे गए लोगों का वहीं अंतिम संस्कार कराने के लिए प्रत्येक परिवार से दो सदस्यों को और मंत्री अजहरुद्दीन के साथ पांच लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब भेज रही है। मदीना हादसे को लेकर सोमवार को राज्य सरकार की कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में मदीना में सड़क हादसे में मारेगए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की गई है। मंत्रिमंडल ने दुर्घटना प्रभावित परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवज़ा देने का निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल ने सुझाव दिया है कि मंत्री अज़हरुद्दीन, एमआईएम के एक विधायक और अल्पसंख्यक मोर्चा के एक अधिकारी सहित एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल तुरंत सऊदी अरब भेजा जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि शवों का अंतिम संस्कार वहां धार्मिक परंपरा के अनुसार किया जाएगा। इसके लिए प्रभावित परिवार के दो सदस्यों को ले जाने की व्यवस्था सरकार कर रही है। सऊदी अरब में हुई सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के 18 लोगों की मौत हुई है। यह परिवार हैदराबाद के विद्यानगर निवासी नजीरुद्दीन का है। नसीरुद्दीन सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी थे। वह अपने परिवार के साथ मक्का की तीर्थयात्रा पर गए थे। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही नसीरुद्दीन के रिश्तेदार और दोस्त उनके घर पहुंच गए। एक परिवार के 18 लोगों की मौत से इलाके में मातम छाया है।

जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा, सऊदी अरब के मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुई दुर्घटना से गहरा सदमा पहुंचा है। रियाद स्थित हमारा दूतावास और जेद्दा स्थित वाणिज्य दूतावास इस दुर्घटना से प्रभावित भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों को पूरी सहायता प्रदान कर रहे हैं।



एस जयशंकर, विदेश मंत्री

# फर्जी पैन कार्ड केस में आजम व बेटे अब्दुल्ला को 7-7 साल की हुई सजा

कोर्ट ने दोनों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया



समृद्धि न्यूज

**रामपुर।** सपा नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला को फिर 7-7 साल की सजा हुई है। रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने फर्जी पैन कार्ड मामले में सोमवार को दोनों को दोषी करार दिया। फैसले के तुरंत बाद कोर्ट में ही पुलिस ने बाप-बेटे को हिरासत में ले लिया। दोनों को कड़ी सुरक्षा में कोर्ट से एक किमी दूर गाड़ी से रामपुर जेल लेकर गई। कोर्ट ने दोनों पर 50-50 हजार का जुर्माना भी लगाया।

आजम पुलिस की बोलेरो से जेल के बाहर उतरे तो एक हाथ में चश्मे का केस, दो पैकेट बिस्किट थे। फिर अब्दुल्ला गाड़ी से उतरा, उसके हाथ खाली थे। आजम के साथ उनका बड़ा बेटा अदीब भी पीछे-पीछे गाड़ी से जेल के गेट तक पहुंचा। उसने पिता आजम के कान में कुछ कहा, लेकिन क्या कहा, यह क्लियर नहीं है। अदीब ने भाई अब्दुल्ला को गले लगाया तो दोनों भावुक हो गए। वहीं, आजम के जेल जाने के बाद अखिलेश यादव ने कहा- सत्ता के गुरूर में जो नाइंसाफी और जुल्म की हदें पार कर देते हैं। आजम खान 2017 में अखिलेश सरकार में नगर विकास मंत्री थे। उन्होंने अपने रसूख के दम पर लखनऊ नगर निगम से बेटे का फर्जी जन्म प्रमाण पत्र (बर्थ सर्टिफिकेट) बनवाया। उसी के आधार पर फर्जी पैन कार्ड बनवाकर अब्दुल्ला को चुनाव लड़वाया था।

रामपुर कोर्ट का यह फैसला आजम के खिलाफ दर्ज 104 मुकदमों में से एक है। अब तक अदालत 11 मामलों में फैसला सुना चुकी है। इनमें से 6 मामलों में आजम को सजा हो चुकी है। वहीं, 5 मामलों में उन्हें बरी किया गया। 2 महीने पहले ही सभी केस में जमानत मिलने के बाद आजम सीतापुर जेल से बाहर आए थे। अब फिर से जेल पहुंच गए। आजम के इशारे पर बने बेटे के 2 पैन कार्ड इस केस का ट्रायल एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रहा था।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,25550/ |
| 22 कैरेट | = 1,15100/ |
| 18 कैरेट | = 94,200/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 167,000/ |

### 16वें वित्त आयोग के सदस्यों ने पीएम से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में आयोग के सदस्यों ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इससे पहले आयोग के सदस्यों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की और उन्हें 2026-31 की अवधि के लिए आयोग की अनुशंसाओं वाली रिपोर्ट औपचारिक रूप से सौंपी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 16वें वित्त आयोग के सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। आयोग की यह रिपोर्ट अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि यह आने वाले पांच वर्षों के लिए केंद्र और राज्यों के बीच कर राजस्व के बंटवारे, अनुदानों और वित्तीय ढांचे से संबंधित दिशानिर्देश तय करेगी। इसके आधार पर राज्यों को मिलने वाले हिस्से और वित्तीय संसाधनों का पुनर्विनियोजन वित्तीय वर्ष 2030-31 तक प्रभावित होगा

## संक्षिप्त समाचार

### अनिल अंबानी दूसरी बार भी ईडी के समक्ष नहीं हुए पेश

**नई दिल्ली।** रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष सोमवार को दूसरी बार पेश होने से इनकार कर दिया। यह जांच जयपुर-रींगस राजमार्ग परियोजना से संबंधित है। अनिल अंबानी ने पहली बार 14 नवंबर को समन पर पेश न होकर ईडी को बताया था कि वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या रिकॉर्डेड बयान के जरिए पूछताछ में शामिल होने को तैयार हैं। ईडी ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया और सोमवार को पेश होने के लिए नया समन जारी किया था। अब दूसरी बार भी वे ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। अनिल अंबानी के प्रवक्ता ने बताया कि अनिल डी. अंबानी ने वर्चुअल उपस्थिति या रिकॉर्डेड वीडियो के माध्यम से अपना बयान दर्ज कराने के लिए पेशकश की है। ईडी ने कुछ कथित हवाला डीलर सहित कई लोगों के बयान दर्ज किए हैं, जिसके बाद उन्होंने (66) वर्षीय अनिल अंबानी को पूछताछ करने के तलब किया है।

### हरिहर मंदिर की पदयात्रा पर मस्जिद सदर ने जताई आपत्ति

**संभल ।** संभल के विवादित स्थल शाही जामा मस्जिद बनाम श्रीहरिहर मंदिर पर प्रस्तावित हरिहर मंदिर परकोटे की पदयात्रा पर मस्जिद सदर ने आपत्ति जताई है। सोमवार को शाही जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट ने पुलिस-प्रशासन से अनुरोध किया कि इस परिक्रमा के लिए किसी भी तरह की इजाजत न दी जाए। उन्होंने कहा कि शाही जामा मस्जिद की इस तरह की कोई परिक्रमा आज तक नहीं हुई है और यह बिल्कुल एक नई परंपरा है।

### शैलेश को मरणोपरांत उत्तराखंड गौरव सम्मान

**देहरादून।** मुख्यमंत्री धामी ने मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित एक सादगीपूर्ण एवं गरिमामय समारोह में प्रख्यात हिन्दी साहित्यकार स्वर्गीय शैलेश मटियानी को मरणोपरांत फ्रउत्तराखंड गौरव सम्मान दिया। यह पुरस्कार उनके पुत्र राकेश मटियानी ने प्राप्त किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि शैलेश मटियानी केवल एक साहित्यकार नहीं, बल्कि संवेदनाओं के कुशल शिल्पी थे। यह सम्मान स्व.मटियानी की साहित्यिक उपलब्धियों, हिन्दी कहानी जगत में अमूल्य योगदान और उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को पहचान दिलाने के लिए दिया गया है।

# सपा विधायक की रंगदारी केस में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगी रोक बढ़ी

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कानपुर की सीसामऊ सीट से पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी की रंगदारी के मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगी रोक आगे बढ़ा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन ने दिया है।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया। इस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 17 दिसम्बर की तारीख लगाते हुए पूर्व सपा विधायक को मिली अंतरिम राहत तब तक के लिए आगे बढ़ा दी। इरफान सोलंकी के अधिवक्ता ने कहा जिस जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया गया है, वह जमीन उसकी नहीं है।

दिसंबर 2022 में जाजमऊ थाने में दर्ज एफआईआर में इरफान सोलंकी व अन्य पर लगाए गए हैं रंगदारी सहित अन्य आरोप

गौरतलब है कि, दिसम्बर 2022 में जाजमऊ थाने में दर्ज एफआईआर में इरफान सोलंकी व अन्य पर रंगदारी सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता विमल कुमार का आरोप है कि उनकी जमीन पर फर्जी तरीके से कब्जा किया गया है। इरफान सोलंकी ने मुकदमे की कार्यवाही रद्द करने की मांग करते हुए यह याचिका की है।

# हसीना को छात्र आंदोलन दमन मामले में फांसी

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराधों का दोषी ठहराते हुए सोमवार को फांसी की सजा सुनाई।

यह फैसला गत वर्ष छात्र आंदोलनों पर हिंसक दमन के मामले के संबध में दिया गया है जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे। हसीना पर यह मुकदमा उनकी गैर मौजूदगी में चला। वह पिछले साल अगस्त में सत्ताच्युत होने के बाद से भारत में रह रही हैं। मीडिया खबरों के मुताबिक न्यायमूर्ति गोलाम मोर्तुजा मजुमदार ने अदालत में फैसला सुनाते हुए कहा, आरोपी प्रधानमंत्री ने मानवता के खिलाफ अपराध किए।÷ इस मामले में आईसीटी ने हसीना सहित 19 अन्य लोगों को दोषी ठहराया, जिनमें पूर्व गृह मंत्री आसादुज्जमां खान कमाल और पूर्व पुलिस प्रमुख चौधरी मोहम्मद साकिब भी शामिल हैं। अदालत ने हसीना के अलावा 15 अन्य को फांसी और चार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यह मुकदमा पिछले साल जुलाई-अगस्त में हुए छात्र विरोध प्रदर्शनों पर पुलिस और सुरक्षाबलों की कथित हिंसक कार्रवाई से जुड़ा है।



### ढाका में तनाव, 21 अवामी लीग कार्यकर्ता गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराधों के मामले में फांसी की सजा सुनाए जाने के तुरंत बाद ढाका में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। अंतरराष्ट्रीय अपराध ट्रिब्यूनल के फैसले के बाद हसीना के पैतृक घर , 32 धान मंडी पर प्रदर्शनकारियों को तितर बितर करने के लिए पुलिस ने स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल किया है। खबरों के मुताबिक सुबह से लेकर शाम तक 32 धान मंडी में एकत्रित हुई भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की कार्रवाई और वहां सौ से भी ज्यादा ग्रेनेड विस्फोटों में कम से कम 50 लोगों के घायल होने की खबर है। घायलों में पुलिसकर्मी और सेना के जवान भी शामिल हैं।

### आरोपी आमिर खोलेगा धमाके का राज, एनआईए को मिली 10 दिन की कस्टडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने लाल किला विस्फोट के आरोपी आमिर राशिद अली को सोमवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की 10 दिन की हिरासत में भेज दिया। आरोपी को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। मीडियाकर्मियों को अदालत में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गयी। राष्ट्रीय राजधानी में 10 नवंबर को लाल किले के पास विस्फोटकों से लदी एक कार में हुए विस्फोट में 13 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। लाल किले के पास विस्फोट के लिए इस्तेमाल की गई कार को जम्मू कश्मीर के पुलवामा का डॉक्टर उमर नबी चला रहा था।

# विस्फोट के दोषियों को पाताल से भी ढूंढ कर सख्त से सख्त सजा दिलाएंगे : अमित शाह

एजेंसी

**फरीदाबाद।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की आतंकवाद-विरोधी नीति स्पष्ट और कठोर है। उन्होंने आश्वस्त किया कि दिल्ली बम विस्फोट के दोषियों को पाताल से भी ढूंढकर न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाएगा और उन्हें सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी।

हरियाणा के फरीदाबाद में सोमवार को आयोजित उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने दिल्ली कार बम विस्फोट और जम्मू-कश्मीर के नौगाम पुलिस स्टेशन धमाके के दोषियों को **पाताल से भी खोजकर सख्त सजा दिलाने** का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद को जड़ से समाप्त करना सभी राज्यों की साझा प्रतिबद्धता है। बैठक में महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा, फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों की संख्या बढ़ाने, सहकारिता-आधारित विकास, जल प्रबंधन और क्षेत्रीय समन्वय से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।




उत्तर क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक में आतंकवाद पर सख्ती महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा आधारित विकास पर जोर

# दिल्ली विस्फोट मामले में एनआईए ने श्रीनगर से एक और को पकड़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली में लाल किला के पास हुए विस्फोट मामले में आतंकवादी डॉ. उमर उन नबी के एक और करीबी सहयोगी जासिर बिलाल वानी उर्फ दानिश को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से गिरफ्तार किया।

एनआईए के मुताबिक दानिश अनंतनाग जिले के काजीगुंड का रहने वाला है। जांच में पता चला कि दानिश ड्रोन में तकनीकी बदलाव कर उन्हें आतंकी हमलों में इस्तेमाल करने की कोशिश में शामिल था। वह इस हमले का सक्रिय सहयोगी था और डॉ. उमर नबी के साथ मिलकर कार विस्फोट की योजना बनाने में लगा हुआ था। एनआईए विस्फोट की साजिश की सभी कड़ियों को जोड़ने में जुटी हुई है। कई राज्यों में तलाशी अभियान जारी है। एनआईए की टीमें लगातार सुरागों के आधार पर हर संलिप्त तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। इस विस्फोट में घायल एक व्यक्ति के सोमवार को दम तोड़ देने के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गयी है। 10 नवंबर को लाल किले के पास जिस कार में विस्फोट हुआ था, उसको डॉ. उमर नबी ही चला रहा था।

ड्रोन में तकनीकी बदलाव कर उन्हें आतंकी हमलों में प्रयोग करने की कोशिश में शामिल था दानिश

### अल फलाह विवि के अध्यक्ष को दिल्ली पुलिस ने जारी किया समन

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय के अध्यक्ष को आतंकी मॉड्यूल और फर्जी दस्तावेजों की जांच में तलब किया है। दिल्ली पुलिस ने फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल मामले की जांच और विश्वविद्यालय के खिलाफ जालसाजी एवं धोखाधड़ी के दो मामलों में चल रही जांच के सिलसिले में अल फलाह विवि के अध्यक्ष को दो समन जारी किए हैं। यह समन तब भेजा गया जब जांचकर्ताओं ने पाया कि विश्वविद्यालय के अध्यक्ष जावेद अहमद सिद्दीकी का बयान विश्वविद्यालय के कामकाज और संस्थान से जुड़े व्यक्तियों की गतिविधियों से जुड़ी कई विसंगतियों को स्पष्ट करने के लिए महत्वपूर्ण था।

लताड़

### सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने चाणक्य डिफेंस डायलॉग में पाक को चेतावनी देते हुए कहा

# पाक ने मौका दिया तो भारत सिखाएगा पड़ोसी से व्यवहार करना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को चाणक्य डिफेंस डायलॉग में फिर एक बार ऑपरेशन सिंदूर के बारे में कहा कि फिल्म तो अभी शुरू भी नहीं हुई है, ये तो बस 88 घंटे का ट्रेलर था। हम भविष्य में किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार हैं। अगर पाकिस्तान हमें मौका दे, तो हम उन्हें सिखाएंगे कि एक पड़ोसी को कैसा व्यवहार करना चाहिए।



जनरल द्विवेदी ने कहा कि हम आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों के साथ एक जैसा व्यवहार करेंगे। हम उन लोगों को जवाब देंगे, जो आतंकवादियों को प्रोत्साहित करते हैं। जनरल द्विवेदी ने यहां मानेकशा सेंटर में आज चाणक्य डिफेंस डायलॉग में उभरती सुरक्षा चुनौतियों के प्रति सेना के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी। ऑपरेशन सिंदूर पर थल सेनाध्यक्ष ने कहा कि जब कोई देश राज्य प्रायोजित आतंकवाद को बढ़ावा देता है, तो यह भारत के लिए चिंता का विषय बन जाता है। भारत प्रगति की बात करता है।

अगर कोई हमारे रास्ते में बाधा डालता है, तो हमें उनके खिलाफ कुछ कार्रवाई करनी होगी। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे पास लंबे समय तक चलने वाली रसद उपलब्ध रहे। हमारे पास राजनीतिक इच्छाशक्ति है, जो हमारी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती है। मणिपुर की स्थिति पर जनरल द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद से मणिपुर की स्थिति में सुधार हुआ है। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन के बाद से चीजें बदल गई हैं। सरकार में लोगों का भरोसा और समुदायों के बीच आपसी विश्वास बढ़ा है। तब से महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।

### आतंकियों व उनके प्रायोजकों के साथ होगा एक जैसा व्यवहार

हमने कहा है कि बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। उन्होंने कहा कि हम केवल एक शांतिपूर्ण प्रक्रिया अपनाने के लिए कह रहे हैं, जिसमें हम सहयोग करेंगे। तब तक हम आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों के साथ एक जैसा व्यवहार करेंगे। हम उन लोगों को जवाब देंगे, जो आतंकवादियों को प्रोत्साहित करते हैं। आज, भारत इतना कुशल है कि वह किसी भी ब्लैकमेल के प्रयासों से नहीं डरता। उन्होंने कहा कि आज के समय में लड़ाई कई क्षेत्रों में होती है। हम नहीं कह सकते कि यह कब तक चलेगी। आज के समय में हमारी प्रतिरोधक क्षमता बहुत मजबूत है। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त 2019 के बाद जम्मू-कश्मीर के हालात में बहुत बड़ा बदलाव आया है। इसके बाद राजनीतिक स्पष्टता आई है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद में भारी कमी आई है। सेना प्रमुख ने कहा कि भारत राज्य समर्थित आतंकवाद का कड़ा जवाब देना जारी रखेगा।

# गंगा-यमुना पुनरुद्धार परियोजनाओं व प्रदूषण नियंत्रण कार्यों को मिली मंजूरी

एजेंसी

एनएमसीजी की 67वीं कार्यकारिणी समिति की बैठक में फैसला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) की 67वीं कार्यकारिणी समिति की बैठक में गंगा और यमुना नदी के वैज्ञानिक पुनरुद्धार के लिए प्रमुख अनुसंधान परियोजनाओं, हिमनद अध्ययन, डिजिटल प्रतिरूप निर्माण, सोनार आधारित नदी तल सर्वेक्षण, भूजल पुनर्भरण, ऐतिहासिक मानचित्रों के डिजिटलीकरण और पश्चिम बंगाल व दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण से जुडी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

इन स्वीकृतियों के साथ एनएमसीजी ने नदी संरक्षण को विज्ञान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और वास्तविक समय जल-गतिकीय मॉडलिंग पर आधारित कर दीर्घकालिक प्रबंधन के लिए भी फैसले लिए। बैठक की अध्यक्षता महानिदेशक राजीव कुमार मितल ने की। अध्ययनों से जल चक्र, अवसाद प्रबंधन, बाढ जोखिम, भूजल सुरक्षा और नदी स्वास्थ्य के विस्तृत व दीर्घकालिक आंकड़े प्राप्त होंगे। बंगाल के सिलीगुडी में महानंदा नदी प्रदूषण नियंत्रण के लिए 361.86 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी भी दी गई, जिसके तहत 25 अवरोधन और मोड संरचनाएं, 4 उठान केंद्र, 27 एमएलडी और 22 एमएलडी क्षमता के दो अपशिष्ट शोधन संयंत्र तथा व्यापक पाइपलाइन तंत्र विकसित किया जाएगा

डीएम ने चीनी मिल नानपारा के 42वें गन्ना पेराई सत्र का शुभारम्भ करते हुए कहा

# किसी भी गन्ना तौल केंद्र पर किसानों को न हो परेशानी

किसानों को अंगवस्त्र व उपहार देकर किया सम्मानित, बैलों को खिलाया गुड़

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोचार के बीच श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. नानपारा के 42वें गन्ना पेराई सत्र 2025-26 का शुभारम्भ किया। पेराई सत्र के शुभारम्भ अवसर पर जिलाधिकारी ने मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों की इस बात के लिए सराहना की कि उन्होंने मिल का पेराई सत्र शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि आपके इस कार्य से निःसन्देह किसानों को फायदा होगा।

जिलाधिकारी ने मिल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से किसान हित में कार्य करते रहने की अपेक्षा की। जिलाधिकारी ने मिल अधिकारियों और कर्मचारियों का आहवान्ह किया कि पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि किसी भी गन्ना तौल केन्द्र पर किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने तौल केन्द्रों पर किसानों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था तथा उसके आस-पास के मार्गो की आवश्यकतानुसार मरम्म्त कराये जाने के निर्देश भी मिल अधिकारियों को दिये। इससे पूर्व पेराई सत्र के शुभारम्भ अवसर पर मिल में हवन पूजा, बैल पूजन, कॉटा पूजन इत्यादि कार्यक्रम परम्परागत से सम्पन्न हुए। जिलाधिकारी ने मिल गेट पर ट्रैक्टर से गन्ना लेकर आए खुदादादभारी के रामसुख व बैल गाड़ी से गन्ना लेकर आए गुलालपुरवा के किसान मोतीलाल को अंगवस्त्र व उपहार देकर सम्मानित करते हुए बैलों को गुड़ खिलाया। तदोपरान्त डीएम ने अन्य अतिथियों, जीएम महेश कुमार कैथल व एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी, सीओ प्रद्युम्न सिंह व अन्य के साथ फीता काटा और काटे पर नारियल फोड़ने के बाद पहली गन्ना तौल की शुरुआत की। जिसमे बैल गाड़ी का वजन 27.50 कुंतल व ट्रैक्टर ट्राली का वजन 99.400 कुंतल रहा। इसके पश्चात डीएम ने विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन, अधिकारियों एवं गन्ना कृषकों के साथ ढोला में गन्ना डालकर पेराई सत्र 2025-26 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ल, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नानपारा मनोज उपाध्याय, मुख्य अभियन्ता वीरेन्द्र कुमार, मुख्य रसायनविद् गजेन्द्र सिंह, मुख्य लेखाकार गीतेन्द्र कुमार, मुख्य गन्ना अधिकारी गौरव द्विवेदी, चीनी मिल उपाध्यक्ष, समस्त संचालक, समस्त डेलीगेट्स, समस्त अंशधारक (कृषक) एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने पराली जलाने वाले 49 व्यक्तियों पर लगाया 1.70 लाख रुपए का अर्थदण्ड

पराली का प्रयोग भूमि की उत्पादकता बढ़ाने की कृषको से की अपील

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जनपद में पराली व फसल अवशेषों को खेतों में जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश तथा पराली सहित सभी प्रकार के फसल अवशेषों के बेहतर प्रबन्धन हेतु आमजन व कृषकों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन इन सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेजीड्यू योजनान्तर्गत जनपद की समस्त तहसीलों में व्यापक प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत पिछले 05 दिनों से तीन-तीन पराली प्रचार वैन को कृषि भवन बहराइच के प्रांगण सुदूर ग्रामीण अंचलों में भेजा जा रहा है।

जागरूकता वाहन गांव-गांव जाकर कृषकों में पराली प्रबन्धन, बायोडीकम्पोजर का उपयोग कर कम्पोस्ट बनाना तथा अधिक पराली होने पर उसका विपुल इंडस्ट्री आसाम चौराहा रिसिया को विक्रय अथवा बेलर से बंडल बनाकर अन्य उपयोग में लाने के तरीके बता रहे हैं। यह जानकारी देते हुए उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने विभागीय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देष दिया है कि गांव-गांव जाकर किसानों को खेतों में फसल अवशेष न जलाने के लिए जागरूक करें।

साथ हीयह भी बताया जाय कि पराली व फसल अवशेषों के बेहतर प्रबन्धन से भूमि की उर्वरा शक्ति में इज़ाफा किया जा सकता है। इनसीटू यंत्रों के उपयोग से खेतों में मिलाकर कम्पोस्ट खाद बनाई जा सकती है अथवा अवशेष पराली को आस-पास की गौशाला को दान किया जा सकता तथा बेलर मशीनों की मदद से पराली का गट्ठर तैयार कर विपुल इन्डस्ट्री को बेच कर अतिरिक्त आय भी अर्जित की जा सकती है।

पराली जलाना स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए हानिकारक है। किसानों को बायो-डी कम्पोज़र की मदद से खाद बनाने के तरीको को बताया जाय। श्री वर्मा द्वारा विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यह भी निर्देष दिया गया है कि किसानों को बताया जाय कि पराली/फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है। साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति तथा लाभदायक जीवाणु नष्ट हो जाते है तथा आस-पास आग लगने की संभावना बनी रहती है, जिससे जन एवं धन की अपार क्षति होती है।

## खबरें एक नजर में

### बीज वितरण के दौरान हुई धक्का-मुक्की

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में किसानों को बीज लेने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सहकारी समितियों पर घंटों लाइन में लगने के बावजूद उन्हें समय पर बीज नहीं मिल पा रहा है। इस दौरान पुलिस पर किसानों के साथ अभद्रता करने के आरोप भी लग रहे हैं। ताजा मामला महसी इलाके से सामने आया है, जहां सोमवार को बीज लेने आए किसानों को पुलिसकर्मी धक्का देते नजर आए। किसानों का आरोप है कि उन्हें पांच से छह घंटे तक लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है और पुलिस की ओर से अपमानित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को महसी बीज भंडार पर बीज वितरण के दौरान भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था। इस दौरान महसी चौकी में तैनात दरोगा विनोद कुमार लाइन में लगे किसानों को कथित तौर पर धक्का देते देखे गए। बीज लेने पहुंचे किसान राजेश ने बताया कि मौके पर तैनात दरोगा ने उनके साथ अभद्रता की और उन पर लाठी भी चलाई। उन्होंने पुलिसकर्मी के व्यवहार पर नाराजगी व्यक्त की। हालांकि, दरोगा विनोद कुमार ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि भीड़ अधिक होने के कारण लोगों से लाइन में लगने के लिए कहा जा रहा था। उन्होंने किसी भी किसान पर लाठी चलाने की बात से इनकार किया।

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**श्रीदत्तगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली उतरौला क्षेत्र अंतर्गत उतरौला गोण्डा मार्ग पर स्थित सहियापुर बाजार के पास गुरुवार शाम हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक नासिर रज़ा (22) पुत्र नुरुल्लाह ख़ान की रविवार शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। दुर्घटना में घायल होने के बाद उसे सबसे पहले सीएचसी उतरौला ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल बलरामपुर रेफर किया गया। बलरामपुर से भी बेहतर उपचार के लिए उसे गोंडा भेजा गया, लेकिन स्थिति में सुधार न होने पर परिजन उसे स्काई लाइन हॉस्पिटल, लखनऊ ले गए। वहीं इलाज के दौरान रविवार शाम करीब 5 बजे नासिर ने दम तोड़ दिया। हादसे में घायल दूसरा युवक याकूब अभी भी उपचाराधीन है। गांव के पूर्व प्रधान हाजी मोहम्मद इसराइल ने बताया कि नासिर की चोटें अत्यधिक गंभीर थीं और डॉक्टर लगातार प्रयास कर रहे थे, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

### बलरामपुर चीनी मिल यूनिट तुलसीपुर पेराई शत्र का शुभारंभ

**तुलसीपुर, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** बलरामपुर चीनी मिल समूह की तुलसीपुर इकाई का पेराई सत्र का शुभारंभ सोमवार को अपराहन 12 बजकर 24 मिनट पर विधिवत पूजन हवन के उपरांत देवीपाटन पीठाधीश्वर महंत मिथिलेश नाथ योगी, चीनी मिल के इकाई प्रमुख आर एस प्रसाद, क्षेत्रीय विधायक कैलाश, पूर्व भाजपा अध्यक्ष प्रदीप सिंह, राकेश सिंह , पूर्व राज्य मंत्री सलिल सिंह टीटू, उप जिलाधिकारी राकेश कुमार जयंत, द्वारा डोंगे में गन्ना डालकर किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता मनराज सिंह, आनंद कुमार सिंह अन्नू, भाजपा जिला महामंत्री विष्णु देव गुप्ता, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्यनारायण मिश्रा, सहकारी गन्ना समिति डायरेक्टर संजय सिंह, चीनी मिल वेलफेयर अधिकारी आशीष सिंह,अधिकारी इंजीनियरिंग हेड विजयपाल सिंह, प्रोडक्शन हेड हेड दीप सिंह, कमर्शियल हेड आरके जायसवाल, केन हेड ओमपाल, वीरू कौशिक, अनूप कुमार श्रीवास्तव, मनीष कुमार, पंडित मातेश्वरी प्रसाद तिवारी, चौधरी विजय सिंह सहित तमाम अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### सुरेन्द्र अध्यक्ष व धर्मेन्द्र महामंत्री पद पर विजयी

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ, जनपद शाखा गोण्डा का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन रविवार को कलेक्ट्रेट गोण्डा स्थित प्रशासनिक अधिकारी कक्ष में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित माहौल में सम्पन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया प्रातः 10 बजे प्रारम्भ होकर अपराह्न 2 बजे तक चली, जिसमें कुल 78 में से 74 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी प्रशासनिक अधिकारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी और रीडर न्यायालय जिलाधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में सम्पन्न हुई। इनके साथ सहायक अधिकारी के रूप में प्रधान सहायक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, मुजीबुर्रहमान, गंगाधर दूबे तथा ईडीएम कलेक्ट्रेट अमित गुप्ता ने जिम्मेदारियाँ निभाईं। मतदान एवं मतगणना पूरी तरह पारदर्शी और शांतिपूर्ण रही। अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में सुरेन्द्र कुमार को 38 मत मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी संदीप कुमार को 27 मत प्राप्त हुए। 11 मतों के अंतर से सुरेन्द्र कुमार अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किए गए। महामंत्री पद पर हुए कड़े मुकाबले में धर्मेन्द्र कुमार ने 35 मत हासिल कर 32 मत पाने वाले अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अजय कुमार दूबे को 3 मतों से पराजित किया। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजेश कुमार पाण्डेय, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पर संतोष कुमार रावत, संगठन मंत्री पद पर राकेश पाण्डेय तथा संयुक्त मंत्री पद पर वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय निर्विरोध चुने गए। पूरी प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

# शाखा से होता है व्यक्तित्व निर्माण : सुनीता

लक्ष्मीबाई केलकर स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित हुए कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** सोमवार को नगर के माधवरेती स्थित सरस्वती विद्या मंदिर प्रांगण में राष्ट्र सेवा समिति की बहराइच इकाई द्वारा समिति की संस्थापिका वंदनीय लक्ष्मीबाई केलकर (मौसी जी) की स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में बहराइच नगर की 90 बहनों के द्वारा 90 मिनट की शाखा लगाई गई। जिसमें योग प्राणायाम एवं विभिन्न प्रकार के शारीरिक खेल के माध्यम से कैसे मन और मस्तिष्क को मजबूत बनाएं का प्रशिक्षण बहनों को दिया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्र सेवा का समिति की विभाग कार्यवाहिका सुनीता ने मौसी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मौसी जी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को एवं भारत माता की निरंतर सेवा करने वाली बहनों कैसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से दृढ़ हो राष्ट्र के प्रति संकल्पित हो गुणवत्तापूर्ण शाखा कैसे संचालित हो इसके ऊपर जीवन भर कार्य किया। इस अवसर पर जिला संचालिका छवी, जिला कार्यवाहिका शीला, जिला संपर्क प्रमुख मंजू, जिला सह संपर्क प्रमुख अंजलि, जिला व्यवस्था प्रमुख रेखा, नगर कार्यवाहिका रीना, सह नगर कार्यवाहिका साधना, शारीरिक प्रमुख तमन्ना सहित मातृशक्ति एवं वीरांगनाओं ने कार्यक्रम में सहभाग किया।

### राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल का योगदान अतुलनीय : कमलेश मिश्रा



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में बलहा विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को भव्य एकता यात्रा निकाली गई। मिहींपुरवा नगर पंचायत स्थित मंडी समिति से सोमवार दोपहर एक बजे क्षेत्रीय विधायक सरोज सोनकर के नेतृत्व में एकता यात्रा रवाना हुई। जिससे मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा रहे। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता प्रधान एनसीसी तथा स्काउट के छात्र तथा बड़ी संख्या में महिलाएं हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। यात्रा मिहींपुरवा बाजार होते हुए जरही रोड से रामलीला मैदान पहुंची। रामलीला मैदान पर आयोजित मुख्य समारोह में अवध प्रांत क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि सरदार पटेल ने अपना संपूर्ण जीवन देश को एकता के सूत्र में पिरोने में समर्पित किया।

### गो आश्रय स्थलों की निगरानी के लिए स्थापित मॉनिटरिंग कक्ष का उद्घाटन

**बहराइच।** मुख्यमंत्री महत्वाकांक्षी योजना निराश्रित गोवंशों के संरक्षण हेतु जनपद में संचालित गो आश्रय स्थलों के प्रभावी अनुश्रवण एवं गो आश्रय स्थलों को प्रभावी बनाये जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी के निर्देश तथा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में विकास भवन में स्थापित किये गये मॉनिटरिंग कक्ष का मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया तथा मॉनिटरिंग कक्ष का निरीक्षण करते हुए विभिन्न गौशालाओं में संचालित गतिविधियों का अवलोकन भी किया। उल्लेखनीय है कि जनपद के सभी गो आश्रय स्थलों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरे विकास भवन में स्थापित मॉनिटरिंग कक्ष से कनेक्ट रहेंगे यहां पर तैनात नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी द्वारा गो आश्रय स्थलों की गतिविधियों का अनुश्रवण करते रहेंगे।

# गृह भ्रमण में लापरवाही पर कार्रवाई तय, शत-प्रतिशत करें संस्थागत प्रसव



समृद्धि न्यूज़

**पयागपुर, बहराइच।** सीएचसी पयागपुर में आयोजित आशा संगिनी की मासिक समीक्षा बैठक में अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी ने सख्त निर्देश दिए कि आशा संगिनी अपने-अपने क्षेत्रों में गृह भ्रमण और ड्यूलिस्ट सत्यापन का कार्य योजना के अनुसार नियमित रूप से करें।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई गई या रिपोर्ट समय से उपलब्ध नहीं कराई गई, तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बीपीएम अनुपम शुक्ल ने भी आशा संगिनियों को निर्देशित किया कि वे इंकार करने वाले परिवारों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करते हुए ड्यूलिस्ट व आशा डायरी को लगातार अपडेट कराती रहें। अधीक्षक डॉ. तिवारी ने जोर देकर कहा कि गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण कराया जाए और शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए। ई कवच पोर्टल पर काम करने और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशु देखभाल, न्यूमोनिया नियंत्रण परिवार नियोजन सेवाओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही। बैठक में अनिल राठौर बैम, गीता मिश्रा, मीना सिंह, लतासिंह, सुनीता सिंह, विंध्यवासिनी सिंह, सुमन पाण्डेय, सुनीता त्रिपाठी आदि संगिनी उपस्थित रहीं।

# पुलिस महानिरीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों को दी साइबर फ्रॉड की जानकारी

समृद्धि न्यूज़



**गोंडा।** सोमवार को आईजी श्री पाठक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियां, ऑनलाइन फ्रॉड के तरीकों एवं बचाव, आंतरिक एवं साइबर सुरक्षा तथा अपराध के विभिन्न प्रकारों के बारे में जानकारी दी गयी। आईजी द्वारा प्रशिक्षु आरक्षियों को बताया कि आधुनिक युग में अपराधियों की कार्यप्रणाली अत्यधिक तकनीक-प्रधान हो चुकी है, ऐसे में प्रत्येक पुलिसकर्मी के लिए साइबर जागरूकता और तकनीकी दक्षता अनिवार्य है।

क्राइम सीन प्रबंधन, साक्ष्य संकलन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, पुलिसिंग की त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया पद्धतियों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इनवेस्टिगेशन के मूल सिद्धातों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि इनवेस्टिगेशन स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से सटीक व पूर्ण होनी चाहिए तथा पारदर्शिता का विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। सभी निष्कर्ष साक्ष्यों पर आधारित होने चाहिए,इसमें घटना स्थल का निरीक्षण, गवाहों का साक्षात्कार और भौतिक साक्ष्य एकत्र करना शामिल है। क्राइम सीन का निरीक्षण एवं सटीक साक्ष्य संकलन किसी भी अपराध की सफल विवेचना का आधार होता है। आईजी श्री अमित पाठक द्वारा मुखबिर तंत्र की महत्ता पर भी जोर दिया और बताया गया कि मजबूत एवं सक्रिय मुखबिर नेटवर्क पुलिस के लिए अपराध नियंत्रण का एक महत्वपूर्ण उपकरण है। आरक्षियों को संवेदनशील, व्यवहारकुशल, तकनीकी रुप से जागरुक एवं जनता-हितैषी पुलिसकर्मी बनकर कर्तव्यों का पालन करने तथा सभी प्रशिक्षणार्थियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने, कानून-व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की की बात कही गयी।

### फौजी पर हमला करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोन्डा।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में फौजी पर हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि फौजी आनंद कुमार यादव की पत्नी मंजू देवी निवासी ग्राम-कोयली जंगल चेतपुर थाना कोतवाली देहात ने रविवार को तहरीर दिया जिसमें कहा कि 11.30 बजे के आस पास पुरानी रंजिश को लेकर हो रही पंचायत के बाद लाला बगिया के पुल पर मेरे पति आनन्द यादव व पटिदार किशनलाल यादव तथा दशरथ लाल यादव को भगवान शंकर सिंह उर्फ उत्तम सिंह, अतुल सिंह उर्फ विक्की सिंह, गणेश शंकर सिंह उर्फ सत्यम सिंह, आलोक सिंह पुत्रगण गौरीशंकर सिंह व अंकुश सिंह पुत्र बलराम सिंह निवासीगण शीतल सिंह पुरवा कोयली जंगल थाना कोतवाली देहात विजय तिवारी पुत्र रामदेव तिवारी शुक्लपुरवा कोयली जंगल राजेश शर्मा पुत्र पन्नालाल शर्मा निवासी हतवा कोयली जंगल ने रोककर असलहे से गोली चलाई व धारदार हथियार, भाला व लोहे की राड से जान से मारने की नियत से हमला किया।

# गौरव अग्रवाल ने प्रॉपर्टी डीलिंग में अपने पार्टनर के साथ किया जालसाजी व धोखाधड़ी : पीड़ित

पीड़ित ने नगर कोतवाली गोण्डा व ऑनलाइन दर्ज कराई शिकायत

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** थाना कोतवाली नगर के रानी बाजार निवासी अंकुर अग्रवाल ने एक प्रार्थना पत्र कोतवाली नगर में देकर शिकायत किया था कि विपक्षी गौरव अग्रवाल के साथ पार्टनरशिप में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था।

गौरव अग्रवाल द्वारा इसी का फायदा उठाकर प्रार्थी से पैसा लेकर अपने नाम जमीन गाटा संख्या 25 का दिनांक 7-10-2014 को ग्राम देवरिया चूडामडि में 17 बिस्सा तथा 23- 6 2025 को अपनी मां विमला देवी के नाम गाटा संख्या 6 गिर्द गोंडा ग्रामीण रकबा 42 डिसमिल का बैनामा तथा अपने साथी जुबेर आसिफ फारूकी पुत्र नौशाद अली फारूकी निवासी फैजाबाद रोड इमामबाड़ा गोंडा के नाम गाटा संख्या 1281 मी0 मौजा खैरा ग्रामीण का अनुबंध इकरारनामा करवा लिया इस सभी भूमि के बैनामा हुआ किरनाम का समस्त पैसा प्रार्थी द्वारा विपक्षी गौरव अग्रवाल को दिया गया था लेकिन जब उपरोक्त गौरव अग्रवाल ने उपरोक्त जमीन को लालच वश अपने तथा अपनों के नाम लिखवाया तो प्रार्थी ने अपने रुपए की मांग की जिस पर विपक्षी द्वारा मुझे बार-बार आश्वासन दिया गया कि आपको आपका पैसा तथा जमीन मिल जाएगा मेरे द्वारा विपक्षी गौरव अग्रवाल को बुलाकर संजय सिंह एडवोकेट इरशाद हुसैन कौन बहादुर सिंह रवि कौशल के समक्ष गवाहन अपना बकाया का संपूर्ण देखा जोखा बनाकर उसके फोन नंबर मोबाइल संख्या 7355 42 8541 को दिनांक 31 10 2020 जारी व्हाट्सएप पर दिया लेकिन विपक्षी द्वारा प्रार्थी को अब तक रुपया वापस नहीं दिया गया ।

प्रार्थी के पैसे से खरीदी गई जमीन को बेचकर उपरोक्त गौरव अग्रवाल जमीन बेचकर प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी व जालसाजी की गई है जिससे प्रार्थी परेशान है। पूर्व में दिए गए नगर कोतवाली गोण्डा में प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी का कहना है कि नगर कोतवाली द्वारा मेरे विपक्षी से मिलीभगत करके आज तक हमारे प्रार्थना पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं किया है जिससे मैं काफी आहत हूं । इस संबंध में मेरे द्वारा एक ऑनलाइन शिकायत भी की गई है। मैं आपके समाचार पत्र के माध्यम से जिला प्रशासन से यही चाहता हूं कि मुझे न्याय दिलाए जाए और विपक्षी द्वारा कूरचित/जालसाजी व धोखाधड़ी करके जो पैसा मुझे लिया गया है वह पैसा वापस दिलाया जाए।

# तराई में बदल रही सौरी कक्ष की परंपरा, स्वच्छता और पोषण के साथ संवर रहा मातृत्व स्वास्थ्य

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** तराई क्षेत्र में मातृत्व देखभाल से जुड़ी पुरानी परंपराएँ अब नई दिशा ले रही हैं। कभी अंधेरे और धुएँ वाले सौरी कक्ष में सीमित रहने वाली प्रसूताएँ अब सुरक्षित, स्वच्छ और पोषक वातावरण में देखभाल पा रही हैं। सौरी कक्ष, जो कभी जन्म के बाद माँ और नवजात के अलगाव का प्रतीक था, आज सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की मेहनत से स्वच्छता, पोषण और मातृत्व सशक्तिकरण का प्रतीक बन रहा है।

शिवपुर ब्लॉक की मीना देवी बताती हैं कि पहले सौरी कक्ष में हवा और रोशनी तक नहीं होती थी। बारह दिन तक धुएँ में रहना पड़ता था। अब वही महिलाएँ अपनी बहू-बेटियों को अस्पताल में प्रसव और पौष्टिक आहार की सलाह देती हैं। एसीएमओ डॉ. संतोष राणा बताती हैं कि अब जिले में 97 प्रतिशत से अधिक प्रसव अस्पतालों में होते हैं। वहाँ संक्रमण-रोधी प्रसव सेवाएँ, स्वच्छ प्रसव कक्ष और संतुलित आहार की व्यवस्था है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार का कहना है कि अब मातृत्व देखभाल प्रसव तक सीमित नहीं है, बल्कि माँ और बच्चे के समग्र स्वास्थ्य का हिस्सा बन चुकी है। समुदाय में जागरूकता बढ़ रही है, पर पोषण और स्वच्छता पर निरंतर प्रयास ज़रूरी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण- 5 के अनुसार, बहराइच की 15-49 वर्ष आयु वर्ग की 48.8 प्रतिशत महिलाएँ एनीमिक हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग नियमित रूप से आयरन फोलिक एसिड वितरण, पोषण परामर्श और स्वच्छता जनजागरूकता पर काम कर रहा है। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी जे.के. चौबे ने बताया कि थारू समुदाय में भी सौरी कक्ष की परंपरा अब आधुनिक रूप ले रही है – अब आग और धुएँ की जगह साफ हवा, खुला कमरा और पौष्टिक भोजन ने जगह ले ली है। यह बदलाव न केवल माताओं की सेहत सुधार रहा है, बल्कि ÷सुरक्षित मातृत्व - स्वस्थ शिशु÷ के लक्ष्य को भी साकार कर रहा है। डॉ. निपेन्द्र सिंह, प्रोफेसर (कम्युनिटी मेडिसिन), मेडिकल कॉलेज बहराइच के अनुसार, माँ और नवजात को साफ हवा और रोशनी से शक्ति मिलती है। बच्चे को छूने से पहले हाथ धोना, बिस्तर बदलना और कमरे की स्वच्छता बनाए रखना संक्रमण से बचाव करता है। उन्होंने बताया कि हरेरा लाभकारी है, पर भोजन संतुलित होना चाहिए।

आयोजन

सीएचसी नवाबगंज में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित, नवजात बच्चियों को मिली बेबी किट

# बेटियों की सुरक्षा व सम्मान के लिए आना चाहिए आगे






समृद्धि न्यूज

गोण्डा। महिला कल्याण विभाग द्वारा सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अधीक्षक डा. राममोहन सिंह ने नवजात शिशुओं के साथ केक कटवाकर किया।

उन्होंने कहा कि बेटी जन्म उत्सव का प्रतीक है और समाज में बेटियों के सम्मान और सुरक्षा के लिए सभी को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा जिले में बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य बेटियों को समान अधिकार और अवसर देना है। जेंडर स्पेशलिस्ट ज्योत्सना सिंह ने कहा कि कन्या जन्मोत्सव न सिर्फ खुशी का अवसर है बल्कि यह समाज में सकारात्मक संदेश देता है कि बेटियाँ किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। वहीं जेंडर स्पेशलिस्ट राजकुमार आर्य ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान तभी सफल होंगे जब समाज मिलकर इसे अपनी जिम्मेदारी समझे। कार्यक्रम में 11 नवजात बच्चियों को हिमालया बेबी किट और कपड़े वितरित किए गए। माता-पिता ने इस पहल के लिए महिला कल्याण विभाग का आभार जताया। इस अवसर पर पंकज कुमार राव, विपिन त्रिपाठी, प्रिया शर्मा, संजू वर्मा, ममता सिंह, शैलजा शुक्ला, मारिया खातून, निशा द्विवेदी, विभा मिश्रा, सरिता, चिंटू, अर्चना सहित स्वास्थ्य विभाग व महिला कल्याण विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन कन्याओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया।

# ओबीसी युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त करेगी योगी सरकार

## दूसरे चरण की समय-सारिणी के अंतर्गत 20 नवंबर से होंगे आवेदन, 12 दिसंबर से शुरू होंगे प्रशिक्षण सत्र : मंत्री नरेन्द्र कश्यप

**ओ-लेवल' व 'सीसीसी' कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के द्वितीय चरण की समय-सारिणी जारी**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना ('ओ' लेवल एवं 'सीसीसी') के द्वितीय चरण के लिए समय सारिणी जारी कर दी गई है। यह योजना उन प्रतिभागियों के लिए है जो इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण हों तथा जिनके माता-पिता या अभिभावकों की वार्षिक आय अधिकतम 1 लाख रुपये हो।

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट (एनआईईएलआईटी) से मान्यता प्राप्त ऐसी संस्थाओं का चयन वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए किया जा चुका है। इन संस्थाओं में प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 20 नवंबर 2025 से 1 दिसंबर 2025 तक विभागीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। योगी सरकार द्वारा ओबीसी युवाओं को डिजिटल कौशल प्रदान कर आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाने का यह महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थियों के जनपद-स्तरीय चयन के उपरांत 12 दिसम्बर 2025 से पूरे प्रदेश में एक साथ प्रशिक्षण सत्र प्रारम्भ कराए जाएंगे। सभी प्रक्रियाएं पूर्णतः ऑनलाइन एवं पारदर्शी होंगी।

### दो दिसंबर से छह दिसंबर तक जमा करें दस्तावेज

निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वन्दना वर्मा ने बताया कि द्वितीय चरण की प्रमुख कार्यवाही एवं समय-सारिणी के अंतर्गत 20 नवंबर से 1 दिसंबर 2025 तक प्रशिक्षणार्थी 'ओ-लेवल' एवं 'सीसीसी' प्रशिक्षण के लिए आवेदन करेंगे तथा हार्ड कॉपी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जमा करेंगे। 2 दिसंबर से 6 दिसंबर 2025 तक आय, जाति, शैक्षिक अभिलेखों सहित सभी दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन कर पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। 7 दिसंबर से 11 दिसंबर 2025 तक चयनित अभ्यर्थियों की सूची को डिजिटल लॉक किया जाएगा, प्रतीक्षा सूची तैयार होगी तथा संस्थाओं द्वारा नीलिट में रजिस्ट्रेशन कराते हुए प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 12 दिसंबर 2025 से प्रदेश भर में चयनित प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण एक साथ संचालित किया जाएगा। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अन्य पिछड़े वर्ग के सभी पात्र युवाओं से अपील की कि वे विभागीय वेबसाइट के माध्यम से निर्धारित तिथियों में आवेदन अवश्य करें और योगी सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठाएं।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भरा एसआईआर फॉर्म, शुद्ध की जा रही मतदाता सूची

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बिहार के बाद अब उत्तर प्रदेश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया चल रही है। आगामी पंचायत और विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में वोटर लिस्ट को शुद्ध करने का काम किया जा रहा है। एसआईआर फॉर्म भराए जा रहे हैं।

रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने भी एसआईआर फॉर्म भर दिया है। उन्होंने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन फॉर्म भरकर एसडीएम सदर को सौंप दिया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ दौरे पर है। उन्होंने कई कार्यक्रमों में शिकरत की। राजनाथ सिंह का यह लखनऊ दौरा कई मायनों में अहम माना जा रहा है क्योंकि यूपी में एसआईआर प्रक्रिया चल रही है। राजनाथ सिंह लखनऊ से सांसद है और उनका वोट भी लखनऊ में ही है। वो नगर निगम, विधानसभा और लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए लखनऊ आते है। इस वजह से एसआईआर प्रक्रिया के तहत उन्होंने फॉर्म भर दिया है।

राजनाथ सिंह के एसआईआर फॉर्म भरने के समय एसडीएम सदर मनोज सिंह साथ मौजूद थे। यूपी में चल रही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। समाजवादी पार्टी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि प्रदेश के 15 करोड़ 44 लाख 30 हजार 092 वोटरों को जल्द से जल्द गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया जाए। समय रहते वोटरों का गणना प्रपत्र भरा हुआ जमा हो जाए और उनका नाम 9 दिसम्बर की वोटर लिस्ट ड्राफ्ट रोल में दर्ज रहे। चुनाव आयोग ने प्रदेश की 403 विधानसभाओं के 1 लाख, 62 हजार, 486 पोलिंग स्टेशनों में 15 करोड़, 44 लाख, 30 हजार, 092 मतदाताओं को 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र देने और भरा हुआ गणना प्रपत्र वापस लेने का निर्देश दिया है।

## खबरें एक नजर में

### कैसरबाग में मंत्री दानिश अंसारी ने ठेले पर खस्ते खाए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को कैसरबाग इलाके में आम दिन से अलग माहौल देखने को मिला। अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी अचानक एबीवीपी कार्यालय के बाहर लगे मटर-खस्ता के ठेले पर पहुंच गए। पुराने दोस्तों के साथ पहुंचे मंत्री ने बिना किसी प्रोटोकॉल के वहीं खड़े होकर खस्ता खाया। मंत्री को इस अंदाज में देखकर आसपास मौजूद लोग रुकते गए और कुछ ही मिनट में ठेले के पास भीड़ जमा हो गई। कई लोगों ने मोबाइल निकालकर वीडियो बनाना शुरू कर दिया। मंत्री का अचानक ठेले पर पहुंचना स्थानीय लोगों के लिए चौंकाने वाला था। मौके पर पहुंचे लोग पहले तो समझ नहीं पाए, लेकिन जैसे ही मंत्री ने खस्ता लिया, माहौल हल्का हो गया। मंत्री दोस्तों के साथ पुराने दिनों की बातें करते रहे और लोग मोबाइल में उनका यह सामान्य अंदाज कैद करते रहे। ठेले वाले को भी इतनी भीड़ देख हैरानी हुई, लेकिन मंत्री से बातचीत के दौरान उसके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।

### लखनऊ में आग लगने से सात दुकानें व गुमटी जली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के इंटौजा इलाके में रविवार रात को दुकानों में आग लग गई। फायर बिग्रेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस आग में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। इंटौजा थाना प्रभारी मारकेण्य यादव ने बताया कि बीती रात को ग्राम माधवपुर में लखनऊ सीतापुर हाईवे पर इटौंजा ओवरब्रिज के निकट गुमटी और दुकान में आग लग गयी है। सूचना पर तत्काल थाना स्थानीय पुलिस बल और दमकल विभाग की गाड़िया पहुंची और देखा तो 5-6 गुमटी में आग लगी थी। फायर सर्विस की दो गाड़ियों की मदद से आग को बुझाया गया, इसमें कोई जनहानि नहीं है। लेकिन आग से नसरुद्दीन के प्लास्टिक स्क्रैप गोदाम, शिवा की मोटरसाइकिल गैराज गुमटी, उमेश की चार पहिया गैरेज गुमटी, विवेक की इलेक्ट्रिशियन की गुमटी, मोहम्मद की गुमटी, मुनीर और राजू की गुमटी जलकर स्वाहा हो गई। जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि आग लगने की वजह की जांच की जा रही है। फिलहाल शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना है।

### दुर्गा पुरी नाले के पास पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के आलमबाग थाना क्षेत्र के मवैया दुर्गा पुरी नाले के पास एक युवक का शव पेड़ से रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला। स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और शव पहचान के लिए टीमें लगाई गई है। सुबह स्थानीय लोग नाले की तरफ से गुजर रहे थे। तभी पेड़ पर रस्सी के सहारे एक युवक लटका मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची आलमबाग पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### महिला से चेन लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र में महिला से झपट्टा मारकर सोने की चेन लूटने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से भागने की कोशिश में बाइक समेत गिर पड़े। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई चेन और घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद कर ली है। इन्दिरानगर के प्रकाशलोक विस्तार निवासी आयुष जैन ने बताया कि 7 अक्टूबर को उनकी मां सरिता जैन आम्रपाली चौराहा के पास गली से घर लौट रही थीं। तभी पीछे से आए दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनकी सोने की चेन खींच ली और बाइक से फरार हो गए। मामले में गाजीपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने सर्विलांस व टीमों को लगाया था। सीसीटीवी और मुखबिर की मदद से मिली सफलता पुलिस टीमों ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्धों से लगातार पूछताछ की।

### हाई-लेवल एम्पावर्ड कमेटी की 14वीं बैठक आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्य सचिव एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति (यूपी-आईआईईपीपी 2022) के अंतर्गत गठित हाई-लेवल एम्पावर्ड कमेटी (एचएलईसी) की 14वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में विचारोपरांत सीमेंट, स्टील और पेपर सेक्टर की कुल 4 हजार करोड़ रुपए लागत की 6 सुपर मेगा परियोजनाओं को एलओसी जारी करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इन परियोजनाओं कोऑनलाइन इन्सेन्टिव मैनेजमेंट सिस्टम (ओआईएमएस) पोर्टल के माध्यम से लेटर ऑफ कम्फर्ट तथा डिस्बर्समेंट के लिए मूल्यांकन समिति द्वारा अनुशंसा प्राप्त हो चुकी थी। बैठक में प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, प्रमुख सचिव नियुक्ति एम. देवराज, सीईओ इनवेस्ट यूपी विजय किरण आनंद, विशेष सचिव एमएसएमई श्री शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।



राजधानी (लखनऊ) में विंटेज कार बाइक रैली-2025 में संतोष शर्मा त्रिवेणीनगर, लखनऊ निवासी 1960 की बनी अपनी लैंब्रेटा इनोसेंटिव मोपेड के साथ रैली में प्रतिभाग करते हुए। समृद्धि न्यूज

### उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाबू बनारसी दास (बीबीडी) विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा

# देश के चहुंमुखी विकास की यात्रा आगे भी रहेगी जारी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बाबू बनारसी दास (बीबीडी) विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इसके बाद वह बस्ती के दौरे पर रहेंगे। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

समारोह में विश्वविद्यालय के छात्रों को उपाधियाँ प्रदान की जाएँगी तथा कुलपति विपिन सागर दास स्वागत करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि मौजूदा सरकार लकीर की फ़क़ीर नहीं बन सकती। पिछले 11 वर्षों में देश के चहुंमुखी विकास को दुनिया ने देखा है और यह विकास यात्रा आगे भी जारी रहेगी। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडी) के दीक्षांत समारोह में छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उन्होने कहा हम लकीर के फकीर नहीं बन सकते हैं। आपने भारत की विकास यात्रा को 11 वर्ष में देखा है और यह आगे भी जारी रहेगा। योगी ने कहा कि, आज आप देखते होंगे कि स्पोर्ट्स लोगो के दिनचर्या का हिस्सा बनता जा रहा है, अखिलेश दास जी यूनियन कैबिनेट में जब थे, उस समय मुझे भी सांसद के रूप में देश की संसद में रहने का अवसर प्राप्त हुआ था। उन्होने कहा, हम लकीर के फकीर नहीं बन सकते है, आपने भारत की विकास यात्रा को 11 वर्षों में देखा है, मोदी जी ने देश के अंदर डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाया। योगी ने कहा कि अपने उन विभूतियों के प्रति जिनके नाम पर विश्वविद्यालय स्थापित है उनके प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा का भाव हो। भारत की प्राचीन परपंरा में जब कोई स्नातक गुरुकुल से अपनी शिक्षा पूरी करके निकलता था तो शिक्षक द्वारा सन्देश दिया जाता था कि जीवन में सत्य बोलना और धर्म का आचरण करना। दीक्षांत समारोह के बाद मुख्यमंत्री दोपहर एक बजे 5, कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास से कार द्वारा रवाना होंगे और 1.05 बजे लामार्टिनियर कॉलेज ग्राउंड, लखनऊ पहुँचेगे।

### रोबोटिक में भारत ने लगाई लंबी छलांग

मुख्यमंत्री ने कहा देश के अंदर हमारी 56 फीसदी आबादी वर्कफोर्स है। प्रधानमंत्री ने 2020 में भारत को नेशनल एजुकेशन पालिसी दी। स्केल को स्किल से जोड़ने के लिए कारगर तरीके अपनाये गए। आपने देखा होगा रोबोटिक में भारत ने एक लंबी छलांग लगाई है। हमे भी प्रयास करने होंगे। सीवर के मैनहोल की सफाई करते हुए जिसमे सफाईकर्मी अपना दम तोड़ देता है, हम तकनीक का उपयोग कर सकते है और मानव क्षति को कम कर सकते हैं।

### राष्ट्रवादी विचारधारा के पोषक थे अशोक सिंघल : केशव मौर्य

**लखनऊ ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर स्व.अशोक सिंघल की पुण्य तिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मानवता की प्रतिमूर्ति अशोक सिंघल राष्ट्रवादी विचारधारा के पोषक थे। उन्होंने अपने परिश्रम व प्रेरक विचारों से सामाजिक समरसता के भाव पैदा किये। उन्होंने देश, समाज, सभ्यता, संस्कृति व संस्कारो के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया।वह अपनी संस्कृति व सभ्यता की रक्षा के लिए हमेशा संघर्षरत रहे। वे सादगी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अद्वितीय प्रतिमूर्ति थे, जिन्होंने जीवन के सभी सुखों को त्यागकर अपना पूरा जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर दिया।

# नगर निगम ने अवैध कब्जा हटाकर सरकारी भूमि कराई अतिक्रमण मुक्त

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत सोमवार को एक महत्वपूर्ण कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर तथा अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम ने ग्राम घैला, तहसील सदर, जिला लखनऊ में वर्षों से चल रहे अवैध कब्जे को हटाकर सरकारी भूमि को मुक्त कराया। यह कार्रवाई पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से की गई। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मडियांव थाना प्रभारी की ओर से घैला पुलिस चौकी से पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराया गया। इसके अतिरिक्त पीएसी तथा नगर निगम की ईटीएफ टीम को भी तैयार रखा गया, ताकि अभियान बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके।

मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि अवैध कब्जा अस्थाई निर्माण के रूप में किया गया था, जिसे जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई सुबह से शुरू होकर निर्धारित समय के भीतर पूरी कर ली गई। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए स्थानीय पुलिस और नगर निगम के अधिकारी शुरू से अंत तक मुस्तैद रहे।

### राष्ट्रपति करेंगी ब्रह्माकुमारीज कार्यक्रम का उद्घाटन

**लखनऊ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, गोमती नगर सेवा केंद्र ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इसमें आगामी राज्य स्तरीय कार्यक्रम श्विश्व एकता एवं विश्वास के लिए ध्यान,योग की रूपरेखा साझा की गई। इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन 28 नवंबर, शुक्रवार को दोपहर 12 बजे सुल्तानपुर रोड स्थित राजयोग प्रशिक्षण केंद्र, गुलजार उपवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी। यह जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में राधा दीदी ने दी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ते तनाव, अविश्वास और विचलन के बीच आध्यात्मिक जागरण और ध्यान के माध्यम से एकता का वातावरण बनाना है।

# राज्य सरकार प्रदेश को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध

**मत्स्य मंत्री ने भारतीय मेजर कार्प मत्स्य बीज का गोमती में किया संचय**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय निषाद की अध्यक्षता में आज यहां न्यू लक्ष्मण पार्क, गोमती रिवर फ्रंट पर राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड, हैदराबाद द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत रिवर रैंचिंग/जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश मत्स्य विकास निगम लिमिटेड गोमती हैचरी, लखनऊ से 2 लाख भारतीय मेजर कार्प मत्स्य बीज (रोहू कतला तथा नैन) 80 से 100 एम.एम. का संचय किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम योजना एवं मछुआ दुर्घटना बीमा के कुल 6 लाभार्थियों को मत्स्य मंत्री ने प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का मुख्य उद्देश्य नदियों में मत्स्य संसाधनों का पुनर्जीवन, पारंपरिक मछली पकड़ने के तरीकों को बढ़ावा देना, मछुआ समुदाय की आजीविका को मजबूत बनाना तथा जलीय जैव विविधता में वृद्धि करना है। उन्होंने बताया कि नदी पारिस्थितिकीय प्रणाली के संरक्षण हेतु रिवर रैंचिंग प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. निषाद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित कर नदी संरक्षण और मत्स्य विकास की पहल को मजबूत किया जाए। राज्य सरकार प्रदेश को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जागरुकता के माध्यम से ही टाइप-1 डायबिटीज की बढ़ती संख्या को रोका जा सकता है : डॉक्टर नेहा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** रीजेंसी हॉस्पिटल, लखनऊ ने विश्व डायबिटीज़ दिवस के उपलक्ष्य में डायबिटीज़ की रोकथाम, जल्दी डायग्नोसिस और डायबिटीज़ के प्रभावी मैनेजमेंट पर मधुमेह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टाइप 1 डायबिटीज़ से ग्रसित युवाओं को शिक्षित करने का था।

इस कार्यक्रम की वैश्विक थीम डायबिटीज़ एक्रॉस एजेस थी। इसमें डॉक्टर, नर्स, डायबिटीज एक्सपर्ट्स, और डायबिटीज मरीज के परिवारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पूरे दिन डायबिटीज के बारे में जानकारी दी गई, जांच की गई और डायबिटीज जागरूकता से संबंधित मनोरंजक



गतिविधियां आयोजित की गई। रीजेंसी हॉस्पिटल की पीडियाट्रिक एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ नेहा अग्रवाल ने भारत में डायबिटीज से ग्रसित होने वाले लोगों की तेजी से बढ़ती संख्या पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा, डायबिटीज अब बूढ़ों की बीमारी नहीं रह गई है। लोगों को खास करके बच्चों को इस बारे में शिक्षित करना ही अब एकमात्र तरीका बचा है जिससे डायबिटीज मुख्य रूप से टाइप 1 डायबिटीज की बढ़ती संख्या को रोका जा सकता है।

कार्यक्रम में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए बिना किसी फीस के मुफ्त में ब्लड शुगर टेस्ट, माता-पिता और बच्चों के लिए डायबिटीज़ मैनेजमेंट, उपकरणों के उपयोग और कार्बोहाइड्रेट की गिनती के बारे में लेक्चर, सही डाइट और पोषण के बारे में प्रमाणित डाइट एक्सपर्ट्स के साथ एक-पर-तीन या छोटे ग्रुप में कंसल्टेशन दिया गया और व्यावहारिक चीजें जैसे कि ग्लूकोमीटर का उपयोग और इंसुलिन इंजेक्शन प्रक्रिया सिखाई गई। इसके अलावा कार्यक्रम में भावनात्मक समर्थन और शिक्षा पर भी जोर दिया गया। परिवारों, मरीजों और देखभाल करने वालों ने अपनी व्यक्तिगत कहानियों के माध्यम से इन दोनों पहलुओं की महत्ता की पुष्टि भी की।

### निजीकरण कोई बच्चों का खेल नहीं : अवधेश वर्मा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद द्वारा आज उत्तर प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग को एक विस्तृत लोग महत्व प्रस्ताव भेजा गया है। जिसमें वर्ष 2025-26 की विद्युत दरों की घोषणा में अनावश्यक विलंब पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराते हुए तत्काल निर्णय की मांग की गई है। निजीकरण की प्रक्रिया को पूरी तरह खारिज करने की मांग उठाई गई। उपभोक्ता परिषद का मानना है कि अब नई बिजली दर आने वाली है इसलिए सभी वित्तीय आंकड़े बदल जाएंगे। इसलिए पुराने आंकड़ों पर निजीकरण के मसौदे पर अब आयोग को कोई भी राय विधिक तौर पर नहीं देना चाहिए। बिहार चुनाव के बाद पावर कॉरपोरेशन लगातार उद्योग जगत के बीच में यह बयान बाजी कर रहा है कि जल्द हे आरएफपी जारी करके निजीकरण का टेंडर निकाला जाएगा।

# स्कॉलर्स होम के वार्षिकोत्सव में दिखा कला, संस्कृति व संवेदना का संगम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित स्कॉलर्स होम स्कूल में वार्षिकोत्सव 2025 बड़े उल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से कला, संस्कृति और संवेदना का जीवंत चित्र प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बार्बी वर्ल्ड' की प्रस्तुति ने बच्चों की कल्पनाशीलता और उत्साह से वातावरण को उल्लासमय बना दिया। 'लायन किंग' ने संघर्ष और आत्मविश्वास का संदेश दिया, जबकि 'सिंड्रेला' ने आशा और सद्गुण की शक्ति को रेखांकित किया। वहीं हिंदी नाटक 'हम क्यों हुए पराए' ने वृद्धाश्रम के मार्मिक दृश्य के माध्यम से आज के पारिवारिक मूल्यों और माता-पिता के



प्रति बदलते दृष्टिकोण पर गहरी छाप छोड़ी। 'पिरामिड' और 'कराटे' प्रदर्शन ने विद्यार्थियों के अनुशासन और टीमवर्क को उजागर किया, जबकि 'थेस्पियन ऑफ वेलौर' ने अभिनय कौशल से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल विक्रम कुमार, एडिशनल डायरेक्टर जनरल, एन.सी.सी. उत्तर प्रदेश ने कहा कि बच्चों ने जिस तरह से कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं उससे यह स्पष्ट है कि स्कॉलर्स होम उन्हें गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को भी निखारने का कार्य कर रहा है।

**निर्देश**

### डिप्टी सीएम ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं, दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

# हर व्यक्ति को न्याय दिलाना सरकार की प्रतिबद्धता व प्राथमिकता

**जनता दर्शन बना जन संवाद का सशक्त माध्यम**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार अपने लखनऊ कैम्प कार्यालय पर जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।

जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे।श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए। जरूरतमंदों व पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए। सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है।श्री मौर्य ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सरकार हर संभव कदम उठाएगी और कोई भी पीड़ित निराश न लौटे, यही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। श्री मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न , भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। फरियादियों को विश्वास दिलाते हुये कहा कि परेशान न हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें।



पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश राज्य योजना आयोग के सीईओ के रूप में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। समृद्धि न्यूज

# प्रभारी मंत्री ने किया धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण

- किसानों को जागरूक करने के निर्देश
- किसानों को एमएसपी का पूरा लाभ दिलाने के निर्देश, सरकारी क्रय केंद्रों पर तौल और भुगतान व्यवस्था संतोषजनक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के साथ रोजा मंडी में धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय तौल करा रहे कृषकों से भुगतान आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी, कृषकों द्वारा धान खरीद योजना में धान विक्रय एवं भुगतान के सम्बन्ध में संतुष्टि प्रकट की गयी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में अभी तक 7472 कृषकों के माध्यम से 55,437.846 मी.टन धान की खरीद हो चुकी है जिसके सापेक्ष जनपद को भारतीय खाद्य निगम द्वारा आवंटित लगभग 17,574.00 मी.टन नॉन एफ.आर. के. के सापेक्ष मिलर्स द्वारा नॉन एफ.आर. के. सी.एम. आर. प्रेषित किया जा रहा है। जनपद में एफ. आर. के. की आपूर्ति प्रारम्भ हो गई है। मिलर्स द्वारा लैब रिपोर्ट प्राप्त होते ही तेजी से सी.एम.आर. का सम्प्रदान प्रारम्भ करा दिया जायेगा। प्रेषित सी.एम.आर. के सापेक्ष मिलों को धान का प्रेषण किया जा सकेगा।



उक्त के अतिरिक्त सम्पति वर्ष धान खरीद में एफ.आर.के. आपूर्ति एवं आ रही अन्य समस्याओं के सम्बन्ध में भी प्रभारी मंत्री को अवगत कराया गया, जिस सम्बन्ध में उनके द्वारा समस्या के समाधान कराये जाने का आश्वासन दिया गया है। मण्डी प्रशासन एवं विभिन्न क्रय संस्थाओं के जिला प्रभारी को निर्देशित किया कि शासन की महत्वपूर्ण योजना धान खरीद से अधिकाधिक कृषकों को लाभान्वित करने का हर सम्भव प्रयास किया जाए। प्रभारी मंत्री ने मंडी में आढ़त पर धान बेचने आए किसानों से बातचीत की तो किसान ने बताया कि धान के मानक पूरा न होने के कारण सरकारी क्रय केंद्र पर नहीं बेच पा रहा हूं। मंत्री ने असंतोष व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को अच्छी फसल एवं उपज के लिए जागरूक करने के लिए जिला मुख्यालय, तहसील एवं ब्लॉकवार संवाद करने की व्यवस्था की जाए। जागरूकता कार्यक्रम में किसानों को फसल बोने, पैदा करने तथा फसल काटने से लेकर बेचने तक की जानकारी दी जाए। कार्यक्रम के माध्यम से किसान जागरूक होकर अच्छी वैरायटी की फसल बुआई कर अच्छा उत्पाद लेकर अधिक लाभ उठा सके। मंत्री ने कहा कि सभी किसानों को अपनी सही उपज का पूरा एमएसपी का लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए।

माननीय मंत्री जी ने सरकारी क्रय केंद्र पर धान की तौल कराने आए किसानों से वार्ता कर जानकारी प्राप्त की। किसानों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि धान फसल की सही उपज का सही दाम मिला, धान बिक्री करने में कोई समस्या नहीं तथा भुगतान भी समय से मिल रहा है। मंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि किसानों की फसल उपज का पूरा पैसा मिले जिससे किसानों की आए बेहतर हो। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की मंशानुसार किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों पर धान बेचने में किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो और भुगतान भी समय से होता रहे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट/मंडी सभापति प्रवेंद्र कुमार, जिला खाद्य विपणन अधिकारी राकेश मोहन पाण्डेय एवं मंडी सचिव रिंकू कुमार कश्यप सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### ओ-लेवल व सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण को एक दिसंबर तक आवेदन

**शाहजहांपुर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत ओ-लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए द्वितीय चरण के लिए निर्गत समय सारिणी अनुसार विभागीय वेबसाइट www.obccomputertraining.upsdc.gov.in पर बेरोजगार युवक एवं युवतियों हेतु इच्छुक आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन करने के लिए 20 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक तिथि निर्धारित की गयी है। जानकारी देते हुए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रसून राय ने बताया कि निर्धारित तिथि तक शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं 35 वर्ष से कम आयु वाले इच्छुक बेरोजगार युवक व युवतियां ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात प्रिन्टआउट जनपद कार्यालय कक्ष संख्या 307 विकास भवन में जमा किए जाएगे।

## रावण वध लीला का हुआ मंचन

**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे में चल रही श्रीराम जानकी रामलीला मेले का सोमवार देर शाम रावण वध के साथ समापन हो गया। राम ने अपने वाणों से रावण की नाभि में वाण मार कर अंत कर दिया।



अधर्म पर धर्म की विजय प्राप्त कर राम ने पृथ्वी को अत्याचारियों से मुक्त कर दिया। रामलीला मैदान में शाम होते ही राम-रावण का युद्ध देखने के लिए बड़ी संख्या में कस्बा सहित क्षेत्र के लोग मौजूद थे। जैसे ही राम अपने वाणों से रावण पर प्रहार करते, वैसे ही लोग जय श्रीराम का उद्घोष करते। काफी देर तक युद्ध होने के पश्चात भी राम रावण को नहीं मार पाए। यह देख विभीषण ने रावण की मृत्यु का राज राम को बताया। राम ने वाण छोड़कर रावण की नाभि का अमृत सुखाकर रावण को मृत्यु की नींद सुला दिया। रावण वध के पश्चात पुतला दहन किया गया।

## पुवायां के वार्ड-2 से जिला पंचायत सदस्य के लिए मैदान में उतरे पूरन मिश्रा, जनसेवा को बताया जीवन का उद्देश्य

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

आगामी पंचायत चुनाव की सरगर्मियों के बीच पुवायां के द्वितीय वार्ड से युवा समाजसेवी पूरन मिश्रा ने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए ताल ठोक दी है। क्षेत्र के विकास और जनसेवा को जीवन का लक्ष्य मानने वाले पूरन मिश्रा का कहना है कि राजनीति उनके लिए पेशा नहीं, बल्कि समाज को कुछ लौटाने का माध्यम है। एक मुलाकात में उन्होंने बताया कि जनसेवा मेरा बचपन का शौक रहा है। पंचायत स्तर पर प्रतिनिधित्व मिलने से मैं लोगों की समस्याओं को नजदीक से समझकर उनके समाधान के लिए प्रभावी कदम उठा सकूंगा। श्री मिश्रा का मानना है कि आज के दौर में बिना राजनीतिक पहुंच के जनकल्याण के



कार्य सीमित हो जाते हैं, इसलिए ग्रामीण जनता की आवाज़ को मजबूत मंच देना बेहद जरूरी है। पूरन मिश्रा ने कहा कि यदि मन में विश्वास और दृढ़ संकल्प हो तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं रहता। देश की तस्वीर बदलने में हमेशा युवाओं की अग्रणी भूमिका रही है, इसलिए राजनीति में युवाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए। हालांकि पंचायत चुनाव में अभी समय है, लेकिन संभावित प्रत्याशी अभी से जनता के बीच जाने लगे हैं। कई दावेदारों के बीच पूरन मिश्रा ने बीते दिनों अपने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की, जिसके बाद क्षेत्रीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है। गांव नाहिल के रहने वाले पूरन मिश्रा लंबे समय से क्षेत्र में सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाते हैं, जिससे जनता में उनकी छवि मजबूत मानी जा रही है। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने सिंगापुर खास, गुलौली, कनपारा, जिगना, नगरिया, फूटा कुआं, बहलोलपुर, महुरेना, नवाबपुर गंगा समेत कई गांवों का दौरा किया। ग्रामीणों ने उन्हें समर्थन का भरोसा दिलाते हुए उम्मीद जताई कि जीत मिलने पर वे क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। पूरन मिश्रा का कहना है कि पीड़ितों और जरूरतमंदों की मदद करना उनकी प्राथमिकता रही है और चुनाव जीतने के बाद वे विकास कार्यों के माध्यम से जनता के विश्वास का कर्ज उतारेंगे।

## शमशान भूमि पर अवैध रूप से कब्जा, बांधे जा रहे मवेशी

**सिंधौली शाहजहांपुर।** सिधौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेनीपुर के गांव नगरा लाहौरी में शमशान घाट पर ग्रामीणों का अवैध रूप से कब्जा ग्रामीणों ने बांधे अपने,अपने मवेशी गांव बालो ने बताया कि ग्राम पंचायत बेनीपुर के गांव नगरा लाहौरी में श्मशान घाट की भूमि पर गांव के कुछ दबंग लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर अपने, अपने जानवर बांधने लगे, और भूसे के गूंगे, कंडे बठिया लगाने लगे। जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों में बृजपालयादव, राजवीर सिंह, आदित्य, अंकित, रावत, नितिन प्रताप सिंह, और गांव के बड़े बुजुर्ग ने शिकायत दर्ज कराई और श्मशान घाट को खाली कराये जाने की मांग की है।

## साइकिल सवार को बचाने में गन्ने से भरा ट्रक पलटा

- बड़ा हादसा होने से टला

**खुटार, समृद्धि न्यूज।**

खुटार मैलानी रोड निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के पास एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में गन्ने से भरा ट्रक ओवर ब्रिज के नीचे भर भरा कर पलट गया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। जबकि चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई। क्षेत्र के नरौठा देवीदास निवासी ट्रक चालक एहस्याम ने बताया कि वह पीलीभीत के थाना सेरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव चत्तीपुर के गन्ना क्रय केंद्र से ट्रक में गन्ना भरकर खुटार होते हुए गुलरिया चीनी मिल खीरी को जा रहा था। कि वह खुटार मैलानी रोड निर्माणाधीन ओवर



ब्रिज के पास जैसे ही पहुंचा कि अचानक एक साइकिल सवार ट्रक के सामने आ गया। जिससे उसे बचाने के चक्कर में वह नियंत्रण खो बैठा और ट्रक निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के नीचे अनियंत्रित होकर पलट गया। जिस पर उसने खुद को कूदकर अपनी जान बचाई। मौके पर मौजूद प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि संयोग रहा की गन्ने से भरा ट्रक पलटते समय कोई अन्य वाहन नहीं गुजर रहा था नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

## खबरें एक नजर में

### नि:शुल्क नेत्र शिविर में हुई 85 रोगियों की जांच

**तिलहर-शाहजहांपुर।** क्षेत्र के हुसैनपुर कबरा गांव में डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 85 लोगों ने अपनी आंखों की जांच हुई। हुसैनपुर कबरा गांव में डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल सहदेव मोहम्मदी की शाखा के सहयोग से एक नेत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में करीब 85 लोगों की आंखों की निशुल्क जांच की गई। इस विशेष कार्यक्रम के माध्यम से गांव के वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी उम्र के ग्रामीणों को निशुल्क आंखों की जांच एवं दृष्टि सुधार संबंधित परामर्श दिया गया। जांच के बाद करीब 45 मरीज को चश्मा वितरित किए गए।इस मौके पर स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को आंखों की देखभाल नियमित परीक्षण तथा धूप प्रकाश से बचाव के बारे में जानकारी दी।शिविर में श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल सहदेवा मोहम्मदी की शाखा टीम हिमांशु, धीरज गंगवार,कल्पना,संदीप मौजूद रहे।

### ग्यारह हजार लाइन के दो तार चोरी का आरोप

**पुवायां शाहजहांपुर।** जनपद बरेली के थाना फरीदपुर के गांव नवादा बिलसंडी निवासी गजेन्द्र सिंह पुत्र चंदन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 17 अक्टूबर को उसने गंगसरा से तिंदुआ तक बिजली का 11000 की लाइन का तार डाला था। जब 15 नवंबर को मौके पर पहुंचा तो देखा लाइन में डाले गए 11000 लाइन के तीन तारों में से दो तार अज्ञात चोरों द्वारा काट लिया गया। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की।

### खेत में दिखा अजगर, हड़कंप

**बंडा, शाहजहांपुर।** बरीबरा गांव में ग्रामीणों ने तेजिंदर सिंह उर्फ मंगा के खेत में करीब दस फीट लंबा अजगर सांप देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी जिस पर आए वन कर्मियों ने उसका रेस्क्यू कर उसे जंगल में ले जाकर छोड़ दिया। तेजिंदर सिंह ने बताया कि वन कर्मियों ने बताया कि उसके खेत में अजगर किसी जानवर का शिकार करने के बाद धूप सेंक रहा था। उसका खेत जंगल से सटा हुआ है जिसके चलते किसी तरह रेंगकर वह उसके खेत तक पहुंच गया। वहीं वन दरोगा रघुवीर सिंह रावत ने बताया कि करीब दस फीट के अजगर का रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ दिया गया है, जिसका वजन करीब 30 किलो अनुमानित है।

### लंबित प्रोत्साहन राशि की भुगतान को लेकर आशा बहू ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद पर किया प्रदर्शन

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आशा बहुओं ने अपनी लंबित प्रोत्साहन राशि के भुगतान की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। आशा बहुओं का आरोप है कि उन्हें पिछले पांच साल से विभिन्न योजनाओं का भुगतान नहीं मिला है। प्रदर्शनकारी आशा बहुओं ने बताया कि उन्हें वर्ष 2019 से टीबी के भुगतान के साथ-साथ कोविड-19, आधार कार्ड बनाने, आयुष्मान कार्ड बनाने और मातृ वंदना योजना का भी भुगतान नहीं मिला है। इसके अतिरिक्त, पोस्ट रोग और फाइलेरिया जैसे अभियानों में किए गए काम का पैसा भी लंबित है। आशा बहुओं ने यह भी बताया कि उन्हें चार साल से साड़ी वाउचर और फोन रिचार्ज का पैसा भी प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे उनमें भारी रोष है। सोमवार को जलालाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो दर्जन से अधिक आशा बहुएं एकत्र हुईं और उन्होंने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर सीएचसी परिसर में धरना प्रदर्शन भी किया।

## सड़क हादसे में घायल युवक की सीएचसी में मौत

**तिलहर-शाहजहांपुर।** ट्रैक्टर ट्राली और बाइक की हुई भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत



हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव ग्वार निवासी बाइक सवार युवक अरविंद पुत्र मचकंद 22 की बाइक की बरखेड़ा हवेली - समधाना संपर्क मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से भीषण टक्कर हो गई। जिससे अरविंद गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल तिलहर सीएचसी लाया गया। जहां पर इलाज के दौरान अरविंद की मौत हो गई।

## बार काउंसिल चुनाव में शाहजहांपुर से विश्वदीप अवस्थी ने सदस्य पद के लिए भरा नामांकन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश बार काउंसिल चुनाव में सोमवार को शाहजहांपुर से अधिवक्ता विश्वदीप अवस्थी ने सदस्य पद हेतु अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान शाहजहांपुर सहित कई जनपदों के सैकड़ों अधिवक्ता साथी भारी संख्या में उनके साथ उपस्थित रहे, जिससे नामांकन स्थल पर उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला।

नामांकन के दौरान उनके प्रस्तावक के रूप में पूर्व विधायक उमाशंकर शुक्ला के पुत्र और वरिष्ठ अधिवक्ता विनय शुक्ला विशेष रूप से मौजूद रहे। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद विश्वदीप अवस्थी एडवोकेट ने अधिवक्ता साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं का व्यापक समर्थन और आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अधिवक्ता अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। अब समय आ गया है कि अधिवक्ताओं के अधिकारों की लड़ाई को



मजबूत किया जाए और उन्हें उनका उचित सम्मान एवं सुरक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि अधिवक्ता समाज की आवाज़ को बार काउंसिल तक मजबूती से पहुँचाना और उनके हितों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें प्रतिनिधित्व का अवसर मिलता है, तो अधिवक्ताओं के कल्याण, सम्मान, सुविधाओं और न्याय के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

नामांकन के दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं ने विश्वदीप अवस्थी एडवोकेट के समर्थन में जोरदार उत्साह दिखाया और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से इलाहाबाद हाईकोर्ट से विजय मिश्रा एडवोकेट, अनुज यादव एडवोकेट, संजय दूबे एडवोकेट, अंकित यादव एडवोकेट, कुशाग्र चौहान, राहुल गुप्ता एडवोकेट, हरदोई से कृष्णकांत मिश्रा एडवोकेट, राहुल रंजन मिश्रा एडवोकेट, बरेली से देवेंद्र कुमार एडवोकेट, लखीमपुर से सुरजीत शर्मा एडवोकेट, आगरा से तपेश अग्रवाल, अम्बेडकरनगर से विशाल त्रिपाठी एडवोकेट, बाराबंकी से रमन बाजपेई एडवोकेट, हरीश मौर्या, सुल्तानपुर से मित्रसेन उपाध्याय, शाहजहांपुर से पूर्व संयुक्त सचिव प्रशासन अभिषेक मिश्रा एडवोकेट, देवेंद्र मिश्रा एडवोकेट, शिवांश मिश्रा एडवोकेट, ब्रजेश नारायण मिश्रा एडवोकेट, रामजी अवस्थी एडवोकेट, उत्पल यादव एडवोकेट, चंदन अग्निहोत्री एडवोकेट, अंकित मिश्रा एडवोकेट, हर्षित मिश्रा एडवोकेट, सुधांशु मिश्रा एडवोकेट, चित्रकूट से नमो नारायण मिश्रा, लखनऊ हाईकोर्ट से मोहित वर्मा एडवोकेट, सोनभद्र से आर.के. पाठक सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता साथी मौजूद रहे।

## 189 कृषकों को लहसुन व 32 कृषकों को प्याज बीज वितरित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कृषकों में नि:शुल्क वितरण हेतु जनपद को एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत प्याज, लहसुन, ग्लैडियोलस, तुलसी एवं अनुसूचित जाति-जनजाति कृषकों के लिए औद्यानिक विकास योजना राज्य सेक्टर के अन्तर्गत प्याज व गेंदा का बीज प्राप्त हो चुका है, जिसके क्रम सोमवार को लगभग 189 कृषकों को लहसुन व 32 कृषकों को प्याज बीज वितरित किया गया। शेष पंजीकृत कृषक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय



जिला उद्यान अधिकारी अथवा राजकीय अलंकृत उद्यान डीएम कम्पाउण्ड से अपना बीज प्राप्त कर सकते है।

## थाने में युवक को पड़ा दौरा, पुलिसकर्मियों में हड़कंप

- गांव किरतापुर में जमीन के विवाद को दो भाइयों को पुलिस ने बुलाया था थाने, हवालत मे किया बंद

**शाहजहांपुर।** थाना जलालाबाद क्षेत्र के मोहल्ला नवी नगर निवासी सोनू व शाकिर पुत्र गौरी शाह का अपने ही सगे भाइयों से खेत की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जाता है शकीरा पांच भाई है उसकी मां मुन्नी ने शकीरा व सोनू के नाम सभी भाइयों से अलग तीन बीघा जमीन की रजिस्ट्री कर दी। इसी को लेकर विवाद चल रहा है। इस विवाद के चलते एक भाई गुड्डू ने थाने में शिकायत कर दी। जिस पर पुलिस ने सोनू बादशाह के थाने बुलाया और उसे हवालात में बंद कर दिया। पुलिस ने दोनों को हवालात में बंद कर दिया हवालात में बंद होते ही शाकिर को दिल का दौरा पड़ गया दौरा पड़ते ही पुलिस के हाथ पैर फूल गए और उन्होंने आनन-फानन में उसको सीएचसी जलालाबाद लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया। इस बारे में क्राइम इंस्पेक्टर रवि प्रताप ने बताया कि पीड़ित पहले से ही दिल का मरीज था और उसका इलाज चल रहा था थाने में बंद होते ही वह घबरा गया और उसको दिल का दौरा पड़ गया फिलहाल उसे इलाज के लिए ले गई है।

### याकूबपुर में अवैध अतिक्रमण हटा, पीडब्ल्यूडी ने की कार्रवाई

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद क्षेत्र स्थित याकूबपुर में महाराणा प्रताप चौक के पास से सड़क किनारे का अतिक्रमण हटा दिया गया है। पीडब्ल्यूडी ने यह कार्रवाई की, जिससे बरसों से यहां खोखा लगाकर दुकान चलाने वाले दुकानदारों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है।

**लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास से हटाई गई दुकानें**

यह कार्रवाई जलालाबाद से शाहजहांपुर तक बन रही फोर लेन सड़क परियोजना के तहत की गई है। जानकारी के अनुसार, सड़क किनारे दुकान चलाने वाले इन दुकानदारों को पहले नोटिस दिए गए थे। सोमवार सुबह 8 बजे अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू हुई। अतिक्रमण हटाने के बाद सड़क किनारे खुदाई के लिए कैट मशीनें लगाई गईं। इस कार्रवाई से लक्ष्मी नारायण मंदिर के चबूतरे तक सड़क की नाप पहुंच गई है। दुकानदारों का कहना है कि उनके सामने अब रोजी-रोटी की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने इस संबंध में बताया कि सड़क चौड़ीकरण का काम सड़क किनारे से 10 मीटर है।

## घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ रेप की रिपोर्ट दर्ज

- पीड़िता को मेडिकल के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेजा

**तिलहर - शाहजहांपुर।** घर में घुसकर नाबालिक लड़की से रेप करने के मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी युवक की तलाश में दविशे दिए जाने का दिल सिला जारी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 12 नवंबर की तड़के सुबह करीब पांच बजे गांव डडिया निवासी रजत नामक युवक उनके घेर में घुस आया और उसकी 17 वर्षीय बेटी से जबरन रेप कर शिकायत करने पर जन से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। घटना की बेटी ने परिजनों को जानकारी दी। पीड़िता के परिजनों ने पुलिस में शिकायत करते हुए जोर जबरदस्ती करने की तहरीर दी। मामला पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के संचयन में आने पर उन्होंने सीओ ज्योति यादव को घटना की मौके पर जाकर जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में रविवार को सीओ ज्योति यादव ने कोतवाल राकेश कुमार सिंह के सानिध्य में पीड़िता के गांव जाकर घटना क्रम की जांच की। जिसमें पीड़िता ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किए जाने के बयान दर्ज कराए। सोमवार को आरोपी युवक रजत के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया। वहीं आरोपी की तलाश में पुलिस द्वारा दबिश देने का सिलसिला जारी है। फिलहाल आरोपी समाचार भेजे जाने तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका है। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि रेप व पॉस्को एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## सेवा, समर्पण और संस्कारों के साथ मनाया गया कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना का जन्मदिन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं शाहजहांपुर की शान सुरेश कुमार खन्ना के जन्मदिवस पर पूरे जनपद में सेवा, श्रद्धा और सद्भाव का विशेष माहौल देखने को मिला। भाजपा युवा मोर्चा के ऊर्जावान नगर उपाध्यक्ष जितिन तिवारी ने इस अवसर को सेवा पर्व का स्वरूप देते हुए कई सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसकी शहर भर में सराहना की गई। जितिन तिवारी अपने साथियों के साथ राजकीय मेडिकल कॉलेज, शाहजहांपुर पहुँचे और वहाँ भर्ती मरीजों व तीमारदारों को फल एवं बिस्कुट वितरित किए। उनके इस



मानवीय कार्य को लोगों ने विशेष रूप से सराहा और कहा कि किसी युवा नेता द्वारा ऐसा संवेदनशील और जनहितकारी कार्यक्रम पहली बार देखने को मिला है। इसके बाद जितिन तिवारी ने पंचमुखी हनुमान धाम में विशेष पूजा-अर्चना कर मंत्री सुरेश खन्ना की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर जनसेवा की कामना की। उन्होंने गौसेवा की परंपरा निभाते हुए बंदरों को केले भी खिलाए और धार्मिक संस्कारों को जनसेवा से जोड़ने का संदेश दिया।

शाहजहांपुर स्थित मंत्री के राजभवन कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जन्मदिन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मंत्री के पीआरओ अमित मानिक मिश्रा ने केक काटा। कार्यकर्ताओं ने मंत्री खन्ना के नेतृत्व, उनके विकास कार्यों और जनता से जुड़े सरल-सहज व्यवहार की प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने अपने 40 से अधिक वर्षों के राजनीतिक जीवन में हमेशा ईमानदारी, निष्पक्षता और विकास को प्राथमिकता दी है। उनकी स्वच्छ छवि, सादगी और निष्ठा आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

इसी प्रेरणा से प्रेरित होकर जितिन तिवारी द्वारा आयोजित यह सेवा कार्यक्रम न केवल भाजपा संगठन को मजबूत करता है, बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक संदेश देता है। उनका यह प्रयास सेवा ही संगठन के मंत्र को वास्तविक जीवन में उतारने का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिल्पी गुप्ता अध्यक्ष भाजपा महानगर, दिलीप गुप्ता हनुमान धाम मंडल अध्यक्ष, अमन सक्सेना (मंडल महामंत्री), सारस्वत श्रीवास्तव, अभिषेक यादव, रितेश गुप्ता (जिला मंत्री भाजपा), दीपक शर्मा, मनोज पाल, उदय ठाकुर, वंश दुबे, प्रियांशु सक्सेना सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सूचना

मैं राजवीर सिंह पुत्र सुखवीर सिंह निवासी- ग्राम-नत्थापुर परगना व तहसील-पुवायां, जिला-शाहजहांपुर का निवासी हूं। मैंने अपनी पत्नी अंजू देवी पुत्री हरनाम सिंह, संतवंती पत्नी सुखबीर सिंह पुत्री प्रीती पवार, मुनेंद्र सिंह से सारे रिश्ते गलत आचरण के कारण समाप्त कर लिए हैं, उनसे मेरा अब कोई वास्ता वो सरोकार नहीं है, यदि वह मेरे विरुद्ध कोई भी कार्यवाही करते हैं, तो उसे निराधार माना जाए।

सूचनार्थी
राजवीर सिंह, पुत्र सुखवीर सिंह
पता उपरोक्त।

# वरिष्ठ नागरिकों को मिले किराए में छूट: रवि

▸ कलेक्ट्रेट में कोषागार पेंशनर्स कक्ष में हुई पेंशनर्स की बैठक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार पेंशनर्स कक्ष में प्रांतीय अध्यक्ष रवी शर्मा की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव सत्य प्रकाश तिवारी के संचालन में एक मासिक बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें कई विभागों के पेंशनर्स ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए और मांगों को पूर्ण करने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने मांग कि उत्तराखंड की भांति राज्य सरकार के पेंशनर्स को 65, 70 और 75 वर्ष पर अतिरिक्त पेंशन क्रमशः 5, 10, 15 प्रतिशत देने की तत्काल मांग की गई। सभी ने एक स्वर में कोविड काल का 18 माह की रोकी गई महंगाई राहत तत्काल दिए जाने की मांग की। परिवहन, नगर निगम की बसों के किराए में अन्य प्रदेशों की भांति छूट दी जाए। गन्ना शोध परिषद के पेंशनर्स को पूर्व की भांति पेंशन दी जाए। नगर निगम द्वारा दवाई का दैनिक छिड़काव रोगों की रोकथाम हेतु कराया जाए। चिकित्सा प्रतिपूर्ति के बिलों का भुगतान कोषागार द्वारा समयबद्ध कराया जाए। वरिष्ठ नागरिकों हेतु बैंकों, अस्पतालों में पृथक काउंटर बनाए जाएं। अपर निदेशक कोषागार बरेली मंडल बरेली पेंशन स्वीकृत प्राधिकार पत्र की स्वीकृति की प्रति



पेंशनर को नहीं भेजते हैं, जिससे पेंशनर को सूचना न मिलने के कारण अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है, अतः पेंशनर की प्रति पेंशनर को सीधे उपलब्ध कराई जाए। बैठक में सभी ने पुरानी पेंशन को तत्काल बहाल किए जाने की भी मांग की। शासनादेश होने के बावजूद बेसिक शिक्षा अधिकारी के स्तर से सेवानिवृत शिक्षकों को नोशनल इंक्रीमेंट दिए जाने में विलंब किया जा रहा है, जिसे तत्काल दिलाए जाने की मांग की गई। पेंशन में राशिकरण की अवधि 15 वर्ष से घटाकर 11 वर्ष किए जाने की भी मांग की गई। कोरोना काल में बंद की गई रेलवे छूट की सुविधा वरिष्ठ नागरिकों को पुनः बहाल की जाए।कर्मचारियों के भत्ते की भांति पेंशनरों को महंगाई राहत नियमित रूप से एक साथ जारी किए जाएं। सभी सदस्यों ने एक स्वर में वित्त विधेयक 2025 में पेंशन से जुड़े प्रतिगामी संशोधन को समाप्त किए जाने की मांग की तथा बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार दिनांक 29.11.25 को समय 11 बजे अपरान्ह प्रदेश के आह्वान पर सार्वजनिक स्थल खिरनी बाग राम लीला ग्राउंड से कटोरी बजाते हुए एवम् रूट मार्च करते हैं मौन जुलूस निकालते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन देकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। सभी पेंशनर्स संगठनों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर कार्यक्रम को सफल बनाने का कृपया कष्ट करें। बैठक में रवी शर्मा, सत्य प्रकाश तिवारी, प्रेमपाल सिंह, चंद्र प्रकाश मिश्रा, राजेश चंद्र शुक्ला, हर प्रसाद पाण्डेय, गजेन्द्र प्रसाद शर्मा, रामकुमार तिवारी, शशिशेखर दिक्षित, चंद्रशेखर दीक्षित, सुशील प्रकाश शर्मा, अशोक चंद्र मिश्र, उमेश चंद्र पाठक, राजेश गिरि, राजेश द्विवेदी, ज्ञानेश कुमार शुक्ला, सर्वेश गुप्ता, सरोज श्रीवास्तव, अनिल दीक्षित, प्रेम सागर यादव, जयचन्द, हरिनंदन शर्मा, राम रतन, महेश चन्द्र वर्मा, मुन्ना लाल शर्मा, देवेश चन्द्र शुक्ला आदि ने सहभागिता की।

## छुट्टा पशुओं को पकड़ने का अभियान चला



**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** सड़क किनारे घूम रहें आवारा गोवंशीय पशुओं द्वारा आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए सोमवार को डीएम के निर्देशन पर विकासखंड क्षेत्र में अभियान चलाकर छुट्टा गोवंशों के गले में रेडियम का पट्टा लगाया गया। बता दें कि रात के समय सड़क पर अचानक पशु आ जाने पर वह दिखाई नहीं देता था। तब तक वाहन दुर्घटना का शिकार हो जाता था। अब गले में रेडियम का पट्टा पड़ा होने से रोशनी पड़ने पर दूर से आवारा पशु दिखाई देंगे। सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामौतार शर्मा ने बताया डीएम के विकासखंड क्षेत्र के गांव नगरिया खुर्द, नवादा मोड़, अगरोली, गौहापुर, रसेवन, बेहटा मुरादपुर, करकौर, मारुझाला, अली अकबरपुर नवादा में अभियान चला कर छोटा पशुओं को पहले गुड़ खिलाया गया। उसके बाद उनके गले में रेडियम का पट्टा लगाया गया। अभियान में अवर अभियंता राजवीर मौर्य, सचिव मनीष कुमार शुभम, मदन मोहन आदि का योगदान रहा।

# अपने बुजुर्गों का संरक्षण करना हमारा दायित्व: जज



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं जिला जज विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007 के विषय पर विधिक एवं जागरूकता शिविर का आयोजन वृद्धाआश्रम बनतारा में किया गया। अध्यक्षता अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ओमप्रकाश मिश्र-तृतीय द्वारा की गयी। सचिव ने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007 के विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि अपने विधिक अधिकारों को जाने एवं अपने बुजुर्गों का संरक्षण करना हमारा दायित्व है। उन्होंने उक्त अधिनियम के प्राविधानों के बारे में वृद्धजनों को विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुये बताया कि इस अधिनियम के तहत आपको भरण-पोषण व आपकी संपत्ती को सुरक्षित रखा जाता है। वृद्धजन अपने बच्चों व अपने पौत्र से भरण-पोषण ले सकते हैं। एलएडीसीएस चीफ दिनेश कुमार मिश्रा द्वारा उक्त अधिनियम के बारे में जानकारी दी एवं बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार व उनके अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूक किया। उनके द्वारा बताया गया कि हमे बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना चाहिए, क्योंकि उनके आशीर्वाद से हम सफलता की ऊंचाइयों को छूते हैं। साथ ही उनके द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की एलएडीसीएस प्रणाली के बारे में जानकारी दी गयी एवं स्थायी लोक अदालत द्वारा दी जाने वाली सेवाओं व सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। वृद्धाश्रम के प्रबन्धक वृह्मदेव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक मो. अफजल द्वारा किया गया। शिविर में अंजली, अन्य स्टॉफ व वृद्धजन आदि मौजूद रहे।

## रन फॉर यूनिटी पदयात्रा का हुआ आयोजन




**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** सरदार पटेल की 150वीं जंयती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा रन फॉर यूनिटी पैदल यात्रा नगर के स्वामी विवेकानंद महाविधालय से शाहजहांपुर रोड होते हुए राजीव चौक से राजा मार्केट होते हुए कबीरदान बाबा से छावनी होते हुए चौराहा बाजार से तिराहा बाजार होते हुए सेंटर चौराहा से खुटार रोड होते हुए गांधी पार्क में यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष के सी मिश्रा, एम एल सी डा सुधीर गुप्ता, विधायक चेतराम यात्रा के जिला संयोजक नमित दीक्षित, सह संयोजक प्रशांत पटेल विधानसभा संयोजक उपेंद्रपाल सिंह, ब्लाक प्रमुख सुरजनलाल, ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शर्मा, पालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता, विनायक अग्रवाल, पुनीत शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष अर्पित गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष रवि गुप्ता, आभा गुप्ता, मधु सिंह, मदनपाल, ब्रजेद्र प्रजापति, दिनेश अवस्थी, सिद्धार्थ कश्यप, जीवेंद्र गुप्ता, पंकज मिश्रा, मिथुन मिश्रा, व कैंब्रिज कान्वेंट प्रेमचंद्र स्मारक इंटर कॉलेज पुवायां इंटर कालेज पुवायां के छात्र भी यात्रा में शामिल रहे।

### 27 दिन की भूख-हड़ताल के बाद रामगंगा नदी पर बजीरपुर घाट का पैटून पुल स्वीकृत

**शाहजहांपुर।** लंबे संघर्ष और 27 दिन की भूख-हड़ताल के बाद आखिरकार रामगंगा नदी के बजीरपुर घाट पर प्रस्तावित पैटून पुल को स्वीकृति मिल गई है। प्रदेश सरकार ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 98.75 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत करते हुए आज 17 नवंबर 2025 को शासनादेश जारी कर दिया। इस संबंध में समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं आंदोलन के आयोजक रामवीर सिंह सोमवंशी ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यह सफलता जनता के संघर्ष और संयुक्त विपक्ष के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व में यह भूख-हड़ताल पूरे 27 दिन चली, जिसमें पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता ने भरपूर सहयोग दिया। सोमवंशी ने कहा यह जीत पूरे क्षेत्र की जीत है।आंदोलन में साथ देने वाले सभी समाजवादी नेताओं, कांग्रेस नेता अतीत गुप्ता, मोहित शर्मा, जिला सचिव प्रभाशंकर गुप्ता तथा बजीरपुर-रामपुर के ग्रामीणों का रात-दिन मिला सहयोग अविस्मरणीय है। ये सभी धन्यवाद और बधाई के पात्र हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आंदोलन के दौरान कई युवाओं ने अपनी जान की परवाह किए बिना नदी में कूदकर प्रदर्शन किया, उनका साहस इस संघर्ष की असली ताकत रहा। आंदोलन आयोजक ने जिले के प्रशासन को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने पूरे प्रकरण में सकारात्मक सहयोग किया। सोमवंशी ने बताया कि उनके पत्र पर दिनांक 25 नवंबर 2024 को प्रमुख सचिव अजय सिंह चौहान द्वारा पैटून पुल की स्वीकृति की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई, जिसका परिणाम आज सामने आया। उन्होंने कहा कि इस पुल के निर्माण से शाहजहांपुर सहित आसपास के कई जिलों के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और स्थानीय स्तर पर आर्थिक व सामाजिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

## विश्व हिंदू रक्षा सेना ने कैफे में गलत गतिविधियां, गौवंश व सट्टे सहित कई समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शहर में लगातार बढ़ती अव्यवस्थाओं को लेकर विश्व हिन्दू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल शुक्ला ने जिलाधिकारी को संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन मे कहा गया गया कि शहर के कई कैफ़े प्राइवेसी के नाम पर गलत गतिविधियों के अड्डे बनते जा रहे हैं, जिससे किशोर और युवा वर्ग पर गंभीर नकारात्मक असर पड़ रहा है।इसके साथ ही संगठन ने बताया कि आवारा गौवंश सड़कों पर खुलेआम घूम रहा है और आपस में लड़ाई की वजह से बच्चों व राहगीरों की सुरक्षा खतरे में है। शहर में सट्टा



और जुआ का अवैध कारोबार भी तेजी से फैल रहा है। नगर निगम द्वारा खुले छोड़े गए नाले भी बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं।संगठन ने स्पष्ट कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द कड़ी कार्रवाई नहीं की, तो बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान दिनेश कुमार, ऋषभ, अमोल सहित संगठन के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शाहजहांपुर राउंड टेबल 298 द्वारा आयोजन आरटीआई वीक 2025 के दिवस 3 के अंतर्गत राउंड टेबल 298 ने जिला अस्पताल के सहयोग से एकेसी हुंडई बरेली मोड़ पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। पहल का उद्देश्य स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं को सहयोग देना और स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देना था। शिविर में टेब्लर्स, सर्कलर्स एवं समाज के अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एक यूनिट रक्त तीन जिंदगियां बचा सकता है, का संदेश सभी प्रतिभागियों के बीच गूंजता रहा। शिविर में 20 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जिससे जिला रक्तकोष को महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। प्रत्येक दाता को उनके इस मानव सेवा कार्य




के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। रक्तदान के बाद दाताओं को ऊर्जा और ताजगी के लिए फ्रूटी, बिस्कुट और केले उपलब्ध कराए गए। उक्त कार्यक्रम आरटीआई वीक 2025 के दिवस 3 का एक प्रभावशाली और सार्थक भाग रहा, जिसने समाज सेवा के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। शाहजहांपुर राउंड टेबल ने सभी दाताओं और सहयोगियों के साथ-साथ जिला अस्पताल टीम का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह जीवन-रक्षक पहल सफलतापूर्वक संपन्न हो पाई।

## उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की पचराहा की इकाई का गठन



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की बहादुरगंज पचराहा की इकाई का गठन जिला अध्यक्ष पंकज वर्मा सराफ एवं महानगर अध्यक्ष जितेंद्र नाथ शुक्ला की अध्यक्षता में हुआ। मीटिंग का संचालन वरिष्ठ जिला महामंत्री रमेश चंद्र शुक्ला, जिला महामंत्री अनीस खान किया। आभार युवा जिला अध्यक्ष अनवार ने व्यक्त किया। जिसमें निम्न व्यापारी पदाधिकारी बने मोहम्मद आलम को इकाई का अध्यक्ष बनाया गया पंकज वर्मा को महानगर उपाध्यक्ष मुदित को कंप्यूटर एसोसिएशन का अध्यक्ष बनाया गया। रेहान खान उपाध्यक्ष, विक्की को कोषाध्यक्ष, नोमान जिला मंत्री तनवीर खान, इमरान अली, दीपक कश्यप, मोहित वर्मा, जफर अहमद, जीशान जावेद, इलियास कुरैशी, वाली उल्लाह सहित दर्जनों व्यापारियों ने आदर्श व्यापार मंडल की सदस्यता ली।

## सावन कृपाल रूहानी मिशन में सत्संग और ध्यान कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सावन कृपाल रूहानी मिशन की स्थानीय शाखा कृपाल आश्रम में 16 नवंबर को प्रातः 9 से 10 बजे तक ऑडियो सत्संग एवं ध्यान अभ्यास का कार्यक्रम रहा। तत्पश्चात 10 बजे से 11 बजे तक संत राजेंद्र सिंह जी महाराज का वीडियो सत्संग चला। इस अवसर पर शंकरा आई हॉस्पिटल कानपुर से डॉक्टर राधिका के सानिध्य में एक टीम कृपाल आश्रम पहुंची जिसमें स्वाति, विकास कुमार, इक लाख, नितेश शुक्ला तथा संघ प्रिय वर्मा सम्मिलित थे। पूरी टीम का आश्रम के सेक्रेटरी डॉक्टर कैलाश चंद्र रस्तोगी उपाध्यक्ष हरपाल वर्मा अनिल अग्रवाल रामकुमारमौर्य तथा प्रेम सेठी ने स्वागत



किया। संगत को संबोधित करते हुए डॉक्टर रस्तोगी जी ने कहा नेत्र जीवन का अभिन्न अंग है नेत्रहीन जीवन व्यर्थ है। परम पूजनीय संत राजेंद्र सिंह जी महाराज के आशीर्वाद से पीड़ित मानवता की भलाई के लिए प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को निशुल्क मोतियाबिंद नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर 125 मरीजों का परीक्षण किया गया जिनमें से 46 लोगों को मोतियाबिंद नेत्र ऑपरेशन के लिए बस के द्वारा कानपुर भेजा गया। यह ऑपरेशन पूर्णता निशुल्क है। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र कौर, प्रदीप कुमार गुप्ता, विजय शर्मा,संजीव, प्रीति वर्मा, नरेश मेहता, ओम प्रकाश, विश्व मोहिनी संगीत तिवारी पूनम धवन, निर्मल कौर, गीता वर्मा, विद्यावती, संतोष, आदर्श तिवारी, विनय कुमार, राम प्रसाद,अन्नू सेठी आदि का विशेष सहयोग रहा।

## अपर आयुक्त ने धान क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

▸ बिचौलियों व दलालों में मची भगदड़

**पुवायां, शाहजहांपुर।** धान क्रय केंद्रों पर लगतार हो रही धांधली को लेकर बरेली की अपर आयुक्त ने शनिवार की शाम को पुवायां गल्ला मंडी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने धान खरीद से सम्बंधित दस्तावेजों, स्टॉक व वजन की जांच की। साथ ही क्रय केंद्र प्रभारी को बताया कि क्रय केंद्र पर दलाल नजर आए तो दलालो के साथ साथ आप लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को बरेली मंडल की अपर आयुक्त प्रीति जयसवाल ने देर शाम को क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की सूचना मिलते ही एडीएम प्रशासन अवनीश कुमार मिश्रा व एसडीएम चित्रा निर्बाल आनन फानन मंडी पहुँचे। अपर आयुक्त को देखकर धान क्रय केंद्रों पर अपना कब्जा जमाए बिचौलिए व दलाल भाग निकले। जिसके बाद अपर आयुक्त ने धान खरीद से सम्बंधित दस्तावेजों, वजन, स्टॉक व गुणवत्ता ओर भुगतान प्रकिया समेत तमाम बिंदुओं की जानकारी ली। दस्तावेजों की जांच देर रात तक जारी रही। जिसके बाद रविवार की सुबह दोबारा अपर आयुक्त ने पुवायां मंडी में सभी केंद्रों व एसडीएम के साथ करीब 3 घण्टे तक मीटिंग की। जानकारी के अनुसार धान खरीद में तमाम अनियमिताएं पाई गई है जिसको लेकर बड़ी कार्यवाही की सम्भावना है।

### उर्स-ए-हातमी कुल शरीफ के साथ संपन्न

**तिलहर – शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर के प्रसिद्ध सूफी संत हजरत हाजी हाफिज मोहम्मद हातिम अली शाह मियां के 52 वां सालाना उर्स कुल की महफिल सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां की मौजूदगी में संपन्न हुई। इस मौके पर कारी अली अहमद, क़ारी निजामुद्दीन, अब्दुल मतीन, हाफिज अकील ने नात पेश की।मौलाना वक़ार ने शिजरा पढ़ा। इस मौके पर क़ासिम वारसी, आसिम आदि मौजूद रहे। समापन पर सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने सभी लोगों का आभार प्रकट किया।

# स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय के निःशुल्क विधिक सहायता केंद्र के लिए मिला प्रशस्ति-पत्र

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय शाहजहाँपुर द्वारा विधिक सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय के निःशुल्क विधिक सहायता केन्द्र (फ्री लीगल एड क्लीनिक) को समाज हित में किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की गतिविधियों में सक्रिय सहयोग और निरंतर जन-जागरूकता प्रयासों के लिए दिया गया। प्रशस्ति-पत्र अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ओम प्रकाश मिश्र (तृतीय) की उपस्थिति में जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विष्णु कुमार शर्मा द्वारा दिया गया।

प्राधिकरण ने फ्री लीगल एड क्लिनिक द्वारा "Access to Justice for All" के लक्ष्य को साकार करने हेतु किए गए सराहनीय सहयोग की प्रशंसा की और टीम के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। महाविद्यालय का विधिक सहायता केंद्र अपनी स्थापना के बाद से निरन्तर विभिन्न विधिक मुद्दों पर आमजन को जागरूक करता रहा है। लीगल एड टीम द्वारा जिन विषयों पर विशेष रूप से जागरूकता और सहायता प्रदान की जाती है, उनमें शामिल हैं, विवाह विच्छेद संबंधी मामले, दहेज उत्पीड़न व महिला सुरक्षा से जुड़ी समस्याएँ, भूमि विवाद एवं संपत्ति संबंधी मामले घरेलू हिंसा एसिड अटैक पीड़ित सहायता एवं परामर्श मजदूरों की मजदूरी, श्रम अधिकार एवं श्रमिक-विरोधी शोषण के मामले शमनीय मामलों का समाधान, सरकारी योजनाओं–विधिक सहायता योजनाएँ, कल्याणकारी योजनाएँ, महिला-कल्याण,



जन-कल्याण योजना–के प्रति जागरूकता महाविद्यालय का यह केंद्र समाज के कमजोर, पीड़ित एवं वंचित वर्गो तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस उपलब्धि के पीछे संयोजक डॉ. अनिल कुमार शाह और सह-संयोजक प्रदीप कुमार सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके निर्देशन में लीगल एड क्लिनिक की टीम ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर आयोजित–विधिक जागरूकता शिविर, परामर्श शिविर, न्यायालय सहायता, आउटरीच कार्यक्रम विधिक अधिकार प्रचार अभियान जैसी गतिविधियों में निरंतर उत्कृष्ट कार्य किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयशंकर ओझा के मार्गदर्शन में लीगल एड क्लिनिक को निरंतर प्रेरणा, संसाधन एवं शैक्षणिक सहयोग मिलता रहा है। प्राचार्य महोदय की भविष्य दृष्टि और विधिक चेतना के प्रति प्रतिबद्धता ने विद्यार्थियों को वास्तविक सामाजिक समस्याओं की समझ और संवेदनशीलता प्रदान की है। प्रबंध समिति के सचिव प्रो. डॉ.अवनीश मिश्र ने लीगल एड केंद्र को मजबूत करने, उसकी गतिविधियों को विस्तार देने और समाज से जुड़ी जरूरतों के अनुरूप नए कार्यक्रम संचालित करने में महत्वपूर्ण नेतृत्व प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विधिक कार्यो के माध्यम से सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने वाला विधि-व्यवसायी बनाने पर विशेष जोर दिया है। यह दोनों प्रमुख व्यक्तित्वों की सक्रिय भूमिका ही है जिसके परिणामस्वरूप महाविद्यालय का लीगल एड क्लिनिक जनपद स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।

प्रशस्ति-पत्र प्राप्त होने पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष और उत्साह का वातावरण रहा। संकाय सदस्यों और छात्रों ने इसे संस्था के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया और इसे भविष्य में और अधिक जन-सेवा की प्रेरणा बताया। यह उपलब्धि न केवल विधिक सहायता केंद्र की प्रतिबद्धता का प्रमाण है बल्कि यह दर्शाती है कि महाविद्यालय के विद्यार्थी न्याय, संवेदना, विधिक जागरूकता और समाज-सेवा की दिशा में उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं। स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय का लीगल एड क्लिनिक आने वाले समय में भी न्याय तक समान पहुँच के लक्ष्य को साकार करने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

## नीतीश ही शेष

बिहार ने इस बार भाजपा–एनडीए को प्रचंड, ऐतिहासिक और अप्रत्याशित जनादेश दिया है। साबित हो गया कि नीतीश कुमार ही बिहार के 'सर्वोच्च नेता' हैं। चुनाव नीतीश के नेतृत्व में ही लड़ा गया। यह नीतीश के राजनीतिक करियर की शानदार उपलब्धि है, क्योंकि जनता दल–यू ने 2020 की तुलना में लगभग दोगुनी सीटों पर बढ़त बनाई है। मतगणना के दिन सुबह 9.56 बजे भाजपा 69 और जद–यू 76 सीट पर आगे थीं। उसके बाद भी दोनों साथी दलों की बढ़त 71–71, 75–75, 79–79 बरकरार रही। क्या कमाल का जनादेश मिला है! अंततः भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। यदि अंतिम जनादेश यही रहा, तो भाजपा–एनडीए के पक्ष में अभूतपूर्व जनादेश होगा। एनडीए सबसे पहले 190 सीट पर आगे रहा, जबकि तब महागठबंधन 50 सीटों पर ही आगे था। कितना व्यापक फासला था! निश्चित है कि चुनावी मुकाबला एकतरफा साबित हुआ। भाजपा के 'चाणक्य' एवं गृहमंत्री अमित शाह का आकलन भी 160 सीटों के आसपास का था, लेकिन नतीजे 'बंपर' साबित हुए। आश्चर्य है कि नीतीश कुमार 20 लंबे साल तक सत्ता में रहे हैं, उसके बावजूद स्वीकार्य और प्रासंगिक साबित हुए हैं। हमने ऐसा ही विश्लेषण कुछ दिन पहले किया था कि नीतीश के विरुद्ध कोई नहीं है, 'लहर' तो बहुत दूर की कौड़ी है। अब नीतीश को बिहार का नया 'जननायक' मानना चाहिए। यकीनन नीतीश उस जमात और पीढ़ी के 'अंतिम नेता' हैं, जिसने जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में, 'संपूर्ण क्रांति' के बैनर तले, राजनीति की शुरुआत की थी। जॉर्ज फर्नांडीज, शरद यादव, कर्पूरी ठाकुर, रामविलास पासवान आदि की पीढ़ी दिवंगत हो चुकी है, लालू यादव अस्वस्थ हैं, नीतीश ही शेष हैं, जिन्हें इस ऐतिहासिक जनादेश के बाद 'जननायक' करार देना चाहिए। यह बिहार में नीतीश की स्वीकार्यता और प्रधानमंत्री मोदी की आम आदमी के बीच लोकप्रियता की ही प्रचंड जीत है। बिहार में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा–एनडीए ने यह लगातार, पांचवां चुनाव जीता है। शुरुआत 2014 के लोकसभा चुनाव से हुई थी। यह 2010 की भाजपा–एनडीए की आंधी, तूफान वाली जीत की पुनरावृत्ति भी है। सदन में विपक्ष का नेता चुनना भी कठिन लगता है। भाजपा–एनडीए जनादेश महज 'दस हजारी' महिलाओं के बंपर समर्थन का ही जनादेश नहीं है, बल्कि यह बिहार के अधिसंख्य अगड़ों–सवर्णों, पिछड़ों–अति पिछड़ों, दलितों–महादलितों, युवाओं–बुजुर्गों और यहां तक कि मुसलमानों का भी जनादेश है। जाति, धर्म, जमात, नस्ल, लिंग आदि के पार जाकर एनडीए को वोट दिए गए हैं। बेशक यह 'स्वीप' जनादेश है। बिल्कुल कल्पनातीत जनादेश है। यह संपादकीय लिखने तक एनडीए 206 और विपक्षी गठबंधन मात्र 30 सीटों पर बढ़त बनाए थे। भाजपा 95 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है, जबकि जद–यू की बढ़त 82 सीटों पर थी। चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (आर) ने भी 20 सीटों पर बढ़त बना कर अपना अमूल्य योगदान दिया है। विपक्ष के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी यादव के राजद की बढ़त 25 सीटों पर ही थी। तेजस्वी खुद पीछे चल रहे थे। कांग्रेस के हिस्से मात्र 3 सीटें ही दिख रही थीं। जाहिर है कि बिहार में उसका सूपड़ा ही साफ हो गया है। आंकड़ों में कुछ बदलाव हो सकता है, अलबत्ता जनादेश यही रहेगा। कांग्रेस ने 2020 में 19 सीट जीती थीं। विपक्ष में सीपीआई (माले) भी 4 सीट पर ही सिमटने के आसार हैं। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता पवन खेड़ा ने टिप्पणी की है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता बिहार की जनता पर भारी पड़ गए। यह एक कुंठित टिप्पणी है। बहरहाल यह चुनाव अतुलनीय साबित हुआ, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी लगातार मदद कर रहे प्रधानमंत्री मोदी के लिए कई चुनौतियां हैं। पलायन सबसे संवेदनशील मुद्दा है, जिससे रोजगार प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा है। बिहार में 3 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी–रेखा से ऊपर किया गया है, लेकिन अब भी 33 फीसदी से अधिक आबादी 'गरीब' है। बिहार सबसे युवा राज्य है, जहां 58 फीसदी आबादी की औसत उम्र 32 साल है। एनडीए ने एक साल के भीतर बिहार को बाढ़–मुक्त करने का वायदा किया है। यह समस्या तब से है, जब देश आजाद भी नहीं हुआ था, लिहाजा यह ब्लू प्रिंट सामने आना चाहिए कि बिहार बाढ़–मुक्त कैसे होगा। बहरहाल प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री समेत पार्टियों के समस्त काडर को जीत के जश्न की बधाई और भविष्य की शुभकामनाएं।

# एफआईआर से फैसले तक, लव जिहाद के मामलों में सबसे कमजोर कड़ी कौन?

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



**धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम 2021 का उद्देश्य स्पष्ट है धोखे, दबाव या छल से होने वाले धर्म परिवर्तन को रोकना। पर अगर कानून का क्रियान्वयन ही मजबूत न हो, तो कानून केवल राजनीतिक मुद्दा बनकर रह जाएगा। वैसे ये हम सभी जानते हैं कि संविधान दो बालिगों को सहमति से जीवन जीने का अधिकार देता है। यदि कोई रिश्ता सहमति पर आधारित है, तो कानून उसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता परन्तु यदि पहचान छिपाकर, धार्मिक भावनाओं का दुरुपयोग करके या मानसिक–शारीरिक दबाव डालकर किसी युवती का शोषण किया जाता है तो उसे रोकना भी राज्य का दायित्व है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब दोनों स्थितियों में फर्क पहचानने की क्षमता और ईमानदारी प्रशासनिक तंत्र में कमजोर पड़ जाती है। आज जब 90 प्रतिशत मामले अदालत में टिक नहीं पाते, तो समाज के भीतर यह संदेश जाता है कि कानून के बावजूद अपराधी बच जाते हैं। इससे पीड़िताओं का भरोसा भी टूटता है और कानून का डर भी कम होता है। यह स्थिति किसी भी सभ्य समाज के लिए घातक है। ऐसी परिस्थितियों में प्रश्न उठना स्वभाविक है, क्या हम केवल शोर करने के लिए खड़े हैं या न्याय सुनिश्चित करने के लिए? राजनीति, समाज, पुलिस और न्यायालय; चारों की यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि कोई पीड़िता अकेली न छोड़ी जाए। गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित हो, पुलिस वैज्ञानिक और पेशेवर जांच करे, और सामाजिक संगठन मामले के अंतिम निर्णय तक पीड़िता का साथ दें। वरना, चाहे कितने भी कठोर कानून बना लिए जाएँ, चाहे उन्हें धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम का नाम दे दिया जाए, वे बेअसर ही साबित होंगे।**

मध्य प्रदेश में लगातार सामने आ रहे 'लव जिहाद' के मामलों की सच्चाई न्यायालय की चौखट पर पहुंचते-पहुंचते बदल जाती है। सार्वजनिक विमर्श में जितना शोर, तनाव, आंदोलन और आरोप-प्रत्यारोप दिखाई पड़ता है, न्यायालय में इनकी चमक वैसी नहीं रह जाती। हाल के पांच वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि राज्य में दर्ज किए गए 283 मामलों में से केवल सात प्रकरणों में ही सजा हो सकी है, जबकि लगभग 50 मामलों में आरोपी बरी हो चुके हैं। यह स्थिति स्वाभाविक ही सवाल उठाती है कि क्या कानून बनाने भर से समस्या का समाधान हो जाता है या फिर हमारी सामाजिक-प्रशासनिक व्यवस्था कहीं न कहीं गंभीर रूप से चूक रही है? और यदि ऐसा है तो इस चूक की जिम्मेदारी कौन लेगा! पुलिस? न्यायालय? समाज? या वे संगठन, जो प्रकरणों के सामने आने पर अथवा सामने लाकर सक्रियता तो दिखाते हैं, लेकिन एफआईआर दर्ज होने के बाद फिर अधिकांश मामलों में नहीं देखते कि उक्त केस में आखिर क्या हो रहा है।

मध्य प्रदेश में पिछले पंद्रह दिनों में ही लव जिहाद के चार नए मामले सामने आ गए। इनमें से कुछ में पीड़िता सामने आती है, बयान देती है, पुलिस कार्रवाई होती है और फिर अचानक मुकदमा अदालत में जाकर ढह जाता है। कई बार पीड़िताएं बयान बदल देती हैं। कई बार परिजन पलट जाते हैं। कई बार पुलिस की जांच इतनी कमजोर होती है कि अभियुक्त आसानी से छूट जाता है और फिर सवाल उठता है! क्या हम केवल 'लव जिहाद की राजनीति' कर रहे हैं या वास्तव में अपराध रोकना चाहते हैं?

इंदौर के इरफान अली कुख्यात अपराधी पर रेप, ब्लैकमेलिंग और धर्म परिवर्तन के दबाव जैसे गंभीर आरोप हैं, उसके खिलाफ कई पुराने मामले भी हैं। दूसरी ओर, इसी इंदौर में जिम ट्रेनर शादाब के मामले में, जिन संगठनों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले किया था, वही मामला पीड़िता द्वारा एफआईआर से इनकार कर देने पर खत्म हो गया। यहां केवल संगठनों की नहीं, देखा जाए तो पूरे समाज की जिम्मेदारी बनती है कि यदि किसी अपराध की आशंका है तो सिर्फ आवाज ही नहीं उठाएं, कानूनी प्रक्रिया में लेकर अपराधी को सजा भी दिलवाएं। पीड़िता का संरक्षण, कानूनी सलाह और मुकदमे की प्रगति पर नजर रखना सिर्फ पुलिस और अदालत की जिम्मेदारी नहीं हो सकती है, यह सामाजिक संगठनों और समुदाय की भी जिम्मेदारी है, जिसमें कि लगता है कि हिन्दू समाज गंभीर नहीं!

अब आप जरा इस प्रकरण पर भी गौर करिए; भोपाल में मॉडल खुशबू अहिरवार की संदिग्ध मौत ने एक और बहस छेड़ दी है, खुशबू की माता ने हत्या और 'लव जिहाद' का आरोप लगाया है, जबकि आरोपी कासिम अपने को निर्दोष बता रहा है। यह एक आंकड़ा है, जिस पर भी को गंभीरता से सोचना चाहिए; 2020 से 2025 तक दर्ज 283 मामलों में से 197 मामले अभी कोर्ट में लंबित हैं। 86 मामलों में फैसला आया, लेकिन उनमें से 50 मामले बरी हो गए। क्यों?

इसका निष्कर्ष यह सामने आया है कि सबसे बड़ी वजह गवाहों का मुकर जाना है। पीड़िता या परिजन कोर्ट में आकर बयान बदल देते हैं। जब गवाह ही मुकर जाए तो न्यायालय क्या करेगा? यहां यह सवाल महत्वपूर्ण है कि गवाह पलटते क्यों हैं, क्या सामाजिक दबाव, क्या डर, क्या बदनामी की आशंका, क्या आर्थिक प्रलोभन इसी में आती है पुलिस की कमजोर जांच। डिजिटल साक्ष्य, कॉल रिकॉर्ड, चैट हिस्ट्री, बैंक ट्रांजैक्शन, सीसीटीवी फुटेज। अगर ये इकट्ठे न किए जाएँ तो अदालत में केस टिक ही नहीं सकता। कई बार पुलिस केवल एफआईआर दर्ज कर जांच को औपचारिकता मानकर चालन प्रस्तुत कर देती है, जबकि अदालत में अपराध साबित करने के लिए सशक्त और तकनीकी साक्ष्यों की आवश्यकता होती है। प्रश्न यह भी उठता है कि क्या ऐसे संवेदनशील मामलों को संभालने के लिए पुलिस को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है? या सिर्फ कानून बना देने से सरकार अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेती है? तीसरी महत्वपूर्ण वजह संगठनों का रवैया। तमाम हिंदू संगठन इन मामलों में भारी आवाज उठाते हैं, सड़क पर उतर आते हैं, दबाव बनाते हैं, परन्तु जब न्यायालय में मामले की सुनवाई होती है तो अधिकांश मामलों में पीड़िता अकेली पड़ जाती है। क्या संगठनों की जिम्मेदारी केवल 'लव जिहाद' का नारा लगाने तक सिमट गई है? क्या उनके पास ऐसे वकील नहीं जो पीड़िता को कानूनी मदद दें, उसका मनोबल बढ़ाएँ, अदालत में उसके बयान को सुरक्षित कराएँ? बिना कानूनी मदद के अकेले भयभीत होकर एक सामान्य लड़की से यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि वह अदालत में साहसपूर्वक अपनी बात रख सकेगी?

आज इसे सभी को ध्यान रखना चाहिए कि धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम 2021 का उद्देश्य स्पष्ट है धोखे, दबाव या छल से होने वाले धर्म परिवर्तन को रोकना। पर अगर कानून का क्रियान्वयन ही मजबूत न हो, तो कानून केवल राजनीतिक मुद्दा बनकर रह जाएगा। वैसे ये हम सभी जानते हैं कि संविधान दो बालिगों को सहमति से जीवन जीने का अधिकार देता है। यदि कोई रिश्ता सहमति पर आधारित है, तो कानून उसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता परन्तु यदि पहचान छिपाकर, धार्मिक भावनाओं का दुरुपयोग करके या मानसिक-शारीरिक दबाव डालकर किसी युवती का शोषण किया जाता है तो उसे रोकना भी राज्य का दायित्व है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब दोनों स्थितियों में फर्क पहचानने की क्षमता और ईमानदारी प्रशासनिक तंत्र में कमजोर पड़ जाती है। आज जब 90 प्रतिशत मामले अदालत में टिक नहीं पाते, तो समाज के भीतर यह संदेश जाता है कि कानून के बावजूद अपराधी बच जाते हैं। इससे पीड़िताओं का भरोसा भी टूटता है और कानून का डर भी कम होता है। यह स्थिति किसी भी सभ्य समाज के लिए घातक है। ऐसी परिस्थितियों में प्रश्न उठना स्वभाविक है, क्या हम केवल शोर करने के लिए खड़े हैं या न्याय सुनिश्चित करने के लिए? राजनीति, समाज, पुलिस और न्यायालय; चारों की यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि कोई पीड़िता अकेली न छोड़ी जाए। गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित हो, पुलिस वैज्ञानिक और पेशेवर जांच करे, और सामाजिक संगठन मामले के अंतिम निर्णय तक पीड़िता का साथ दें। वरना, चाहे कितने भी कठोर कानून बना लिए जाएँ, चाहे उन्हें धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम का नाम दे दिया जाए, वे बेअसर ही साबित होंगे।

कुल मिलाकर यहां कहना यही है कि यदि हमें सचमुच इस समस्या का समाधान चाहिए, तो आरोप-प्रचार की राजनीति से आगे बढ़कर कानून और न्याय की गंभीरता को समझना होगा। अपराध को अपराध की तरह देखना होगा। यह संघर्ष किसी एक समुदाय का नहीं, हर उस भारतीय का है जो न्याय, सुरक्षा और सभ्य समाज में विश्वास रखता है। ऐसे में यदि हम इस विश्वास को बचाना चाहते हैं तो हमें सचमुच अपने से यह बार-बार पूछना चाहिए, क्या हम पीड़िताओं के साथ खड़े हैं या केवल नारे लगाने और सिर्फ थोड़े वक्त तक ऐसे मामलों पर बातें करने भर तक सीमित हैं?

## विचार

# नीतीश की नई सरकार में जेडीयू-बीजेपी की बराबरी साझेदारी



*अजय कुमार*

बिहार की राजनीति में यह वह क्षण है, जब सत्ता के गलियारे नए समीकरणों से भरे हुए हैं और गठबंधन की राजनीति अपने सबसे निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है। विधानसभा चुनावों में एनडीए की जीत ने महागठबंधन को भारी झटका दिया है, लेकिन उससे भी बड़ा संदेश यह है कि इस बार जो राजनीतिक परिदृश्य बना है, वह पिछले दो दशकों की तुलना में एकदम अलग और बिल्कुल नई बुनियाद पर टिकने वाला मॉडल तैयार कर रहा है। पटना के गांधी मैदान में 20 नवंबर को होने वाला शपथ ग्रहण सिर्फ सरकार गठन का औपचारिक कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि यह उस नए सत्ता-संतुलन की शुरुआत होगी, जिसमें जेडीयू और बीजेपी को पहली बार वास्तविक बराबरी वाली स्थिति में देखा जा रहा है। इस बार की चुनावी जंग में एनडीए ने सीट बंटवारे का जो फार्मूला अपनाया था, उसने राजनीति के पुराने मापदंडों को बदल दिया। जेडीयू और बीजेपी दोनों ने 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ा और नतीजों ने इस बराबरी के प्रयोग को सियासी तौर पर मजबूती प्रदान की है। दोनों दलों के बीच केवल चार सीटों का अंतर होना इस बात का संकेत है कि सियासत का पलड़ा अब किसी एक तरफ़ भारी नहीं है। यही वजह है कि इस बार की सरकार में मंत्रिमंडल का हिस्सा भी उसी बराबरी वाले फार्मूले पर टिक सकता है।

यह स्थिति 2020 से बिल्कुल उलट है। 2020 में बीजेपी की 74 सीटें थीं और जेडीयू की महज 43, जिसके कारण 12-22 वाला मंत्रिमंडलीय बंटवारा बना था। तब बीजेपी का राजनीतिक कद जेडीयू से ज्यादा दिख रहा था, लेकिन इस बार नतीजों ने गठबंधन के भीतर की शक्ति-संरचना को पूरी तरह संतुलित कर दिया है। 2025 में एनडीए के कुल 202 विधायक हैं जिसमें बीजेपी के 89, जेडीयू के 85, एलजेपी (रामविलास) के 19, हम के 5, और आरएलएम के 4 विधायक शामिल हैं। इन आँकड़ों की रोशनी में यह स्पष्ट है कि नये मंत्रिमंडल के गठन में पुराने फार्मूले का दोहराया जाना लगभग असंभव है। राजनीतिक समीकरणों की गणना से यह बात भी सामने आ रही है कि गठबंधन इस बार 6 विधायक पर 1 मंत्री का फार्मूला अपना सकता है। अगर ऐसा हुआ तो जेडीयू और बीजेपी दोनों ही लगभग 15-16 मंत्री दे सकेंगे। साथ ही छोटे दलों चिराग पासवान की पार्टी, मांझी की हम और कुशवाहा की आरएलएम को भी उचित प्रतिनिधित्व देने के संकेत हैं। चिराग की पार्टी को 2-3 मंत्री, जबकि मांझी और कुशवाहा को 1-1 मंत्री मिलना संभावित माना जा रहा है। यह संयोजन दिखाता है कि एनडीए इस बार सिर्फ बड़ा दिखने की राजनीति नहीं, बल्कि सबको साथ लेकर चलने की संतुलित भूमिका अपनाना चाहता है।

डिप्टी सीएम का समीकरण भी इस बार बेहद दिलचस्प होगा। 2005 से लेकर 2024 तक बीस सालों में एक परंपरा बनी रही कि जब-जब जेडीयू और बीजेपी साथ हुए, बीजेपी के हिस्से में डिप्टी सीएम की कुर्सी गई। सुशील मोदी हों, तारकेश्वर प्रसाद या रेणु देवी हर दौर में यह कुर्सी बीजेपी ने ही संभाली। 2024 की शुरुआत में जब नीतीश दोबारा एनडीए में आए तो सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को डिप्टी सीएम बनाया गया। अब सवाल यह है कि नए मंत्रिमंडल में बीजेपी को एक डिप्टी सीएम मिलेगा या दो? और क्या जेडीयू इस बार डिप्टी मुख्यमंत्री पद पर दावा पेश कर सकता है?



हालाँकि संकेत यही हैं कि नीतीश कुमार गठबंधन की एकता बनाए रखने के लिए वही पुराना पैटर्न बरकरार रखेंगे और बीजेपी को ही डिप्टी सीएम का दायित्व मिलेगा, पर अंदरखाने मंथन लगातार जारी है।नीतीश कुमार की राजनीति हमेशा संतुलन, समझौता और स्थितियों को अपने पक्ष में मोड़ने के कौशल पर आधारित रही है। इस बार भी वे उसी रास्ते पर चलते दिखाई दे रहे हैं। जेडीयू को बराबरी की हिस्सेदारी दिलवाकर वे न केवल जाति-आधारित समीकरणों को मजबूती दे रहे हैं, बल्कि यह संदेश भी भेज रहे हैं कि जेडीयू अब किसी भी स्थिति में जूनियर पार्टनर बनने के लिए तैयार नहीं। उनकी रणनीति यह दिखाती है कि वे 2020 की तरह का परिदृश्य नहीं दोहराना चाहते, जिसमें बीजेपी का पलड़ा भारी हो गया था और जेडीयू कमजोर स्थिति में चली गई थी। बिहार का राजनीतिक परिदृश्य हमेशा से संख्या, जाति और गठबंधन की बारीकियों पर टिका रहा है। इस बार के नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिहार में सत्ता की लड़ाई अब सिर्फ चुनाव जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि गठबंधन के भीतर भी शक्ति का संतुलन उतना ही अहम होगा। एनडीए की नई सरकार अगर 50-50 वाले मॉडल पर खड़ी होती है, तो यह बिहार में राजनीतिक साझेदारी के एक नए अध्याय का संकेत होगा। यह वह मॉडल होगा जिसमें दोनों बड़े दलों को बराबर का सम्मान, बराबर का स्थान और बराबर का दायित्व मिलेगा। हालाँकि चुनौतियाँ कम नहीं हैं। बराबरी की साझेदारी का अर्थ यह भी है कि किसी भी मुद्दे पर मतभेद उत्पन्न होने पर गठबंधन में तनाव बढ़ सकता है। दोनों दलों को मंत्रियों के चयन में समाजिक संतुलन भी ध्यान में रखना होगा अगड़े, पिछड़े, महादलित, अल्पसंख्यक, अत्यंत पिछड़ा वर्ग इन सभी का उचित प्रतिनिधित्व मंत्रिमंडल की अनिवार्य शर्त है। छोटे दलों की अपेक्षाएँ भी गठबंधन के लिए परीक्षा बन सकती हैं, क्योंकि शक्ति-साझेदारी में थोड़ी भी कमी उन्हें गठबंधन से दूर कर सकती है। इसके बावजूद यह भी सच है कि इस बार एनडीए के पास बिहार को राजनीतिक स्थिरता देने का बड़ा अवसर है। यदि यह सरकार संयुक्त जिम्मेदारी और साझा नेतृत्व के सिद्धांत पर चलती है, तो यह बिहार के विकास मॉडल को भी नई दिशा दे सकती है। बेरोजगारी, पलायन, उद्योगों का अभाव, शिक्षा और स्वास्थ्य इन सभी मोर्चों पर काम करने के लिए स्थायी और संतुलित सरकार की ज़रूरत है। और यह सरकार वैसी बनने की क्षमता रखती है, बशर्ते गठबंधन के भीतर संवाद और तालमेल कायम रहे।नीतीश कुमार की नई पारी ऐसे समय में शुरू हो रही है जब बिहार की जनता राजनीतिक उथल-पुथल से थक चुकी है। लोग स्थिरता चाहते हैं, नीतिगत निरंतरता चाहते हैं और विकास की गति चाहते हैं। यदि जेडीयू और बीजेपी अपनी बराबरी वाली साझेदारी को सियासी अहंकार से दूर रखते हुए चलाएँ, तो यह सरकार आने वाले वर्षों में बिहार की दिशा बदलने का अवसर बन सकती है।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

### साहित्य



## बोझ तले दबते राज्य...!


**संजय एम तराणेकर**

*ऋण के 'बोझ' तले दबते जा रहें राज्य,*
*इस पर नेताओं की 'सत्ता' अविभाज्य।*
*'फ्री' के नाम ऐसी योजनाएँ चला रहे,*
*बिजली–पानी बिल 'माफ' किये जा रहें।*

*राज्य राशि प्रतिमाह जमा किये जा रहें,*
*किसानों–मातृशक्ति के खातों में आ रहे।*
*ये राज्यों की वित्तीय स्थिति गिरती रहीं,*
*खर्च को वहन करने की स्थिति न रहीं।*

*यूं मजबूरी में योजनाओं को चलायमान,*
*सत्ता को बरकरार रखने की ओर ध्यान।*
*बाजार से ऊंची ब्याज दर ऋण लेने लगे,*
*लोकलुभावन में राजनीति को ढोने लगे।*





## राशिफल

**मेषः**- भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं।

**वृषभः**- व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। भौतिक जगत से प्रभावित मन भविष्य को लेकर चिन्तित होगा।

**मिथुनः**- अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगाएं। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्कः**- समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में वृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंहः**- नये कार्य में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आप में दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा।

**कन्याः**- रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

**तुलाः**- प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिकः**- अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा दें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।


**धनुः**- भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें। कार्य क्षेत्र में नये आसारों से उत्साहित होंगे।

**मकरः**- उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभः**- परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीनः**- सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

# यूपी में जातीय रैलियों पर रोक से संगठित होता हिन्दुत्व



*संजय सक्सेना*

देश में क्या विभाजनकारी राजनीति करने वाले नेताओं का अंत का समय करीब आ गया है। बिहार के नतीजों ने क्या बांटने और राज करने की राजनीति करने वाले नेताओं को सबक सिखा दिया है कि उन्हें अपनी भविष्य की राजनीति में बदलाव करना होगा। बिहार से जो संदेश निकला है, उसका प्रभाव अन्य राज्यों में भी देखने को मिल सकता है। खासकर उत्तर प्रदेश इससे सबसे अधिक प्रभावित हो सकता है। वैसे भी यूपी की योगी सरकार ने हाल ही में जातीय आधार पर होने वाली रैलियों पर प्रतिबंध लगाकर राजनीतिक दृश्य में एक बड़ा बदलाव ला दिया है। इस फैसले का भी सीधा असर अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी और मायावती की बहुजन समाज पार्टी जैसे दलों पर पड़ा है, जो लंबे समय से जाति आधारित राजनीति को अपनी रणनीति का हिस्सा बनाए हुए हैं। योगी सरकार का यह कदम न सिर्फ राज्य की राजनीतिक संस्कृति को बदलने की कोशिश है, बल्कि यह बीजेपी के लिए एक रणनीतिक फायदा भी बन सकता है। जातीय रैलियों पर रोक लगाकर योगी सरकार उन नेताओं और दलों के मंसूबे चकनाचूर करना चाहती है, जो हिंदू समाज को जाति और उपजाति के आधार पर बांटने की सियासत में लगे रहते हैं। इस फैसले के पीछे यह विश्वास है कि जातीय रैलियां समाज में विभाजन और तनाव पैदा करती हैं, जिससे राज्य की शांति और सद्भावना को खतरा होता है।

योगी सरकार का तर्क है कि राजनीति को जाति और धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि विकास, सुरक्षा और समानता के आधार पर होना चाहिए। इस निर्णय से अखिलेश यादव और मायावती जैसे नेताओं के लिए चुनौती बढ़ गई है, क्योंकि उनकी राजनीतिक रणनीति जाति आधारित वोट बैंक को जोड़ने पर टिकी हुई है। अब उन्हें नए तरीके से जनता को संबोधित करना होगा, जिसमें जाति की बजाय विकास और समानता के मुद्दे आगे आएंगे।यह फैसला बीजेपी के लिए एक बड़ा रणनीतिक फायदा भी है। बीजेपी लंबे समय से उत्तर प्रदेश में हिंदू एकता की राजनीति को बढ़ावा दे रही है। जातीय रैलियों पर प्रतिबंध लगाकर योगी सरकार ने बीजेपी की इस रणनीति को और मजबूत किया है। अब जाति आधारित रैलियों के बिना अखिलेश यादव और मायावती के लिए अपने वोट बैंक को जोड़ना मुश्किल होगा, जबकि बीजेपी के लिए यह एक अवसर है कि वह हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट कर सके। इससे 2027 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के पक्ष में वोट बैंक का विस्तार हो सकता है।

गौरतलब है, बिहार के चुनावों में भी इसी तरह की राजनीतिक दिशा देखने को मिली है। बिहार में हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों ने एकजुट होकर बीजेपी और जनता दल यूनाइटेड के पक्ष में मतदान किया। इस एकजुटता का असर यह हुआ कि जाति आधारित राजनीति करने वाले दलों को बड़ा झटका लगा। बिहार के चुनाव ने यह संकेत दिया कि अब हिंदू समाज जाति और उपजाति के आधार पर नहीं, बल्कि विकास और सुरक्षा के मुद्दों पर वोट देने लगा है। यह रुझान उत्तर प्रदेश में भी देखने को मिल सकता है, खासकर जब जातीय रैलियों पर प्रतिबंध लग चुका है।योगी सरकार का यह कदम न सिर्फ राजनीतिक दलों के लिए चुनौती है, बल्कि यह समाज के लिए भी एक बड़ा संदेश है। यह संदेश है कि अब जाति और उपजाति के आधार पर विभाजन की राजनीति नहीं चलेगी। इस फैसले से यह स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार चाहती है कि राजनीति विकास, सुरक्षा और समानता के मुद्दों पर आधारित हो। इससे न सिर्फ राजनीतिक दलों को अपनी रणनीति बदलनी होगी, बल्कि जनता को भी अपने वोट के आधार को बदलना होगा।

इस फैसले के बाद अखिलेश यादव और मायावती जैसे नेताओं के लिए यह जरूरी हो गया है कि वे अपने वोट बैंक को जाति के आधार पर नहीं, बल्कि विकास और समानता के मुद्दों पर जोड़ें। इससे उन्हें नए तरीके से जनता को संबोधित करना होगा, जिसमें जाति की बजाय विकास और समानता के मुद्दे आगे आएंगे। इस तरह की रणनीति अपनाने से उन्हें बीजेपी के खिलाफ एक नई राजनीतिक दिशा देनी होगी।योगी सरकार का यह कदम बीजेपी के लिए एक बड़ा रणनीतिक फायदा भी है। बीजेपी लंबे समय से उत्तर प्रदेश में हिंदू एकता की राजनीति को बढ़ावा दे रही है। जातीय रैलियों पर प्रतिबंध लगाकर योगी सरकार ने बीजेपी की इस रणनीति को और मजबूत किया है। अब जाति आधारित रैलियों के बिना अखिलेश यादव और मायावती के लिए अपने वोट बैंक को जोड़ना मुश्किल होगा, जबकि बीजेपी के लिए यह एक अवसर है कि वह हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट कर सके। इससे 2027 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के पक्ष में वोट बैंक का विस्तार हो सकता है।

बिहार के चुनावों में भी इसी तरह की राजनीतिक दिशा देखने को मिली है। बिहार में हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों ने एकजुट होकर बीजेपी और जनता दल यूनाइटेड के पक्ष में मतदान किया। इस एकजुटता का असर यह हुआ कि जाति आधारित राजनीति करने वाले दलों को बड़ा झटका लगा। बिहार के चुनाव ने यह संकेत दिया कि अब हिंदू समाज जाति और उपजाति के आधार पर नहीं, बल्कि विकास और सुरक्षा के मुद्दों पर वोट देने लगा है। यह रुझान उत्तर प्रदेश में भी देखने को मिल सकता है, खासकर जब जातीय रैलियों पर प्रतिबंध लग चुका है।योगी सरकार का यह कदम न सिर्फ राजनीतिक दलों के लिए चुनौती है, बल्कि यह समाज के लिए भी एक बड़ा संदेश है। यह संदेश है कि अब जाति और उपजाति के आधार पर विभाजन की राजनीति नहीं चलेगी। इस फैसले से यह स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार चाहती है कि राजनीति विकास, सुरक्षा और समानता के मुद्दों पर आधारित हो। इससे न सिर्फ राजनीतिक दलों को अपनी रणनीति बदलनी होगी, बल्कि जनता को भी अपने वोट के आधार को बदलना होगा।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**


**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# खाद वितरण में पारदर्शिता, धान खरीद में लाएं तेजी: रजनी तिवारी

▸ राज्यमंत्री ने मक्का व बाजरा खरीद की प्रगति पर भी की समीक्षा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



समीक्षा बैठक करती राज्यमंत्री रजनी तिवारी

सर्किट हाउस में हुई समीक्षा बैठक में उच्च शिक्षा विभाग की राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने निर्देश दिए कि खाद वितरण पूरी पारदर्शिता से हो और कोई किसान भटकने को मजबूर न हो। उन्होंने कहा कि जिले में खाद पर्याप्त है, लेकिन वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने की जरूरत है। ओवररेटिंग पर रोक दिखनी चाहिए। विधायक कैलाश राजपूत ने खाद वितरण पर संतोष जताते हुए बताया कि प्रक्रिया जिलाधिकारी की निगरानी में पारदर्शी ढंग से चल रही है। उन्होंने हसेरन में नया धान क्रय केंद्र खोलने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सहमति बनी। मंत्री ने मक्का व बाजरा खरीद की प्रगति पर भी समीक्षा की। बताया गया कि मक्का का एमएसपी 2400 रुपए, बाजरा 2775 रुपए और धान 2369 रुपए प्रति क्विंटल है। 1500 एमटी लक्ष्य के मुकाबले अब तक 456 एमटी मक्का खरीदी गई। चार धान केंद्रों पर शून्य प्रगति पर मंत्री ने नाराजगी जताई और किसान-समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीज व किट वितरण जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हो। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, अस्पतालों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता और आरोग्य मेले के व्यापक प्रचार- प्रसार पर जोर दिया। बैठक में पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, एसपी विनोद कुमार, एडीएम, सीएमओ, कृषि विभाग के अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि रहे।

## गणना प्रपत्र भरने में रूची लें मतदाताः फैसल हुसैन



**समधन, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को युवा फैसल हुसैन ने मतदाताओं से गणना प्रपत्र कार्य में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के एसआईआर कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए जा रहे हैं। फैसल हुसैन ने बताया कि प्रत्येक नागरिक को यह गणना प्रपत्र भरकर अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को सौंपना हैं उन्होंने जोर दिया कि सभी बीएलओ घर-घर जाकर प्रपत्र वितरण का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने उन नागरिकों से विषेश आग्रह किया जो इस कार्य में रूची नहीं ले रहे हैं आगे उन्होंने कहा कि अपनी-अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इस महत्वपूर्ण कार्य में हिस्सा लेने की बात कही है उन्होंने नागरिकों से अपने मुहल्लों और पड़ोस में भी यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि कोई नागरिक इस प्रक्रिया में वंचित न रहे।

# किसान हितों की रक्षा के लिए समर्पित है भाकियू अवधेश : संतोष पाठक

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम रामपुर निगोह में जिलाध्यक्ष अश्वनी मिश्रा के प्रतिष्ठान पर आयोजित भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की किसान महापंचायत में मुख्य अतिथि एवं प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक ने कहा हमारा संगठन किसान हितों की रक्षा के लिए समर्पित है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा आज किसान न केवल खेतों में मेहनत कर रहे हैं, बल्कि सरकारी नीतियों की मार भी झेल रहे हैं।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, किसान ऋण माफी और जैविक खेती को बढ़ावा देने जैसे मुद्दों पर हम लगातार संघर्ष करेंगे। केंद्र व राज्य सरकारों से मांग करेंगे कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा पूरा हो। भाकियू (अवधेश) हर गांव तक पहुंचकर किसानों को एकजुट करेगी, ताकि उनकी आवाज संसद तक गूंजे। कार्यक्रम की शुरुआत में पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। संगठन के विचारों से प्रभावित होकर पांच नए किसानों को सदस्यता प्रदान की गई और उन्हें संगठन के सिद्धांतों से अवगत कराया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। महापंचायत ने किसानों में उत्साह भरा और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष अश्विनी मिश्रा के संचालन में चली इस महापंचायत में प्रदेश सह-सचिव संजीव तिवारी, शैलेंद्र सिंह, मैनपुरी जिलाध्यक्ष सहित अनेक पदाधिकारी व किसान उपस्थित रहे।

# प्रिया शाक्य के प्रयास से मुंसिफी रोड पार्किंग ठेका निरस्त

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

▸ आम रास्ते से गुजरने वालों से गुंडा टैक्स की तरह की जा रही है अवैध वसूली

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य के त्वरित हस्तक्षेप से मुंसिफी रोड पर अवैध पार्किंग ठेके को जनपद न्यायाधीश के आदेश पर निरस्त कर दिया गया है। इस कार्रवाई से आम नागरिकों और तहसील में न्याय की तलाश में आने वाले वादकारियों को बड़ी राहत मिली है।

प्रिया शाक्य ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर ठेकेदार की मनमानी की शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि सितंबर में उठाए गए ठेके के तहत ठेकेदार के गुंडों द्वारा शराब के नशे में तहसील के आम रास्ते से गुजरने वालों से गुंडा टैक्स की तरह अवैध वसूली की जा रही है। इससे जनता में रोष फैल रहा था। ऊपर से ठेकेदार ने कोई पार्किंग स्टैंड भी नहीं बनाया, जबकि शुल्क वसूलने के लिए स्टैंड अनिवार्य है। इस पत्र पर संज्ञान लेते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने 1 नवंबर को पुलिस अधीक्षक को निर्देश जारी किए कि स्थल पर पुलिस तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो और अवैध वसूली तत्काल रोकी जाए। इसके बाद 13 नवंबर को ठेके को पूर्णतः निरस्त करने का आदेश दे दिया गया। प्रिया शाक्य के इस प्रयास की सराहना हो रही है।

# महेश चंद तिवारी की नवमी पुण्यतिथि पर हुई श्रीमदभागवत कथा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी ब्रह्मलीन महेश चंद तिवारी की नवमी पुण्यतिथि पर उनकी पुण्य स्मृति में सिद्ध पीठ निर्जन आश्रम पृथ्वीपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में ध्रुव चरित्र सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए।

परीक्षित का दायित्व निभा रहे श्रीचंद्र (ललुआ) तिवारी, सपना तिवारी, विश्वनाथ तिवारी एवं प्रीतिका तिवारी ने ब्रह्मलीन पितामह आशु कवि भगवत दयाल तिवारी, राजरानी तिवारी, पिता महेश चंद्र तिवारी एवं चाचा दिनेश चंद्र तिवारी के चित्रों पर माल्यार्पण कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। व्यास पीठ पर आसीन आचार्य हरिशंकर शुक्ल साहित्याचार्य ने ध्रुव चरित्र, ध्रुव की तपस्या, भगवान विष्णु का दर्शन, ध्रुव का राज्य और उपदेश, हिरण्यकश्यप जन्म कथा तथा प्रह्लाद का जन्म और बाललीला के प्रसंगों पर चर्चा करते हुए कहा ध्रुव मात्र पांच वर्ष का था, जब माता सुंदती की गोद से वंचित होकर वह जंगल की गहराई में पहुँचा। उसके हृदय में केवल भगवान विष्णु के प्रति अटूट भक्ति थी। वर्षों की कठोर तपस्या से उसने नंदन वन को भी पीछे छोड़ दिया। अंततः भगवान विष्णु उसके समक्ष प्रकट हुए और कहा, ध्रुव, तेरी भक्ति अमर है। ध्रुव को ध्रुव तारा का वरदान मिला, जो आज भी आकाश में चमकता है, जो सिखाता है कि सच्ची भक्ति से कोई लक्ष्य असंभव नहीं। फिर असुर योद्धा हिरण्यकश्यप का जन्म हुआ। भगवान के भक्त पुत्र प्रह्लाद ने जन्म लेते ही नमो भगवते वासुदेवाय का जाप किया। प्रह्लाद की बाललीला हमें सिखाती है कि विषम परिस्थितियों में भी भक्ति की ज्योति कम न हो। ये प्रसंग हमें याद दिलाते हैं कि जीवन की क्षणभंगुरता में भगवान का स्मरण ही सच्चा मार्ग है। महेश चंद जी जैसे समाजसेवी ने भी यही भक्ति का जीवन जिया। आचार्य श्री ने तिवारी परिवार के पितामह स्व. भगवत दयाल तिवारी (शंकर महाकवि) द्वारा रचित श्री शिव चरितामृत महाकाव्य में वर्णित शिव चरित्र के उदाहरण पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इस ग्रंथ का प्रदोष काल में नित्य पाठ करने से शिवलोक की प्राप्ति होती है। कथा में सिद्ध पीठ निर्जन आश्रम के बाबा अजय, श्रीमती पुष्पा तिवारी, श्रीमती मुनेश तिवारी, श्रीया, आशीष तिवारी, कमला सिंह व रिंकू पांडेय सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष, आधा दर्जन लोग घायल



**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के हमीरपुर गांव में पुराने जमीनी विवाद ने फिर हिंसक रूप ले लिया। 8 नवंबर को पुलिस और राजस्व टीम की मौजूदगी में कब्जा मुक्त कराई गई जमीन पर एक पक्ष ने दोबारा कब्जा करने की कोशिश की तो दूसरा पक्ष भड़क उठा। दोनों पक्षों के बीच जमकर ईंट-पत्थर चले और लाठी-डंडों से मारपीट हुई। इस झड़प में दोनों तरफ से करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में कुछ को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। एक पक्ष का आरोप है कि कोर्ट में मामला चलने का हवाला देकर दूसरा पक्ष जबरन कब्जा करना चाहता था, जबकि हम कब्जा मुक्त कराई गई जमीन की रक्षा कर रहे थे। विवाद का पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो देखकर पुलिस ने संज्ञान लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल इलाके में तनाव बना हुआ है।

# पॉलिटेक्निक में नकलविहीन सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू

▸ दोनों पालियों में 208 परीक्षार्थी हुए सम्मिलित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के अनौगी स्थित महामाया राजकीय पॉलिटेक्निक में सेमेस्टर परीक्षाओं का शुरुआत शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन माहौल में हुआ। परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व अनुशासन की पुख्ता व्यवस्था देखने को मिली। पहली पाली प्रातः 9 से 12 बजे तक संचालित हुई, जिसमें कुल 128 नामांकित परीक्षार्थियों में से 124 छात्र- छात्राएं परीक्षा देने पहुँचे। वहीं दूसरी पाली सायं 2 से 5 बजे तक चली, जिसमें 86 में से 84 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 2 अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा केंद्र पर सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरों एवं लाइव स्ट्रीमिंग की व्यवस्था के माध्यम से परीक्षाओं की कड़ी निगरानी की जा रही है।

पूरा परीक्षा संचालन केंद्र अधीक्षक एवं प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. आर. एस. कमल की अध्यक्षता में संपन्न हो रहा है। इस दौरान केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में ललित कुमार, अवर अभियंता भूमि संरक्षण मौजूद रहे। सहायक केंद्र अधीक्षक के रूप में अंकित द्विवेदी एवं नीरज कुमार तथा आंतरिक उड़ाका दल में मारिया, सत्यम वर्मा एवं संजय कुमार ने परीक्षा की निगरानी की।

# जेल ले जाते समय होमगार्ड को धक्का देकर फरार हुआ बंदी

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

नाबालिग युवती को भगा ले जाने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को कोर्ट में पेशी के बाद जिला जेल भेजा जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में मौका पाकर आरोपी होमगार्ड को धक्का देकर फरार हो गया। सिपाही और होमगार्ड ने आरोपी का पीछा किया, लेकिन वह हाथ नहीं लगा। जानकारी के अनुसार ठठिया थाना क्षेत्र के जनखत गांव निवासी मोहित कुमार नाबालिग युवती को भगा ले जाने के आरोप में वांछित था। बीती रात करीब 9:30 बजे कोर्ट में रिमांड की कार्रवाई के बाद उसे जेल भेजा जा रहा था। जेल से कुछ दूरी पर सिपाही और होमगार्ड की मोटरसाइकिल का अचानक पंचर हो गया। मोटरसाइकिल खराब होने पर होमगार्ड आरोपी को पकड़कर खड़ा रहा, जबकि सिपाही पंचर हुई बाइक को पैदल खींचकर आगे बढ़ने लगा। इसी दौरान आरोपी मोहित ने होमगार्ड को बातचीत में उलझाकर मौका तलाशा और अचानक धक्का देकर वहां से फरार हो गया। सिपाही और होमगार्ड ने उसका पीछा किया, लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। सिपाही ने तुरंत घटना की सूचना चौकी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही देर रात तक जेल चौकी पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस फरार बंदी की तलाश में दबिश दे रही है। मामले में जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बताया कि जेल में बंदी दाखिल नही हुआ है, इसलिए फरार बंदी के बारे में मुझे कोई जानकारी नही है।

# पालिका जनसुनवाई में आयी तीन शिकायतों का मौके पर किया समाधान

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**




नगर पालिका में ईओ की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जिसमें भूमि विवाद, बिजली व आवास योजना से संबंधित चार शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

नगर पलिका ईओ सुशील कुमार की अध्यक्षता में नगर पालिका में सोमवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान बबलू ने भूमि विवाद से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। आलोक कुमार व महेश कुमार ने स्ट्रीट लाइट से संबंधित और एक अन्य ने आवास योजना से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। जिनमें बिजली और आवास योजना से संबंधित तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि भूमि विवाद से संबंधित शिकायत के निस्तारण के लिए अधीनस्थों को देकर उसके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश ईओ ने दिए हैं। ईओ ने बताया कि सोमवार को होने वाली जन सुनवाई में कोई भी व्यक्ति शिकायत दर्ज करा सकता है। पहला प्रयास होता है कि शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया जाए। यदि कोई समस्या आती है तो मौके पर जाकर तीन दिन में शिकायत का निस्तारण किया जाता है।

## दुर्घटना में मृत युवक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**जालौन (उरई)।** शादी के कार्ड बांटने भिंड जा रहे युवक की बाइक सड़क पर पड़ी गिट्टी पर फिसलने से युवक बगल में चल रहे ट्रक की चपेट में आ गया था। मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरापी ट्रक व उसके चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम कपूरे का पुरा निवासी विनोद कुमार का 30 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम सदूपुरा में अपने बहनोई उमाशंकर के पास रहता था। उमाशंकर के बेटे सोबरन की शादी आगामी 22 नवंबर को है। इसलिए वह रविवार की दोपहर करीब दो बजे शादी के कार्ड बांटने के लिए गांव के ही रणजीत (18) के साथ बाइक से भिंड जा रहा था। जब वह बाइक लेकर छत्रसाल स्कूल के पास पहुंचा। तभी फोरलेन सड़क पर पड़े गिट्टी के ढेर की गिट्टी पहियों के नीचे आने से वह बाइक समेत गिर गया और बगल में चल रहे डंपर की चपेट में आ गया और उसकी मृत्यु हो गई थी।

# आठ करोड़ रुपए हर वर्ष कर देनी वाली मंडी की सड़कें उखड़ी

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



कृषि उत्पादन मंडी समिति सरकार को प्रतिवर्ष लगभग आठ करोड़ रुपए कर के रुप में वसूली करके देती है। प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए देने वाली मंडी की सड़कें उखड़ी पड़ी है। उखड़ी सड़कें किसानों के साथ व्यापारियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। इसके बाद भी निर्माण तो दूर मरम्मत तक नही करायी जा रही है।

बंगरा मार्ग पर स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति प्रतिवर्ष मंडी शुल्क के रूप में लगभग 8 करोड़ रुपए वसूल करती है। सरकार को 8 करोड़ रुपए देनी वाली गल्ला मंडी की सड़क लम्बे समय से उखड़ी पड़ी है। उखड़ी पड़ी सड़कों से धूल उड़ रही है। इस समय मंडी में धान, ज्वार बाजरा की खरीद चल रही है। ऐसे में किसान अपने अपने वाहन लेकर बड़ी संख्या में मंडी पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही व्यापारियों द्वारा धान को खरीदने के बाद बाहर भेजने के लिए ट्रक लोड कर बाहर भेज रहे हैं। ट्रैक्टर व ट्रकों की लंबी कतारों के चलते मंडी में धूल की धुंध छाई रहती हैं। धूल के उठते गुबार के कारण मंडी में आने वाले किसानों, व्यापारियों व मंडी परिसर में संचालित इंडियन बैंक के उपभोक्ताओं को परेशानी होती है। इसके बाद भी उखड़ी सड़कों की न तो मरम्मत कराई गई है और न ही निर्माण कराया जा रहा है। उखड़ी पड़ी सड़कों की समस्या से जूझ रहे गल्ला व्यापार कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रेमदास गुप्ता भूरे मामा, महामंत्री गजेंद्र सिंह गुर्जर व कोषाध्यक्ष मोहन सिंह कुशवाहा की टीम ने व्यापारियों के साथ बैठक कर मंडी समिति के सभापति एसडीएम व मंडी सचिव से सड़क निर्माण कराने की मांग उठा चुके हैं। इसके बाद भी निर्माण नहीं हो सका है।

# महिला ने दो बेटियों के साथ किया अग्निस्नान, तीनों की मौत

▸ पति से वाद विवाद के बाद महिला ने उठाया आत्मघाती कदम

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दाड़ी निवासी घनश्याम के घर में अलसुबह घटित हादसा सामने आया जिसने पूरे इलाके को दहलाकर रख दिया। घर में देवर की शादी की तैयारियों के बीच 27 वर्षीय महिला ने अपनी दो मासूम बेटियों के साथ कमरे में बंद होकर आग लगाकर आत्मदाह कर लिया।

घटना में महिला और 7 वर्षीय बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 5 वर्षीय छोटी बेटी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसी के साथ शादी की खुशियां मातम में बदल गयी। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के परिजन कोंच अस्पताल में जा पहुंचे जहां काफी देर तक तीखी बहस होती रही। बताया जाता है कि डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम रामचंद्र ने अपनी बेटी आरती का विवाह 17 जून 2016 को दाड़ी निवासी घनश्याम के बेटे देवेंद्र के साथ किया था। घनश्याम के तीन बेटे जिसमें देवेंद्र पानीपूरी की सप्लाई करता है जबकि पवन व जितेंद्र यूपी पुलिस में दरोगा के पद पर कार्यरत है। घनश्याम के दो बेटों देवेंद्र व पवन की शादी हो चुकी थी। जबकि उनके तीसरे बेटे जितेंद्र जो यूपी पुलिस में दरोगा है उसकी शादी 18 नवंबर को थी जिसकी बारात रायबरेली जानी थी। घर के सभी परिजन विवाह की तैयारियों में जुटे हुये थे तभी सोमवार की अलसुबह आरती ने अपनी दोनों बेटियों पीहू व गौरा को अपने कमरे में बंद कर कैरोसिन डालकर आग लगा दी इसके थोड़ी देर बाद ही कमरे में चीख पुकार की आवाजें सुनकर ससुरालीजन भागकर आरती के कमरे के बाहर पहुंचे और दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो वह अंदर से बंद था। अचानक घटित घटना से परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया आनन फानन में घर वालों ने आरती के दरवाजे तो तोड़ा तो कमरे का मंजर देखकर हर कोई हतप्रद रह गया। आनन फानन में आग से जली आरती व उसकी दोनों बेटियों को कोंच अस्पताल ले आये जहां उपचार के दौरान आरती व उसकी एक बेटी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरी बेटी की उपचार के दौरान झांसी में मौत हो गयी। घटना के बाद मृतका के ससुरालीजनों का कहना था कि रविवार को हल्दी की रस्म हुई, जिसमें आरती सामान्य और खुश नजर आई।

किसी को अंदेशा नहीं था कि कुछ ही घंटों बाद ऐसा दर्दनाक कदम उठा लिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक रात करीब 11 बजे आरती और उसके पति देवेंद्र के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

# बिजुआ सहकारी समिति, बैंक गठजोड़ पर गंभीर आरोप, न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**बिजुआ, खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सहकारिता व्यवस्था के भरोसेमंद ढांचे पर बड़ा सवाल खड़ा करते हुए बिजुआ क्षेत्र में किसान सेवा सहकारी समिति और जिला सहकारी बैंक पर गंभीर धोखाधड़ी के आरोपों का मामला सामने आया है। ग्राम रामनगर कला के एक किसान ने खुलासा किया है कि खाद दिलाने के नाम पर उसे सदस्य बनाकर उसके दस्तावेजों का दुरुपयोग करते हुए लाखों रुपये का ऋण उसके नाम पर चढ़ा दिया गया, जिसकी जानकारी उसे तब मिली जब वह दोबारा समिति पहुंचा। किसान का आरोप है कि उसकी अनभिज्ञता का फायदा उठाकर समिति एवं बैंक कर्मियों ने न सिर्फ फर्जी दस्तावेज तैयार किए, बल्कि रकम की निकासी भी कर ली और मामला शांत रखने के लिए धमकी तक दी।

इस पूरे प्रकरण पर थाना, जिला स्तर और सहकारिता विभाग में शिकायत देने के बावजूद कार्रवाई न होने पर पीड़ित को आखिरकार न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। अदालत द्वारा दिए गए आदेश के बाद बिजुआ समिति और जिला सहकारी बैंक के कई कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया, जिसके बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। पीड़ित के अनुसार जनवरी 2024 में खाद प्राप्त करने के लिए समिति जाने पर कर्मचारियों ने आधार, खतौनी-खसरा और बैंक में खाता खुलवाने के नाम पर सदस्यता दिलाई। 5 फरवरी को जिला सहकारी बैंक में बचत खाता खुलवाया गया और अगले दिन समिति पहुंचने पर पता चला कि उसके नाम पर 2,50,000 रुपये भुगतान और 25,000 रुपये का चेक खाद के नाम पर चढ़ा दिया गया है। पीड़ित का दावा है कि सादे कागज़ पर अंगूठा लगवाकर और फोटो लेकर उसके नाम पर ऋण चढ़ाया गया तथा नकद केवल 20,000 रुपये देकर पासबुक और चेकबुक अपने कब्जे में रख ली गई।

# रकेहटी-मिर्जागंज मार्ग पर बिना जेई की मौजूदगी में हो रहा डामरीकरण

**निघासन, खीरी, समृद्धि न्यूज।**

रकेहटी-मिर्जागंज संपर्क मार्ग पर हो रहे डामरीकरण कार्य में गंभीर लापरवाही सामने आई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जेई सहित विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं था, इसके बावजूद कार्यदायी संस्था के कर्मचारी मनमाने ढंग से सड़क निर्माण कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कर्मचारियों ने सड़क की ठीक से सफाई किए बिना ही धूल-मिट्टी पर कच्चा तारकोल छिड़कना शुरू कर दिया और उसके तुरंत बाद सीधे बजरी बिछा दी। निर्माण मानकों की ऐसी खुली अनदेखी का असर यह हुआ कि गन्ना लदे भारी वाहन गुजरते ही नई सड़क का डामर जगह-जगह से उखड़ने लगा। ग्रामीणों ने बताया कि यदि इसी तरह घटिया निर्माण होता रहा तो सड़क कुछ ही दिनों में दोबारा खराब हो जाएगी। उन्होंने विभागीय अफसरों से संपूर्ण निर्माण कार्य की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग उठाई है। इस बीच, लापरवाही का वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि सड़क पर बिना किसी बेस लेयर तैयार किए और बिना सफाई किए ही डामरीकरण किया जा रहा है।

# अवैध खनन उफान पर, बालू माफिया सक्रिय

## खनन करने वालों के खुद के इकबाल ने खोली मिलीभगत की पोल

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी के निघासन तहसील क्षेत्र में अवैध बालू खनन एक बार फिर खुलेआम परवान चढ़ रहा है। नदी से बिना किसी वैध अनुमति के दिन-रात बालू उठाने का खेल इतना बेलगाम हो चुका है कि खुद ट्रैक्टर चालक ही स्वीकार कर रहे हैं कि खनन बिना परमिशन और प्रशासन की नजरों से बचाकर किया जा रहा है। इन बयानों ने तहसील प्रशासन, खनन विभाग और स्थानीय पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मांझा क्षेत्र में बालू लदे एक ट्रैक्टर को रोके जाने पर चालक खुलकर कहता मिला कि वह शरीफ नामक व्यक्ति का ट्रैक्टर लेकर नदी से बालू निकाल रहा है और इसके लिए कोई अनुमति नहीं है। चालक का साफ कहना था कि ÷एक-दो ट्रैक्टर ऐसे ही निकाल लेते हैं÷ और ट्रॉली 2000 रुपये तक में बाजार में बेच दी जाती है। उसके मुताबिक दो-तीन चालक मिलकर चार ट्रैक्टर तक एक साथ चलाते हैं ताकि काम तेजी से हो सके। मोतीपुर गांव की जौराहा नदी के कोलार घाट पर अल्लू पुर्वा निवासी रंजीत नामक चालक ने बताया कि वह बिना किसी अनुमति के बालू निकालकर पड़िया गांव ले जाता है और ट्रॉली 2000 रुपये में बेच देता है। उसके मुताबिक इस क्षेत्र से रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर बिना रोक-टोक नदी का सीना चीरकर निकलते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि रात में 10-15 और दिन में भी कई ट्रॉलियां नदी किनारे से निकल जाती हैं। मौके पर न खनन विभाग का अमला दिखाई देता है, न पुलिस की मौजूदगी। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय टीमों की चुप्पी और तहसील-स्तरीय अधिकारियों की ढिलाई ही इस नेटवर्क को मजबूती दे रही है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की तैनाती के बाद लोगों को सख्त कार्रवाई की उम्मीद थी। शुरुआती कार्रवाई के बाद अब हालात फिर पुराने ढर्रे पर लौटते दिख रहे हैं।

# जनपद के विभिन्न थानों में चलाया गया मिशन शक्ति अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत सोमवार को थाना राजेपुर में छात्र/छात्राओं को जागरुक किया गया तथा सरकारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में व सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

जानकारी के अनुसार नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 अभियान चलाया जा रहा है। इस जागरूकता अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मामलों, संबंधित कानूनों और सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कई महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर भी साझा किए। जिनमें 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1090 वुमेन पावर लाइन और 1076 सीएम हेल्पलाइन शामिल हैं। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे किसी भी संकट की स्थिति में बिना किसी झिझक के इन नंबरों का उपयोग करें। इस दौरान महिला सशक्तिकरण, आत्मरक्षा और अपराध रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। इसी क्रम में थाना नवाबगंज, थाना कम्पिल, कोतवाली मोहम्मदाबाद व थाना जहानगंज में मिशन शक्ति के तहत अभियान चलाकर छात्राओं/महिलाओं को जागरुक किया गया।



ग्रामीण महिलाओं को सुरक्षा के बावत जागरूक करती पुलिस



कम्पिल के एक विद्यालय में छात्राओं को जागरुक करती पुलिस

## पुलिस ने चोरी गयी बंदूक की तलाश तेज की

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



केले के खेत में तलाशी अभियान चलाते कोतवाली प्रभारी

बीते दिन चोरी की घटना के दौरान बंदूक चोरी हो गयी थी। जिसकी तलाश पुलिस ने तेज कर दी है।

जानकारी के अनुसार नगर से सटे गांव कलाखेल मऊरशीदाबाद निवासी शन्दू खां परिवार सहित अपनी भांजी की शादी में अमानाबाद कमालगंज गए हुए थे, तभी चोरों ने उनके घर से कमरों के ताले तोड़कर अलमारी में रखे आभूषण व नकदी चोरी कर लिये थे। चोर एक सिंगल बैरल लाइसेंसी बंदूक भी चुरा ले गये थे। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई थी। सोमवार को पुलिस ने बंदूक की तलाश तेज कर दी। प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी के नेतृत्व में एक टीम सोमवार सुबह से ही बागों, झाड़ियों और नर्सरी के किनारों पर छानबीन कर रही है। पुलिस को आशंका है कि चोर भागते समय बंदूक को पास की झाड़ियों में फेंक गए हो सकते हैं। प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया कि हर एंगल पर बारीकी से जांच की जा रही है।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि पुलिस टीमें मौके पर लगातार काम कर रही हैं और जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाजार करने बाइक से आ रहे युवक की बाइक में डीसीएम चालक ने टक्कर मार दी। जिससे तीन लोग घायल हो गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार जनपद शाहजहांपुर के मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव आजाद नगर निवासी इसरार ने जनपद शाहजहांपुर के मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव लुदार निवासी डीसीएम चालक अरविंद कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें कहा कि 11 नवंबर को वादी के पुत्र कमरुल बाइक से पीड़ित की मां सद्दन और पीड़ित की भाभी रवीना शमशाबाद जा रही थीं। ढाईघाट पुल के पास डीसीएम चालक ने टक्कर मार दी जिससे सभी घायल हो गए। जिनका उपचार प्राइवेट नर्सिंग होम पर चल रहा है। थाना अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया पीड़ित की तहरीर पर डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## आरोग्य मेले में 119 ग्रामीणों का परीक्षण कर दी गयीं दवायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद क्षेत्र में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।

जिसमें मरीजों ने पहुंचकर अपनी जांच करायी और दवायें प्राप्त कीं। इस दौरान करीब 119 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मेले में खांसी, जुकाम, बुखार के अलावा दाद, खाज और खुजली जैसी बीमारियों से ग्रस्त मरीज देखे गए। कुछ मरीजों में बुखार के गंभीर लक्षण भी पाए गए। जिसके लिए उन्हें आवश्यक उपचार और सलाह दी गई।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फैजबाग में चिकित्सक विपिन कुमार की देखरेख में मेले का आयोजन हुआ। यहां 59 मरीजों की जांच की गई। फार्मासिस्ट वीरेंद्र राजपूत ने मरीजों को जीवन रक्षक दवाइयां दीं। लैब टेक्नीशियन अलका ने 13 मरीजों की शुगर जांच की। एएनएम संगीता वर्मा ने महिलाओं को स्वास्थ्य और परिवार नियोजन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। चिकित्सक विपिन कुमार ने बदलते मौसम में साफ-सफाई रखने और खुद को बचाने के टिप्स दिए। इसी तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिलसरा में चिकित्सक नवनीत गुप्ता के नेतृत्व में मेला आयोजित हुआ। जहां 60 मरीज पहुंचे। ये सभी मरीज मुख्य रूप से खांसी, जुकाम और बुखार से पीड़ित थे। फार्मासिस्ट नरेंद्र राजपूत ने उन्हें दवाइयां प्रदान कीं। लैब टेक्नीशियन लोकेंद्र कुमार ने 15 मरीजों की शुगर जांच की, जबकि एएनएम अंजू शर्मा ने महिला मरीजों को स्वास्थ्य और परिवार नियोजन संबंधी आवश्यक जानकारी दी।



फैजबाग में लगे स्वास्थ्य मेले में दवायें लेते ग्रामीण

## हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल बाबा के दर्शन करने पहुंचे नीमकरोरी धाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने सोमवार को संकिसा स्थित बाबा नीमकरौरी धाम के दर्शन किए। इस दौरान उनके साथ परिवार के सदस्य के अलावा सांसद मुकेश राजपूत और कानपुर देहात के सांसद रमेश अवस्थी भी मौजूद रहे। वह जनपद के एक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने आये थे।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला दोपहर तीन बजे मंदिर परिसर पहुंचे। मंदिर के मुख्य द्वार पर पुजारियों ने उनका टीका लगाकर स्वागत किया। दर्शन के उपरांत पुजारियों ने उन्हें विश्राम कक्ष में चाय.नाश्ता भी कराया।राज्यपाल ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बाबा नीमकरौरी की तस्वीर का पूजन-अर्चन किया। उन्होंने लगभग 15 मिनट तक पूजा करने के बाद बाबा की आरती भी की। मंदिर के पुजारियों ने उन्हें दुपट्टा ओढ़ाकर बाबा की छवि और एक कंबल भेंट किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने बाबा नीमकरौरी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। उन्होंने एकांत में आध्यात्मिक चर्चा भी की। राज्यपाल के आगमन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। एसडीएम सदर रजनीकांत और सीओ मोहम्मदाबाद सुबह 10 बजे से ही मंदिर परिसर में मौजूद थे। कोतवाली मोहम्मदाबाद के इंस्पेक्टर विनोद कुमार शुक्ला ने मंदिर आने की सूचना मिलते ही श्रद्धालुओं को व्यवस्थित कर राज्यपाल के सुगम दर्शन सुनिश्चित कराए। फूड इंस्पेक्टर संजय सिंह को भी व्यवस्था में लगाया गया था।



नीम करोरी धाम में दर्शन करने जाते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला

# तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ता आंदोलित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील में बढ़ते भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी और अधिकारियों की मनमानी के विरोध में क्षुब्ध रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ता आंदोलित हो गए हैं। अधिवक्ताओं ने सोमवार को तहसील में व्याप्त अनियमितताओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता, वे न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे और न्यायालयों का पूर्ण बहिष्कार करेंगे।

एसडीएम अतुल सिंह द्वारा ज्ञापन न लेने और वहां से चले जाने पर अधिवक्ता आक्रोशित हो गये। उन्होंने घोषणा की कि वे इस संबंध में जिलाधिकारी से मिलेंगे और शासन को भी अवगत कराएंगे। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि तहसील में कथित दलालों को संरक्षण देकर राजस्व मामलों में अवैध वसूली की जा रही है। अधिवक्ताओं के अनुसार न्यायालय में केस लिस्ट जानबूझकर नहीं बनवाई जा रही है। बहस पूरी होने के बावजूद नियत तिथि पर आदेश जारी नहीं होते। केवल चिह्नित पत्रावलियों को ही सुनवाई में लिया जाता है। जिससे अन्य मामले अनिश्चितकाल तक लंबित रहते हैं। पुरानी पत्रावलियों को न्यायालय में प्रस्तुत न करना और पोर्टल पर प्रविष्टि न करना भी एक बड़ी समस्या है। अधिवक्ताओं ने खतौनी में दर्ज पूर्व आदेशों का लागू न होने, 40 वर्षों से असंक्रमणीय भूमिधर दर्ज किसानों को संक्रमणीय भूमिधर न बनाने और मृतक खातेदारों की वरासत दर्ज न करने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए। इसके अतिरिक्तए धारा 24 -मेडबंदी वाले मामलों में राजस्व संहिता के विपरीत कार्रवाई की जा रही है और निरीक्षकों द्वारा समय पर आख्या नहीं भेजी जाती। उन्होंने यह भी बताया कि भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित किए गए लेखपालों और कानूनगो को पुनः उसी क्षेत्र में तैनात कर दिया जाता है। बार एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि जब तक शासन स्तर से इन समस्याओं पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। आवश्यकता पड़ने पर अधिवक्ता धरना-प्रदर्शन और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भी जाएंगे। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष विश्वेश्वर दयाल यादव, सचिव अवनीश गंगवार, अनोखे लाल शाक्य, फहीम खाँ और रामदास वर्मा सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।



तहसील में विरोध जताते अधिवक्ता

## मारपीट व लूट के मामले में चार अभियुक्तों को सात-सात वर्ष का कारावास

- चारों आरोपियों को 11-11 हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दण्डित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष एंटी डकैती न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने मारपीट व लूट के मामले में हनीफ पुत्र मटरू, जाबिर पुत्र सिताव, मुशर्रफ पुत्र शहादत, मुशर्रफ उर्फ कारिया पुत्र मुनब्बर निवासीगण राजेपुर सरायमेंदा कमालगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात-सात वर्ष का कारावास व 11-11 हजार रुपए के अर्थदंड दंडित किया गया।

बीते 23 वर्षों पूर्व थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम राजेपुर सरायमेंदा निवासी जान मोहम्मद पुत्र बलीशेर ने उपरोक्त न्यायालय में याचिका दायर की थी। जिसमें बताया कि दिनांक 13 अगस्त 2002 दिन मंगलवार को मेरा भाई शेर मोहम्मद भैंस खरीदने के लिए गया था। मैं व मेरा भाई बाजार में भैंस देख रहा था। इसी बीच गांव के उपरोक्त आरोपी लाठी-डंडों से लैस होकर आ गये और जान से मारने की नियत से मारपीट की। जब मैं बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा, तो भाई अपनी जान बचाने के लिए भागकर एक पेड़ के पीछे छिप गया। जाते-जाते आरोपी मेरी जेब से 8200 रुपए निकाल ले गये। मैंने प्रार्थना पत्र थानाध्यक्ष कमालगंज को दिया। उन्होंने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया था और मुशर्रफ को आरोपी नहीं बनाया। लूट की घटना को शामिल नहीं किया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया। कार्यवाही न होने पर न्यायलय में याचिका दायर की। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अनुज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने हनीफ , जाबिर, मुशर्रफ, मुशर्रफ उर्फ कारिया को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात-सात वर्ष का कारावास व 11-11 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।





जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

## भैंस चोरों से दहशत, ग्रामीणों ने पुलिस पर लापरवाही का लगाया आरोप

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से भैंस चोरी की लगातार घटनाओं ने ग्रामीणों में दहशत फैला दी है। ग्रामीणों ने साफ आरोप लगाया है कि थाना पुलिस की लापरवाही और रात में गश्त न होने के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं। रोशनाबाद निवासी नरवेश कठेरिया की भैंस चोरी होने के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। वहीं असगरपुर निवासी राजेंद्र की भैंस को भी चोरों ने ले जाने की कोशिश की, लेकिन घर वालों के जाग जाने पर चोर भैंस छोड़कर भाग निकले। राजेंद्र ने किसी तरह अपनी भैंस को वापस पकड़कर घर लाया। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों घटनाओं की जानकारी तुरंत पुलिस को दे दी गई, लेकिन पुलिस मौके पर देरी से पहुंची। जिससे चोर आराम से फरार हो गए। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि थाना क्षेत्र में रात के समय गश्त नगण्य है। जिसके चलते चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## पालीटेक्निक की परीक्षाएं शुरु, स्टेटिक मजिस्ट्रेट रहे भ्रमणशील



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते स्टेटिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर मुख्य सचिव प्राविधिक शिक्षा विभाग लखनऊ के दिनांक 11.11.2025 के आदेश के क्रम में डिप्लोमा स्तरीय तकनीकी शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा सोमवार 17 नवंबर से शुरु हो गयीं। यह परीक्षायें 06 दिसंबर तक चलेंगी। उक्त परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं सुचारु रुप से सम्पन्न कराने के लिए राजकीय पालीटेक्निक, अनुदानित पालीटेक्निक, पी.पी.डी. मोड के अंतर्गत संचालित पालीटेक्निक सहित कुल 186 संस्थाओं को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उपरोक्त परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन सम्पन्न कराने के लिए संजय प्रताप खनन अधिकारी व अशोक कुमार यादव गन्ना विकास निरीक्षक कायमगंज को स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाया गया है। संजय प्रताप खनन अधिकारी को राजकीय पालीटेक्निक भोलेपुर फतेहगढ़ में तैनात किया गया है, जबकि अशोक कुमार यादव गन्ना विकास निरीक्षक कायमगंज को राजकीय पालीटेक्निक कायमगंज में तैनात किया गया है। उपरोक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर अपनी पैनी नजर रखते हुए भ्रमणशील रहकर शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न करायेंगे।

## पिता की डांट से क्षुब्ध पुत्र ने पिया कीटनाशक



सीएचसी में भर्ती युवक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव खेलतपुर सौरिया निवासी मंजेश माथुर उम्र 20 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार माथुर का विवाह 2 वर्ष पूर्व पिता ने ब्याज पर रुपए लेकर किया था। विवाह होने के बाद से ही मंजेश घर से निकलकर जाता और घूम फिरकर वापस घर लौट आता था। आज उसके पिता ने पुत्र को डांटते हुए कहा कि बेटा हमने तुम्हारी शादी के लिए जो पैसा दूसरे से उधार लिया है। इसलिए तुम काम करो हम दोनों मिलकर उनका पैसा लौटा देंगे। इसी बात पर मंजेश अपने पिता पर दौड़ पड़ा और कहा मेरा विवाह तुमने कराया है। अब तुम्हीं हमारा कर्जा भरोगे। हम कोई भी कमाई नहीं करेंगे। पिता ने पुत्र को डॉट दिया और घर से निकालने की धमकी दी। इसी बात पर गुस्साए पुत्र मंजेश ने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर पिता ने पुत्र को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया। जहाँ उसका उपचार जारी है।

# नगर पंचायत के भेदभाव से नागरिकों में रोष

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत नवाबगंज में उच्चाधिकारियों के आदेश पर दीपावली के त्यौहार पर नगर को सुंदर बनाने के लिए नगर में लगे प्रत्येक खम्बे पर तिरंगा एल0ई0डी0 लाइटें लगाई जानी थी।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत ने यह काम दीपावली तक करने के लिए किसी ठेकेदार को दिया था। ठेकेदार ने नगर पंचायत नवाबगंज के कहने पर नगरवासियों से भेदभाव करते हुए केवल नगर पंचायत कार्यालय से मोहल्ला सिरमौरा तक लाइटें लगाईं और नगर के मुख्य चौराहे से मोहम्मदाबाद मार्ग पर चेयरमैन का घर है उस तरफ लाइटें लगाई। बाकी पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में कही भी लाइटें अभी तक नहीं लगाईं। नगर में यह अफवाह है कि नगर पंचायत नगरवासियों से भेदभाव कर रही है।मोहम्मदाबाद मार्ग पर चेयरमैन का घर है और फर्रुखाबाद मार्ग पर उनका कार्यालय, इसीलिए दोनों तरफ सजावट के लिए तिरंगा लाइट लगाई गई है। बाकी क्षेत्र सुंदर दिखे या न दिखे किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। नगर पंचायत का भेदभाव हर रोज शाम को नगर के चौराहे से खड़े होकर देखा जा सकता है।

दीपावली त्यौहार को बीते हुए लगभग एक माह होने वाला है। फिर भी नगर के बचे हुए अन्य खम्बों पर सजावटी तिरंगा लाइट नहीं लगाई गई। नगर पंचायत नवाबगंज के इस भेदभाव को जनता क्या समझे।



मोहम्मदाबाद रोड पर खंबों पर लगी एलईडी लाइटें, लाइटविहीन फर्रुखाबाद रोड

# वन विभाग द्वारा भूमि की जुताई पर उग्र हुए छात्र, मुख्य मार्ग किया जाम

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडर्न इंटर कॉलेज के पास पड़ी भूमि का मामला

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव रोशनाबाद में सोमवार सुबह उस समय हंगामा हो गया, जब पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडर्न इंटर कॉलेज के पास स्थित 18 बीघा भूमि पर वन विभाग की टीम ने पौधरोपण हेतु जुताई शुरू कराई। जुताई की सूचना मिलते ही कॉलेज के छात्र मौके पर पहुंच गए और ट्रैक्टर चालक को रोककर खेत की जुताई का विरोध शुरू कर दिया।

करीब एक सैकड़ा छात्र शमशाबाद-फर्रुखाबाद मुख्य मार्ग पर उतर आए। जिससे मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और सड़क पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। छात्रों ने आरोप लगाया कि वन विभाग पौधारोपण के नाम पर हर बार मनमानी करता है। कागजों में पौधरोपण दिखाकर बजट खर्च कर देता है और जमीनी जांच नहीं होती। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व माध्यमिक विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मनोज गंगवार मौके पर पहुंचे। उन्होंने मॉडर्न इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रामदास से बातचीत की और छात्रों को शांत कर करीब आधे घंटे बाद सड़क खाली करवाकर उन्हें विद्यालय वापस भेजा। प्रधानाध्यापक मनोज गंगवार ने स्पष्ट किया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कुल 18 बीघा भूमि में से मात्र 6 बीघा पर नर्सरी तैयार की जाएगी। जबकि शेष 12 बीघा मैदान को छात्रों के खेलकूद के लिए समतल कर सुरक्षित रखा जाएगा। स्थिति सामान्य होने के बाद वन विभाग की टीम ने दोबारा जुताई शुरू कर दी। वन दरोगा राकेश तिवारी ने बताया कि पूरे प्रकरण की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है और निर्देशानुसार भूमि पर पौध तैयार करने का कार्य किया जाएगा।



जोती जा रही भूमि तथा सड़क पर उतरकर विरोध करते छात्र

## क्षेत्राधिकारी नगर ने किया कादरीगेट थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

- अमृतपुर सीओ ने किया थाना कमालगंज का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस उपाधीक्षक सर्किल नगर ऐश्वर्या उपाध्याय द्वारा थाना कादरीगेट का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, मिशन शक्ति केन्द्र, सीसीटीएनएस कार्यालय, हवालात, मैस, बैरकों आदि का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा थाना क्षेत्र में पड़ने वाले एच.एस.ए सक्रिय अपराधी, टॉप 10 अपराधियों के बारे में जानकारी कर थाना क्षेत्र के अधिकारी/कर्मचारीगण को बीट प्रणाली, शस्त्र का भौतिक सत्यापन व यातायात एवं वर्तमान में चल रहे सभी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके अलावा पुलिस उपाधीक्षक सर्किल अमृतपुर द्वारा थाना कमालगंज का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, मिशन शक्ति केन्द्र, सीसीटीएनएस कार्यालय, हवालात, मैस, बैरकों आदि का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा थाना क्षेत्र में पड़ने वाले एच0एस0ए सक्रिय अपराधी, टॉप 10 अपराधियों के बारे में जानकारी कर थाना क्षेत्र के अधिकारी/कर्मचारीगण को बीट प्रणाली, शस्त्र का भौतिक सत्यापन व यातायात एवं वर्तमान में चल रहे सभी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।



कादरीगेट थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण करती सीओ सिटी

## दंपति को पीटने में एक नामजद सहित दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव कोला निवासी अंकित कुमार की पत्नी मांडवी ने गांव के ही संतोष पुत्र सोवरन व दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध मारपीट गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 14 नवम्बर रात 7:30 बजे मैं व मेरे पति अंकित दवा लेने जा रहे थे। उसी समय उक्त आरोपितों ने रास्ते में वेदराम की समर के पास रोड पर रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर उक्त आरोपित मेरे व मेरे पति के साथ लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। शोरगुल सुनकर मौके पर कुछ लोग आ ही रहे थे कि तभी उक्त आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए।

# पटेल जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गई यूनिटी मार्च पदयात्रा

**सदर विधायक ने दिखवायी हरी झण्डी, एनसीसी व स्काउट गाइड ने लिया भाग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरदार पटेल की जयंती से आयोजित हुए कार्यक्रमों के तहत सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी मंडलों की एकत्रित यूनिटी मार्च पदयात्रा निकाली गई। पटेल पार्क स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके यूनिटी मार्च चौक होते हुए स्वराज कुटीर पर संपन्न हुई, जहां पर आयोजित जनसभा में मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता ने कार्यकर्ताओं एवं स्कूली बच्चों को संबोधित किया एवं सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने का आवाह्न किया। सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने पदयात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद मुकेश राजपूत एवं जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। भाजपा कार्यकर्ताओं,स्काउट गाइड बच्चों एवं स्कूली बच्चों ने पदयात्रा में भाग लेकर पैदल मार्च करते हुए सरदार पटेल अमर रहे के नारे लगाए। देवेंद्र देव गुप्ता ने कहा देश के प्रथम लौह पुरुष की जयंती के डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण हुए हैं, भाजपा द्वारा लौह पुरुष की जयंती को उत्साह और उमंग के साथ एक उत्सव के रूप में मनाने का कार्य किया जा रहा है।

सरदार पटेल को जो सम्मान पिछली कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की सरकारों द्वारा मिलना चाहिए था वह सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार ने देने का कार्य किया, ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से सरदार पटेल के संघर्षशील जीवन के बारे में वर्तमान पीढ़ी को जानकारी पहुंचाई जा रही है। अगर सरदार पटेल इस देश के प्रथम प्रधानमंत्री होते हैं तो इस देश की तस्वीर दूसरी होती देश की अखंडता के लिए उन्होंने अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति और कौशल का प्रदर्शन करते हुए भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा सरदार पटेल की जन्म जयंती को एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है, हर विधानसभा क्षेत्र में यह यात्रा आयोजित की जा रही है। जिसमें कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लिए हुए इस महापुरुष के सम्मान में एकत्रित हो रहे हैं। रियासतों की एकीकरण में पटेल की भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता।

इस अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत, सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, भास्कर दत्त द्विवेदी, डॉ. भूदेव सिंह राजपूत, विमल कटियार, डीएस राठौर, रूपेश गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, सुनील रावत, लव कनौजिया, शिवम वर्मा, प्रदीप सक्सेना, संजीव गुप्ता, राहुल राजपूत, शिवम मिश्रा, विकास पांडे, अभिषेक बाथम, अमन कटियार, रमला राठौर, वीर बहादुर पाल, राजकुमार वर्मा, संतोष राजपूत, बबीता पाठक, हेमलता मिश्रा, चमन शुक्ला, अंकित गुप्ता, धीरेन्द्र वर्मा, अतुल शंकर दुबे, चित्रा अग्निहोत्री, डॉ. उदय प्रताप सिंह, अभिषेक त्रिवेदी, संजय गर्ग, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे। संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने किया। रैली में जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह, शिखर रस्तोगी व एनसीसी कैडेट्स, स्काउट गाइड की छात्रायें, शिक्षक आदि शामिल हुए।


झण्डी दिखाते सदर विधायक


भाग लेती छात्रायें

## रामदर्शनी इंटर कालेज में कैरियर मेला सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रामदर्शनी राजकीय इंटर कालेज भटासा कायमगंज में कैरियर मेले का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह रहे। उन्होंने कहा कि कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा के बारे में छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न विषयों की तैयारी के बारे में रुचि रखने वाले विषय की प्राथमिकता की तैयारी कैसे करें, जिसको विस्तार से बताया। भारतीय पाठशाला इंटर कालेज के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि टाइम मैनेजमेंट, लक्ष्य निर्धारित करते हुए विभिन्न सेवाओं में जाने हेतु आगे बढ़े। डॉ. शैलेश काला सीएचसी नवाबगंज ने कहा कि कठिन विषयों को प्राथमिकता से पढ़े, तथा सरल विषयों को भी साथ में पढ़े। भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित आदि विषयों के सूत्रों के साथ उनके टिप्स बताये।

कार्यक्रम में रुपकिशोर चतुर्वेदी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. ओमपाल सिंह ने भी विचार व्यक्त किये। संस्था के प्रधानाचार्य डॉ. महेश चन्द्र राजपूत ने सभी अतिथियों को माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक अपर्ण दुबे ने भी विचार व्यक्त किये।

इस मौके पर डॉ. श्याम किशोर, विजय कुमार, संजय कुमार, रेखा गंगवार, गीतांजली गंगवार, सचिन गंगवार, रेनू गंगवार, संकल्प सैनी, कंचन कुमार पाल, लिटिल गंगवार आदि लोग मौजूद रहे। संचालन सुभाष चन्द्र शर्मा ने किया। धन्यवाद महेश चन्द्र राजपूत ने ज्ञापित किया।


अतिथियों को स्वागत करते महेश चन्द्र राजपूत

## प्रदीप यादव बने पंजा लड़ाओ प्रतियोगिता के विजेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज विधानसभा के कपिल क्षेत्र स्थित 11 मंजिल मंदिर के पास पंजा लड़ाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजक सपा नेता विवेक मिश्रा रहे। मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव व डॉ. नवल किशोर शाक्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विभिन्न वजन कैटेगरी के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार प्रदीप यादव, द्वितीय पुरस्कार रूप यादव, तृतीय पुरस्कार अजय यादव को मिला। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी में अपार ऊर्जा और क्षमता है। आप इस ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस अवसर पर सपा नेता रामशरण कठेरिया, अखिल कठेरिया, रामपाल सिंह यादव, शिवम यादव उपस्थित रहे।


पंजा लड़ाते जिलाध्यक्ष

## नाली के पानी के निकास की समस्या से निजात दिलाने की मांग


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम मानिकपुर कटिन्ना के ग्रामीणों ने नाली के पानी से जल भराव के कारण बीमारी फैलने को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि गांव के प्रदीप कुमार दीक्षित आदि का नाली के गंदे पानी कहीं भी निकास नहीं है।

जल भराव होने के कारण समस्या बनी है। जल भराव होने से गंभीर बीमारियां फैलने की आशंका है। समस्त ग्रामवासी ने ग्राम प्रधान अनीता यादव से कई बार समस्या का समाधान करने की बात कही और उन्होंने मना कर दिया।

ग्राम प्रधान शांत बैठे है, समस्या न होने से नाली का गंदा पानी भरा रहता है और दुर्गंध आती है। बीमारियां फैलने की आशंका है। बच्चे व राहगीर पानी में घुसकर निकलने को मजबूर है। गांव के समीप ग्रामसभा के नाम जमीन है, जिस पर दबंग अवैध रुप से कब्जा किये है। ऐसे में समस्या का समाधान किया जाये, जिससे नाली का गंदा पानी निकल सके। गांव कटिन्ना मानिकपुर के इंद्रेश कुमार, अनिल कुमार, सुमित कुमार, संजीव कुमार, उदय प्रताप, अभिनय कुमार, रमेश चन्द्र, सुमित कुमार, अतीक, सुनील, रामदास, दुर्गेश, विकास, विक्रम सिंह, रामविलास, दयाराम, रामचरन, रामरत्न, शैलेन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### नौकरी पाने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जरूरी : डीआईओएस



**छिबरामऊ, कन्नौज।** राजकीय रमाबाई बालिका विद्यालय में आयोजित करियर गाइडेंस गोष्ठी में मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) पप्पू सरोज ने कहा कि दसवीं व बारहवीं के बाद नौकरी पाने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जरूरी है। उन्होंने यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, पुलिस व अन्य सरकारी नौकरियों के बारे में विस्तार से बताया तथा समय प्रबंधन व लगातार मेहनत पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि जिला पूर्ति अधिकारी कुलदीप यादव ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि बेटियाँ किसी से कम नहीं हैं, मेहनत से वे हर क्षेत्र में सफल हो सकती हैं। उन्होंने अपनी सफलता की कहानी भी साझा की। प्रधानाचार्या संगीता यादव ने अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में शिक्षिकाएँ व बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने चार घंटे में बरामद किए तीन गुमशुदा बच्चे

**छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर बनवारी निवासी देवेन्द्र सिंह ने 16 नवम्बर की शाम थाने में तहरीर दी कि उनकी तीन संतानें काजल (13), रमन उर्फ अनूप (11) तथा सहजल (9) घर से लापता हो गए। पिता रामवृक्ष से पूछताछ करने पर भी बच्चे नहीं मिले। तहरीर पर तत्काल मुकदमा पंजीकृत किया गया। थानाध्यक्ष विष्णुकान्त तिवारी के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने महज 4 घंटे में गहन सर्चिंग कर तीनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया। बच्चों को परिजनों से मिलवाया गया तथा नियमानुसार आगे की विधिक कार्यवाही की गई। बरामदगी टीम में उपनिरीक्षक नीरज शर्मा, महिला उपनिरीक्षक अंकिता तिवारी, हेडकांस्टेबल सुखवीर सिंह, कांस्टेबल नीरज कुमार, संजीव कुमार एवं नेहा रघुवंशी आदि शामिल रहे।

### आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर 18 नवम्बर मंगलवार को रोजगार/अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन होगा। जिसमें चार कम्पनियां भाग लेगी। 350 रिक्तियों के सापेक्ष साक्षात्कार अभ्यार्थियों के लिए जायेंगे। इच्छुक अभ्यार्थी अपने बायोडाटा के साथ विद्यालय में प्रातः 10 बजे उपस्थित हो। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

## एक्सप्रेस-वे के लिए अधिग्रहण की गई भूमि की सही कीमत दिये जाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**किसानों ने सौंपा ज्ञापन**

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सत्यराम राजपूत के नेतृत्व में जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन गंगा लिंक एक्सप्रेस-वे हेतु भूमि अधिग्रहण के संबंध में संबंधित अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि नगर पंचायत खिमसेपुर के नगला बाग राठौरा, सलेमपुर, सिकंदरपुर के मूल निवासी है। सूचना मिली है कि गंगा लिंक एक्सप्रेस-वे गांव से होकर गुजर रहा है। इससे पूर्व लिंक एक्सप्रेस का सर्वे गांव से काफी दूर चला गया था, अचानक रूट बदलकर गांव के बीच से कर दिया गया है। जो की प्रार्थियों की जीविका का प्रमुख साधन है। यहां भूमि की कीमत बाजारू 12 से 15 लाख रुपये प्रति बीघा है। गंगा लिंक एक्सप्रेस-वे के निकलने से कई किसान भूमिहीन हो जायेंगे। लिंक एक्सप्रेसे-वे की डीपी पूर्व से जहां पर बनी थी, उसी स्थान पर लिंक एक्सप्रेस-वे बनाया जाये। नगर पंचायत खिमसेपुर से सटी नगर पंचायत मोहम्मदाबाद है। नगर पंचायत खिमसेपुर व मोहम्मदाबाद की दूरी चार किलो मीटर है। मोहम्मदाबाद की कृषि योग्य भूमि का सर्किल रेट 20 लाख रुपया है। ऐसे में प्रार्थियों की समस्या समझकर सर्किल रेट मोहम्मदाबाद के समकक्ष किया जाये, जिससे किसान की भूमि अधिग्रहण होने पर मुआवजा होने से दूसरी जगह जमीन खरीद सकें, जिससे वह जीविका का साधन बना सके।

इस मौके पर सत्यराम राजपूत, विवेक दीक्षित, अरुण, धीरेन्द्र कुमार, प्रदीप, अशोक अग्निहोत्री, सुबोध दुबे, धर्मेन्द्र कुमार, उदयवीर सिंह, नीतेश कुमार, अशोक कुमार, रवि कुमार, सतेन्द्र, रामदेव, नितिन अग्निहोत्री, रामपाल सिंह, रतिराम, प्रभाकांत मिश्रा, मनोज सिंह, शैलेन्द्र प्रताप, वीर सिंह, अरविन्द दीक्षित, पंकज दीक्षित, रजनी तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।


ज्ञापन सौंपते किसान नेता

## अवैध खनन करने पर जेसीबी डंपर व ट्रैक्टर सीज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर में अवैध खनन की गोपनीय सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष भागमल व खनन विभाग ने कार्रवाई करते हुए जेसीबी, डंपर और ट्रैक्टर को सीज कर दिया है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि रविवार और सोमवार की देर रात्रि में प्राप्त सूचना पर उन्होंने खनन विभाग को तत्काल सूचित किया तथा खनन इंस्पेक्टर संदेश कुमार पटेल के साथ मौके पर पहुंचकर एक जेसीबी एक डंपर तथा एक ट्रैक्टर को अवैध रूप से मिट्टी खनन करते रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने तीनों वाहनों को जब्त कर विशुनगढ़ थाने लाकर विधिवत सीज कर दिया। अवैध खनन के खिलाफ की गई यह सख्त कार्रवाई क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## महिला उत्पीड़न रोकथाम के लिए जनसुनवाई कल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया महिलाओं के खिलाफ बढ़ते उत्पीड़न की रोकथाम और पीड़िताओं को त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती पुष्पा पांडेय 19 नवंबर को सुबह 10:30 बजे तहसील सभागार कक्ष में महिला जनसुनवाई का आयोजन करेंगी। इस जनसुनवाई में जिले की महिलाएं अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगी, जिससे उत्पीड़न के मामलों में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित होगी। अधिकारी ने महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है, ताकि समाज में लैंगिक समानता और सुरक्षा को मजबूत किया जा सके।

## एएसपी ने कार्यालय के बाहर आकर सुनी दिव्यांग की समस्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को जन सुनवाई के दौरान कई फरियादी अपनी-अपनी शिकायतें लेकर अपर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पर पहुंचे। इसमें कई विकलांग भी शामिल थे। जब अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय कुमार सिंह ने कार्यालय के बाहर दिव्यांगों को देखा, तो वह खुद बाहर आ गये और दिव्यांगों से ज्ञापन लेकर उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुना। उनकी समस्या को सुनकर त्वरित समाधान हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं हो सका, उनका निस्तारण करने के लिए संबंधित को दिशा निर्देश दिये गये हैं।


दिव्यांग की समस्या सुनते अपर पुलिस अधीक्षक

## नारी सुरक्षा सम्मान के प्रति बालिकाओं को किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मिशन शक्ति अभियान 5.0 जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम विकास खण्ड राजेपुर में गंगा पार महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में किया गया जिसमें बालिकाओं को जागरूक कर नारी शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन के बारे में अवगत कराया गया। जेंडर स्पेशलिस्ट निर्मला राजपूत ने सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिसमें 7 ऐसे स्पॉन्सरशिप योजना के तहत पात्र लाभार्थी चिन्हित किए गए एवं बालक बालिकाओं को पंपलेट वितरण किए गए। इस दौरान वन स्टाफ सेंटर से सेंटर मैनेजर पूजा पाल ने वन स्टाफ सेंटर के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकगण मौजूद रहे। जिन बच्चों के माता-पिता नहीं है उन्हें स्पॉन्सरशिप योजना के तहत दो हजार रुपये की सहायता के लिए छात्राओं को चिन्हित किया गया। जिसमें कामिनी, नैंसी, शिवानी, मुस्कान, चांदनी, आरोही, अनुष्का, शिल्पी, शिवानी, गरिमा, शिखा व छात्र रमित को चयनित किया गया।


जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

## हिन्दू नेताओं ने की मेला श्रीराम नगरिया में गैर सनातनी को दुकान न देने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति ने मेला श्रीराम नगरिया में किसी भी गैर सनातनी को दुकान न दिये जाने को संबंध में जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन संबंधित अधिकारी को सौंपा।

जिसमें कहा कि हिन्दू समाज की आस्था का केंद्र श्रीराम नगरिया मेला है। जिसमें समूचे भारत से संत, धर्मानुरागी ग्रहस्थ दंपति आकर पूर्ण भक्ति भाव से मां सुरसरि के सानिध्य में भजन कीर्तन करते हैं। परंतु मेला में विधर्मियों को दुकान आवंटित होने के कारण विगत कई वर्षो से उपद्रव एवं अराजकता का षड्यंत्र होता ही है। पिछले साल गंभीर अग्निकांड हुआ, जिसमें बहुत से लोगों की जाने चली गई थी। दुकान के माध्यम से भी विधर्मी गिद्ध दृष्टि से लव जिहाद जैसी घटनाओं की योजनाएं करते हैं। विश्व हिन्दू परिषद ने किसी गैर सनातनी को मेला श्रीराम नगरिया में दुकान आवंटित न की जाये और मेला स्वच्छ सानन्दित रह सके। इस अवसर पर जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद अखिलेश मिश्रा, विभाग संयोजक अभिषेक, जिलाध्यक्ष मुकेश, जिला सहसंयोजक बजरंग दल, रोहन मिश्रा, उपासना, अनुज, जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी विधि सिंह, नगर मंत्री सिद्धार्थ सिंह, प्रखंड संयोजक अभय, प्रखंड संयोजक नयन, आर्यन मिश्रा, आकाश प्रजापति, संयोजक अंकित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

## सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

रविवार की रात एक सूने घर को निशाना बनाते हुए चोर घर के ताले तोड़कर अंदर घुस गए और लाखों के जेवरात सहित नागदी चोरी करके फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। नगर के पास सराय गूजरमल निवासी उदित राठौर पुत्र संजीव राठौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार 16 नवंबर की शाम वह अपने पूरे परिवार के साथ रिश्तेदारी में एक कार्यक्रम में गया था। घर खाली होने के कारण मुख्य गेट पर ताला लगा दिया था। इसी का फायदा उठाते हुए रात के समय अज्ञात चोरों ने गेट का ताला तोड़ दिया, दीवार पर लगी खिड़की के शीशे फोड़कर अंदर घुसे और कमरे का सामान खंगाल डाला। चोर सोने की एक चेन, चार अंगूठी, एक मांग पेटी, एक जोड़ी झुमकी, चांदी की करधनी, 20 चांदी के सिक्के, एक चम्मच-कटोरी सहित घर में रखे एक लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए। सोमवार सुबह जब परिवार वापस लौटा तो चोरी का पता चला। पीड़ित उदित राठौर ने तुरंत कोतवाली पहुँचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत की है। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर छानबीन शुरू कर दी है।

## दुधवा में सैलानियों को दिखे बाघ, रोमांचित पर्यटकों ने शेयर की तस्वीरें

**बिजुआ खीरी।** दुधवा नेशनल पार्क में पर्यटन सत्र शुरू होते ही जंगल सफारी का रोमांच चरम पर है। बीते कुछ दिनों से प्रतिदिन बाघों की मौजूदगी देखने को मिल रही है, जिससे देश-विदेश से पहुंचे सैलानियों में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। दुधवा और किशनपुर दोनों रेंज में लगातार बाघ दिखाई दे रहे हैं, और पर्यटक इस दुर्लभ अनुभव को भरपूर कैमरों में कैद कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार सोमवार सुबह दुधवा टाइगर रिजर्व की सफारी पर निकले पर्यटकों की जिप्सी उस समय ठहर गई जब सड़क पर एक साथ तीन बाघ टहलते हुए दिखाई दिए। करीब दो मिनट तक बाघ सड़क पर ही डटे रहे और पर्यटक सांस थामकर इस दृश्य को निहारते रहे। कैमरों की क्लिक-क्लिक के बीच बाघों के जंगल की ओर जाने के बाद सैलानियों ने आगे सफर शुरू किया। सैलानियों ने बताया कि बाघों को इतने करीब से देखना जीवन का अनोखा अनुभव है और रोमांच व उत्साह से भर देने वाला क्षण था।


**कार्यालय ग्राम पंचायत झिझुकी वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2025-26 दिनांक 17/11/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत झिझुकी विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 18/11/2025 से 24/11/2025 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 24/11/2025 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 18/11/2025 से 24/11/2025 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | सूरज के घर से मिन्टू कठेरिया के घर तक खण्ड़जा व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.42 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-प्रतिमा सिंह ग्राम पंचायत झिझुकी वि0ख0 कमालगंज सचिव- अंजली प्रजापति

